बैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 6 मई 2024
वर्ष-2, अंक-268, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता 17

24 को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी 18







# राममय हुई अयोध्या, रोड शो से निकला बड़ा संदेश

## पीएम मोदी ने किया रामलला को साष्टांग प्रणाम, उतारी आरती, रोड-शो में उमड़ा जन सैलाब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या एक बार फिर राममय हो गई। पीएम मोदी रविवार को यहां थे। उन्होंने राम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया, आरती उतारी और परिक्रमा की। साष्टांग प्रणाम किया। दो किमी. के रोड-शो के जरिए अयोध्या के साथ ही देश को बड़ा संदेश देने की कोशिश की।

पीएम का अयोध्या दौरा ऐसे समय पर हुआ जब चुनाव चरम पर है। मोदी अपने इस दौरे से अयोध्या को चुनाव में फलक पर लाने में कामयाब रहे। लगभग सवा दो घंटे के अपने इस दौरे के जरिए उन्होंने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के साथ पूरे देश को संदेश दे दिया। पीएम मोदी शाम को 6:55 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। यहां भाजपा के नेताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से वह सड़क मार्ग से सीधे श्रीराम मंदिर के वीवीआईपी गेट नंबर 11 से मुख्य मंदिर तक पहुंचे। यहां श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा सहित पुजारियों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मंदिर में लगभग 15 मिनट रहे। मंदिर से निकले तो वाहन से राम मंदिर के बाहरी गेट पर पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीले रंग की शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। सांसद व फैजाबाद लोकसभा



अयोध्या में रामपथ पर रोड शो के दौरान मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह। ● प्रशांत शेखर

क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान, रामचंदर यादव, महापौर गरीशपति त्रिपाठी सहित प्रदेश के नेताओं, मंत्रियों, पदाधिकारियों ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने कतारबद्ध भाजपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार किया। सुग्रीव किला के पास से विशेष रथ पर सवार होकर लगभग 8 बजे घंटे-घड़ियाल की धुन और मोदी-मोदी के नारे बीच रोड-शो के लिए रामपथ पर उतरे। इस पर मुख्यमंत्री योगी के साथ सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह सवार थे। सभी ने मुस्कराते हुए कमल के फूल के प्रतीक को लहराया। रोड शो शुरू किया। लगभग दो किमी. लंबे रोड शो में आगे-आगे भाजपा झंडे की पोशाक में महिला विंग की महिलाएं चल रही थी। पीछे मोदी का रथ था।

लगभग एक घंटे में दो किमी. के रोड शो का दृश्य अद्भुत था। राम पथ की एक लेन और घरों की छत तक केवल भाजपा के झंडे लहरा रहे थे। पूरा रामपथ भाजपा और राम मय दिखाई पड़ रहा था। मुखौटे से टोपी और शाही टोपी, हाथ में कट आउट और जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। भले ही चुनाव का निशान मोदी के हाथ था, लेकिन नारे राम लला और मोदी के गूंज रहे थे। अयोध्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। रोड-शो के दौरान आस्था और राजनीति का माहौल चरम पर रहा। लगभग 9 बजे उन्होंने लता चौक पर रोड शो समाप्त किया। वहां मौजूद भाजपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार करने के बाद एयरपोर्ट के लिए निकल गए। बताया गया है कि वहां से वह उड़ीसा के भुवनेश्वर के लिए रवाना हुए।

## सीआईएससीई बोर्ड के आज आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार 6 मई को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुबह 11 बजे घोषित करेगा। यह जानकारी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने रविवार को दी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे।

बोर्ड ने इस सत्र से 10 वीं और 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा बंद करने का भी निर्णय लिया है। इमैनुएल ने कहा कि जो अभ्यर्थी परीक्षा के एक ही वर्ष में अपने अंक या ग्रेड में सुधार करना चाहते हैं, वे अधिकतम दो विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं।अंक सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी।

## ईडी ने मांगी यूट्यूबर एल्विश की संपत्तियों की जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोन के अधिकारियों ने यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने एल्विश के बैंक खातों का ब्योरा, वाहनों एवं अन्य संपत्तियों की जानकारी मांगी है। यादव के खिलाफ लखनऊ जोन में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बताते चलें कि भाजपा नेता मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनीमल्स की ओर से रेव पार्टियों एवं अन्य स्थानों पर सांपों के जहर की सप्लाई करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद नोएडा की सेक्टर-49 पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बीती 17 मार्च को एल्विश यादव को भी जेल भेजा गया था। ईडी लखनऊ जोन में मामला दर्ज होने के बाद अब यहां से भी एल्विश पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

## देहरादून में इस्कॉन के वरिष्ठ संन्यासी गोपाल कृष्ण गोस्वामी का निधन

**देहरादून।** इस्कॉन के वरिष्ठ सन्यासी और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का रविवार सुबह उपचार के दौरान, उत्तराखंड के देहरादून स्थित एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया। गोस्वामी ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। सूत्रों ने बताया कि गोपाल महाराज दो मई को डोईवाला अंतर्गत, दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके पसलियों में फ्रेक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था जहां रविवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर वृंदावन ले जाया जाएगा।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी

बेंगलुरु, एजेंसी

**सेक्स स्कैंडल मामला**
- कर्नाटक के गृहमंत्री परमेश्वर ने दी जानकारी
- रेवन्ना को भारत लाने को इंटरपोल की मदद

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि अनेक महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है और हासन लोकसभा सीट से राजग के उम्मीदवार को भारत लाने के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है। किसी अपराध के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय द्वारा किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अपने सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

मंत्री ने कहा कि 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) इस बात पर फैसला करेगा कि प्रज्ज्वल को कैसे वापस लाया जाए। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पहले ही ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। इंटरपोल सभी देशों को सूचित करेगा और उनका पता लगाएगा।

## दुष्कर्म पीड़िताओं को आर्थिक मदद देगी सरकार

**बेलगावी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जद (एस) नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकार बनाई गईं महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मांग की थी कि आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सैकड़ों की संख्या में दुष्कर्म पीड़िताओं को वित्तीय सहायता की घोषणा की है।



हमारे फर्स्ट वोटर

### अपनी पसंद का सांसद चुनने का मिला मौका



मुझे बेहद खुशी है कि मुझे भी मतदान करने का अधिकार मिल गया। अपनी पसंद का सांसद चुनने का मुझे भी पहली बार मौका मिला है। सोच समझ कर वोट डालूंगी। मेरी सभी वोटरों से अपील भी है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, क्योंकि एक-एक वोट कीमती है। मोहल्ले में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित भी कर रही हूँ। – **कामिनी साहू, छात्रा, बरई का पुरवा अबनपुर सरोहा**

### इस बार मिला पहला वोट देने का अधिकार



खुशी इस बात की है कि मुझे भी अब वोट देने का अधिकार मिल गया है। अपनी पसंद का सांसद चुनने के साथ-साथ सरकार बनाने में मेरा भी योगदान रहेगा। मेरी कोशिश रहेगी कि 20 मई को सबसे पहले बूथ पर पहुंचकर मैं पहला वोट डालूं। मतदान के बाद ही कोई दूसरा काम करूंगा। सभी साथियों से भी अपील है कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। –**आदर्श पटेल, छात्र चिरैंधापुर पलिया रिसाली**

# चांदी की थाली से की आरती मिला तुलसी दल का प्रसाद

## राम मंदिर में 15 मिनट पहले से ही श्रद्धालुओं का दर्शन रोका गया

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** पीएम मोदी ने राम मंदिर में उत्तर दिशा से मंदिर के गुड मंडप में प्रवेश किया। हाथ जोड़कर मंत्र उच्चारण करते गुलाब के पुष्प से सजी चांदी की थाली से राम लला की आरती उतारी। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने पीएम को तुलसी दल का प्रसाद अर्पित किया।

पीएम मोदी ने गर्भगृह के ठीक सामने 30 फीट की दूरी पर खड़े होकर आरती उतारी। मुख्य पुजारी के साथ सहायक पुजारी प्रेमचंद त्रिपाठी भी गर्भगृह में मौजूद रहे। चार अन्य पुजारी गुड मंडप में मौजूद रहे। श्रीराम स्तुति का मंत्र उच्चारण किया।



रामलला की आरती उतारते प्रधानमंत्री मोदी। अमृत विचार

### 15 मिनट पहले रोका गया श्रद्धालुओं का दर्शन

पीएम मोदी के आगमन को लेकर राम मंदिर में 15 मिनट पहले से ही श्रद्धालुओं का दर्शन रोक दिया गया। इस दौरान राम मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु प्रधानमंत्री आने की प्रतीक्षा करते रहे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालु दर्शन कर रहे थे। प्रधानमंत्री के आते ही सभी श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। मंदिर में रामलला की आरती उतारी। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला को समर्पित किए गए तुलसीदल का प्रसाद अर्पित किया।

**शंखनाद**



मोदी के पहुंचने से पहले शंखनाद करते साधु-संत।

**स्वागत**



मोदी के स्वागत में खड़े बटुक।



राजस्थान से आया लालगिरी का परिवार।

### पता चला मोदी आ रहे हैं तो टिकट रद्द करा दिया

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजस्थान के सांचौर जिले से आए लालगिरी गोस्वामी अयोध्या धाम मंदिर दर्शन करने आए थे। जब इन्हें पता चला कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आ रहे है तो इन्होंने अपने टिकट रद्द करा दिया और परिवार सहित मोदी परिवार बनकर उनके स्वागत में जुट गए। लालगिरी गोस्वामी ने कहा कि वह मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं, लेकिन मुंबई में अपना व्यवसाय करते हैं। व्यवसाय के लिए देश से बाहर भी जाता रहता हूं। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद विदेशों में हम भारतीयों का बहुत सम्मान होने लगा है। देश के बाहर अब बहुत अच्छी इमेज बन चुकी है। इस बार भी देश में बीजेपी का माहौल है।

### रोड-शो के बाद अयोध्या की गलियों में लगा जाम

**अयोध्या, अमृत विचार :** पीएम मोदी के रोड-शो के बाद भीड़ को मुख्य मार्ग के बगल वली गलियों की तरफ मोड़ दिया गया। रोड-शो के बाद गलियों में उमड़ी अथाह भीड़ से सभी ओर जाम की स्थिति हो गई। पैदल चलने वालों की दशा देखकर किया मेले या परिक्रमा का भान हो रहा था। सुरक्षा कारणों से रोड शो के बाद भीड़ को मुख्य मार्ग से उसके बगल के मार्गों की ओर मोड़ने से पैदल, दुपहिया, तिपहिया व चार पहिया सभी एक साथ चल पड़े और भयंकर भीड़ से घंटों जाम की स्थिति बनी रही।



मोदी के स्वागत में फूल बरसाते लोग। अमृत विचार

### 18 मिनट देर से रामनगरी पहुंचे पीएम मोदी

**अयोध्या।** अयोध्या में आयोजित रोड-शो में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम अपने निर्धारित कार्यक्रम शाम 6 :40 बजे से 18 मिनट देर से शाम 6 : 58 बजे रामनगरी के वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। हवाई अड्डे ने निकलने के बाद पीएम का काफिला प्रयागराज हाईवे से नाका शांति चौक पर लखनऊ हाईवे पर मुड़ा और महोबरा चौराहा, टेढ़ीबाजार रेलवे ओवरब्रिज के रास्ते होते हुए गेट नंबर 11 से रामजमभूमि परिसर पहुंचा।

# ऐ बहनी देखा तौ केतना चमकत बा मोदी जी कै ललटवा..

**कमर अब्बास, अयोध्या**

**अमृत विचार :** देखा.. देखा ऊ रहे मोदी, रथ पै सवार, अरे देखा हो योगी बाबा अऊर लल्लू भईया भी बाटेन, हाथ हिलावत आवत हैं, केतना नीक लागत है हो, ललटवा सूरज कै तरह चमकत बा। जानू बहनी, मोदीयै जी राम मंदिर बनवाए दीहिन नाही तौ हम सब सपनै देखत रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने को रोड में पहुंची गांव -गिंराव की महिलाओं की यह बातें उस वक्त कानों में पड़ीं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला के दर्शन कर रामपथ पर रोड-शो शुरू किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जैसे ही प्रधानमंत्री रोड-शो के लिए बने रथ पर सवार होकर उतरे समूचा रामपथ जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

बीकापुर से आईं सावित्री देवी और मंजू दीक्षित दोपहर तीन बजे ही अयोध्या आ गईं थीं। बताया दर्शन-पूजन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने के लिए रुक गए। बताया प्राण प्रतिष्ठा में भी मोदी जी को देखने आए थे और आज भी। बोलीं चेहरे का तेज मोदी जी के तेजस्वी होने का प्रतीक है। सुग्रीव किला के निकट बैरिकेडिंग के भीतर मौजूद पूराबाजार के रसूलाबाद की शकुंतला देवी, माया गौतम बोलीं मोदी जईसन कोऊनों नेता नाही बा, कितौ अटल जी रहेन अब मोदी बाटेन, उज्ज्वला दीहिन, आवास दीहिन, बिजुरी आवै लाग अऊर का चाही। बोलीं महंगाई तौ हर सरकार मां बढ़त है। वहीं अयोध्या श्रृंगार घाट की मधुलता पांडेय अपने दोनों बच्चों को मोदी जी को दिखाने लाईं थीं। बच्चे भी आतुर थे कब इधर से प्रधानमंत्री गुजरें। शंकरगढ़ बाजार की रहने वाली मौसमी चक्रवर्ती ने बताया भईया कौऊनौ कछु कहे, मुला मोदी कै मुकाबला मां तौ कौऊनौं नाही बा, दुई दाईं प्रधानमंत्री रहे, फिन बनिहै। पूराबाजार लक्ष्मीदासपुर की सुमन पांडेय दोपहर ही गांव की महिलाओं के साथ रामपथ पर पहुंच गईं, बोलीं हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन किया, कौऊनौ परेशानी नाही भई, कौऊनौ अऊर बड़का नेता आवत तौ कुल बंद होई जात।



राजस्थान से आया महिलाओं के समूह में दिखा उत्साह। अमृत विचार

### जब्बै मोदी आवत हैं योगी बाबा साथै रहत हैं

इसी बीच कुछ महिलाएं चर्चा करने लगीं कि मोदी जी जब्बै अयोध्या आवत हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साथेय रहत हैं। बोलीं दुईनों की जोड़ी नीक लागत है। माधुरी देवी ने कहा कि दुईनों जने मिलि कै अयोध्या धाम का कुल देश दुनिया मां पहुचाए दीहिन। बताया बाबा अयोध्या ताईं बहुत काम कीहिन है, आज जौऊन रामनगरी लकलकात बा ओनही कै देन है।

# पीएम मोदी का अयोध्या से पांच का पंच

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** पीएम मोदी ने रोड-शो के जरिए अयोध्या से पांच का पंच दिया। पांचवीं बार की यात्रा, पांच तारीख, रविवार का दिन, ज्योतिषीय गणना के अनुसार विशेष संयोग।

इतिहास गवाह है। अभी तक कोई भी प्रधानमंत्री अयोध्या पांच बार नहीं आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अयोध्या में दोबारा ऐतिहासिक रोड शो करके एक नया कीर्तिमान गढ़ा। इसके जरिए पांच पांच का पंच भी जड़ा। पहली बार प्रधानमंत्री ने अयोध्या में पांच अगस्त को राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। इसे ज्योतिषाचार्य एक बड़ा और अद्भुत संयोग बता रहे हैं। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का कहना है कि पीएम द्वारा उस समय शुरू कराया गया बड़ा काम आज देश-दुनिया में छा गया है। राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान कराया। यह एक ऐतिहासिक कार्य है।

इसके बाद प्रधानमंत्री 23 अक्टूबर 2022 को दीपोत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। तब प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए अयोध्या से ही प्रदेश को साधा था। नतीजा 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई। इसके बाद पीएम मोदी 30 दिसम्बर 2023 को अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने अयोध्या हाईवे पर रोड-शो करते हुए देश-दुनिया के लोगों के लिए अयोध्या पहुंचने के लिए ट्रेन व वायु मार्ग के रास्ते खोलवा दिए थे। चौथी बार 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय पहुंचे और देश की नामचीन हस्तियों को रामलला के दरबार में नतमस्तक करवा दिया। रविवार को उनका अयोध्या में पांचवां दौरा रहा। भाजपाई इस दौरे के भी बड़े परिणाम निकाल रहे हैं।

### पांचवीं बार, पांच तारीख, रविवार का दिन, अद्भुत संयोग

#### मुख्य भाव में बैठे रहे पांच राशियों के स्वामी

ज्योतिषाचार्य प्रवीण शर्मा ने बताया कि रविवार को प्रदोष का दिन रहा। नवग्रह मिलकर पांच राशियों के मुख्य भाव में बैठे रहे। इस दिन भगवान शिव की अति कृपा होती है। उन्हीं के कृपा से श्रीराम के दर्शन प्राप्त होते हैं। बताया कि भगवान राम भी शिव के अनन्य भक्त हैं। दक्षिण भारत में इसका प्रमाण मिलता है। इसलिए रविवार का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। राजनीतिज्ञों के लिए यह दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा।

### तीन बार पहले भी आए, लेकिन तब...

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या धाम में सबसे अधिक बार पहुंचने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। हालांकि वह इससे पहले भी आए, लेकिन फैजाबाद में ही रहे। वर्ष 2014 में उन्होंने फैजाबाद संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में जीआईसी मैदान में जनसभा को संबोधित किया था। वर्ष 2019 में मया बाजार में जनसभा की थी। सबसे पहले नरेंद्र मोदी 1992 में एकता यात्रा लेकर मुरली मनोहर जोशी के साथ अयोध्या में रामलला का दर्शन करने आए थे।



1992 में मुरली मनोहर जोशी के साथ रामलला का दर्शन करने पहुंचे नरेंद्र मोदी। सौजन्य से इंटरनेट

# रोड-शो देखने तीन किमी पैदल चलकर पहुंचे लोग

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** पीएम मोदी के रोड-शो को देखने के लिए ग्रामीण इलाके से आए लोग तीन किमी. से ज्यादा पैदल चलकर पहुंचे। सभी में मोदी को देखने का उत्साह था।

रोड-शो में गांव से लोगों को लाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई थी। बसों के साथ दूसरे वाहन इसमें शामिल थे। रोड-शो राम पथ पर होना था। इन वाहनों को रोके जाने के लिए कांशीराम कॉलोनी के पास स्थान का चयन कर स्टैंड बनाया गया था। शाम छह बजे तक आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में वाहन पहुंच चुके थे। यहां उतरने वाले लोगों को कांशीराम कॉलोनी के पास कार्यशाला के पास से होते हुए जाने का मार्ग दिया गया था। मार्ग के किनारे सड़क की खुदाई होने से धूल से परेशान भी हुए। गांव से आए महिला, पुरुष, बच्चे धूल भरी इसी सड़क से पैदल तीन किमी से ज्यादा दूरी चलकर रोड शो देखने के लिए राम पथ पर पहुंचे। उनके हाथ में भाजपा के झंडे और चेहरों पर मुस्कान थी। उत्साहित लोगों का कहना था मोदी को नजदीक से देखेंगे।



रोड शो में पीएम नरेंद्र मोदी को देखने के लिए अयोध्या जाते लोग।



राजस्थान से अपने परिवार के साथ आए बच्चे मोदी का इंतजार करते दिखे।

### ढाई घंटे का इंतजार... लो आ गए नमो

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पीएम मोदी के रोड-शो को देखने के लिए लोगों ने रविवार शाम लगभग ढाई घंटे इंतजार किया। पीएम मोदी के पहुंचने पर जयकारे और जय श्री राम के नारे गूंजने लगे। पीएम मोदी का रोड शाम 7 :15 बजे प्रस्तावित था। लेकिन आने और दर्शन पूजन में देर के चलते रोड शो लगभग पौने घंटे देर से लगभग आठ बजे शुरू हुआ। पीएम को रोड-शो के लिए लोगों का पहुंचना दिन के ढलान के साथ ही शुरू हो गया था। लगभग पांच बजे राम पथ के एक किनारे बनाए दर्शकों के स्थान पर लोगों की भीड़ आनी शुरू हो गई। घरों की छतों पर लोगों के स्थान लेने का क्रम भी शुरू हो गया। कुछ ही देर में हजारों की संख्या में लोग यहां जमा हो गए। इनमें भाजपा झंडे का परिधान धारण किए और ग्रामीण क्षेत्र की भारी संख्या महिला, पुरुष, बच्चे और दर्शन करने वाले लोग शामिल थे। नारे लग रहे थे। स्वस्तिवाचन के लिए पीला परिधान धारण किए हुए बटुक कतारबद्ध खड़े थे। 40 ब्लॉकों में भाजपा के कार्यकर्ता, कई दर्जन स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन चल रहे थे। सतरंगी छटा बिखर रही थीष। लोग मोबाइल कैमरे से तस्वीरों में कैद कर रह थे। उत्साह चरम पर था। यह लोग पूरे रोड-शो के दौरान एक ही स्थान पर डटे रहे।

### जाम के झाम में आठ किमी की सजा



घंटो जाम में फंसे रहे वाहन। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पीएम मोदी के रविवार को रोड-शो को लेकर हाईवे पर यातायात डायवर्ट कर दिया गया। दर्शननगर में लोग भीषण जाम से जूझे। देर रात तक लोग इससे निजात के लिए जूझते ही रहे। पीएम मोदी की रैली को लेकर सुरक्षा सख्त की गई थी। पीएम मोदी को सड़क मार्ग से एयरपोर्ट से शांति चौक होते हुए महोबरा से टेढ़ी बाजार से श्री राम मंदिर के गेट नंबर 11 से प्रवेश करना था। इसको लेकर रविवार शाम लगभग पांच बजे ही हाईवे पर मोहबरा से सहादतगंज के बीच यातायात रोक दिया गया। खास बात यह है कि महोबरा के पास से हाईवे के यातायात को दर्शनगर की ओर मोड़ दिया गया। इससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। कई लोगों को यह भी जानकारी नहीं थी कि वह लखनऊ के लिए किस रास्ते से जाएंगे। सूर्य कुंड के आगे दर्शन नगर क्रॉसिंग पर वाहनों का भीषण जाम लग गया। यहां केवल दो पुलिस कर्मी तैनात थे। संकरी सड़क और तीन चार किमी. तक वाहनों को लंबा जाम। जाम ऐसा था कि बाइक सवार भी नहीं निकल पा रहे थे। इसे व्यवस्था की अदूरदर्शिता ही कहा जाएगा। कि वाहनों को मोड़ तो दिया गया लेकिन आगे बताने की भी व्यवस्था नहीं की गई। कई वाहन तो अकबरपुर की ओर कई किमी जाने के बाद वापस लौटे। यातायात को डायवर्ट करने के कारण महज तीन किमी. पर शहर पहुंचने की बजाए आठ किमी. चलना पड़ा। बताया गया है कि भीषण जाम की खबर पर दारोगा और पुलिस कर्मियों को भेजा गया, लेकिन इस जाम को छूटने में घंटों लग गए। पुलिस कर्मियों का कहना था कि लाइन बहुत लंबी है इसलिए देर लग रही है।

**नजरिया** दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने कहा मोदी अगर राम हैं तो योगी हनुमान, इस बार 400 पार का नारा हुआ बुलंद

# रामलला से यही विनती मोदी फिर आएं

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड-शो पर अयोध्या धाम दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर बात की। उन्होंने देश में मोदी और उत्तर प्रदेश में योगी की उपस्थिति को सनातन धर्म के विजय प्रतीक माना। राममंदिर निर्माण के साथ विकास की भी खूब सराहना की।



मदन मोहन त्रिपाठी

अयोध्या धाम का नजारा मोदी मय हो गया। रविवार को श्रद्धालुओं का आगमन अधिक होता है। उस पर मोदी का रोड-शो सोने पर सुहागा साबित हो गया। रामपथ मोदी-योगी के नारे से गुंजायमान हो गया था। जगह-जगह मोदी के स्वागत के लिए हर 50 मीटर पर एक मंच बनाया गया था। जिससे फूलों की वर्षा हीं नहीं की गई बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। देवरिया से दर्शन करने के लिए आए मदन मोहन मनी त्रिपाठी ने कहा सनातन धर्म को जीवित रखने के लिए मोदी-योगी की जोड़ी बहुत जरूरी है। मोदी आज के युग के राम और योगी हनुमान हैं। हिंदुस्तान के ऋषि मुनियों की कल्पना थी कि भारत में सनातन धर्म का उदय हो। उनकी कल्पना को साकार करने का दोनों कर रहे हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंतजार में खड़े लोग। अमृत विचार

### मोदी के लिए रामलला से की प्रार्थना



विनोद बाला

हरियाणा के फरीदाबाद जिले से परिवार सहित पहुंचीं विनोदबाला ने कहा अयोध्या धाम बहुत सुंदर दिख रहा है। मोदी ने अयोध्या के साथ देश में भी अच्छा काम किया है। इसलिए सनातन धर्म के लिए मोदी को फिर से सत्ता में लाना होगा। रामलला से मोदी के लिए यहीं प्रार्थना की है।

### भव्य नगरी बना अयोध्या



रंजना गुप्ता

बस्ती से दर्शन करने परिवार सहित आईं रंजना गुप्ता ने कहा अयोध्या की पहचान भव्य नगरी के रूप में पहचान बन चुकी है। यहां आना बहुत अच्छा लग रहा है। मोदी ने अच्छा काम किया है। यहां सभी सुविधाओं का अच्छा ख्याल रखा गया है।

### जो राम को लाए हैं उन्हें फिर से गद्दी पर बैठाएंगे



मंजू पांडेय

गोपालगंज से आईं मंजू पांडेय ने कहा कि मोदी को फिर से जिताना है। जो राम को लाए हैं उन्हें ही देश की सर्वोच्च गद्दी पर बैठने का अधिकार है। अयोध्या धाम की खूबसूरती और राम लला का भव्य मंदिर इस बात का प्रमाण है। जो कहा है वो कर दिया है।

### सिर्फ मोदी-योगी का योगदान



आशीष गुप्ता

कानपुर के श्रद्धालु आशीष गुप्ता परिवार सहित अयोध्या दर्शन करने आए थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम अब सनातन नगरी लग रही है। बहुत अच्छा लग रहा है। इस नगरी को बनवाने में सिर्फ मोदी और योगी का योगदान है।

### मोदी का काम सराहनीय



जितेंद्र गुप्ता

आजमगढ़ से अपने दोस्तों के साथ अयोध्या धाम में दर्शन करने आए जितेंद्र गुप्ता ने कहा अयोध्या नगरी बहुत भव्य दिख रही है। अभी सिर्फ टीवी पर देख रहे थे। वास्तविक तौर से अयोध्या दिव्य और भव्य लग रही है। मोदी का काम बहुत सराहनीय है। इस बार 400 पार का नारा सफल होगा।

### मोदी फिर से आएंगे सत्ता में



कृष्ण मोहन राय

गोरखपुर से आए कृष्ण मोहन राय ने कहा अयोध्या धाम की खूबसूरती का बखान जितनी भी किया जाए कम है। अयोध्या वासियों के सौभाग्य की बात है। मोदी को वास्तविक तौर से देखना भी सौभाग्य है। इस बार भी मोदी फिर से सत्ता में आएंगे, ऐसा विश्वास है।

सन् राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्रा – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्रा– आजमगढ़, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010




SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales – Lucknow / Ayodhya
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE – Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE – Ayodhya Territory – Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at accounts.manager@suninfra.org Mob: 9335946003

## भारी भीड़ के बीच रामपथ पर अभूतपूर्व

# मोदी का अभिनंदन

▸▸ अनवरत पांच घंटे उल्लास का उत्सव, सड़कों के किनारे डटे रहे लोग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आतिथ्य के लिए तैयार रहने वाली अयोध्या ने रविवार को फिर अपनी पौराणिक परंपरा का पालन किया। लोकसभा चुनाव में रोड-शो के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व अभिनंदन किया। दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक पांच घंटे के इंतजार के बाद जैसे ही फूलों से सजे रथ पर सवार होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड-शो के लिए निकले पूरा रामपथ जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्‌घघोष से गूंज उठा। आह्लादित लोग सड़कों पर नृत्य करने लगे और महिलाएं मंगल गीत गाने लगीं।

भीड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झलक पाने की ऐसी बेताबी थी कि एक-दूसरे पर चढ़े रहे थे। सिर पर लाल टोपी और पीली सदरी पहने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चिर परिचित मुस्कान और हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन करते रहे। फूलों से सजे रथ के आगे भाजपा साड़ी व केसरिया पगड़ी में महिलाओं का समूह ऐसे चल रहा था। प्रधानमंत्री के दाहिने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बाएं भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह हाथों में लाइटिंग कमल लिए भीड़ का उल्लास और उत्साह देख कर मुदित हो रहे थे।

सुग्रीव किला से रथ जैसे ही आगे बढ़ा। दर्शन मार्ग पर खड़े संतों की टोली ने शंखनाद और मंत्रोच्चार से स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा शुरू कर दी। गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर पड़ी तो दोनों हाथ जोड़ संतों को प्रणाम किया। सुग्रीव किला से रथ धीरे-धीरे आगे बढ़ता हुआ हनुमानगढ़ी जाने वाली गली के निकट पहुंचा। उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे गीत पर सड़क पर नृत्य करने लगी। तुलसी उद्यान के पास रथ के पहुंचते ही सड़क के दोनों ओर से जय श्रीराम के उद्‌घघोष के साथ फूलों की वर्षा से रथ रंग गया।

दो किमी के रोड-शो के दौरान भीड़ तब तक नहीं हटी जब तक प्रधानमंत्री लता मंगेशकर चौक नहीं पहुंच गए। लता मंगेशकर चौक पर उत्सव का कुछ अलग ही दृश्य दिखा। यहां सुरक्षा घेरा होने के बावजूद दोनों ओर लोगों से ठसाठस भीड़ थी। यहां लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री का ऐसा अभिनंदन तो प्राण प्रतिष्ठा और लोकार्पण समारोह के दौरान हुए रोड-शो में नहीं हुआ। अयोध्या के अखंड पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरले नेता हैं। उनका अभिनंदन भी विरला होना ही था। खास बात यह थी कि पूरे रामपथ पर सड़कों के दोनों ओर भवनों को गेंदे के फूल की लड़ियों से सजाया गया था।

### रामपथ पर जब गूंजा सरयू सलिला करे पुकार

प्रधानमंत्री के रोड-शो के दौरान इस बार नया नारा सामने आया। पूरे रामपथ पर सरयू सलिला करे पुकार मोदी जी बारम्बार लिखीं तख्तियां लोगों की हाथों में लहरा रहीं थीं। इतना ही नहीं मोदी जी को जय श्रीराम और अबकी बार 400 पार लिखी तख्तियां भी सभी के हाथों में थीं।


अयोध्या में रामपथ पर रोड शो के दौरान मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रत्याशी लल्लू सिंह। ● प्रशांत शेखर


श्रीरामलला को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साष्टांग प्रणाम किया। अमृत विचार

## रामनगरी में उतरे मोदी, अयोध्या बोली-जय-जय श्रीराम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भव्य मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला के दर्शन कर राम रथ पर सवार हो जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामपथ पर उतरे अयोध्या जय-जय श्रीराम के उद्‌घघोष से गूंज उठी। सड़क के दोनों ओर एकत्र भीड़ उत्साहित हो गई। आतुरता से भीड़ दोनों हाथ हिला-हिला कर मोदी-मोदी करने लगी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धाम में रविवार शाम फिर एक नया इतिहास रच गया। रामलला की आस्था और श्रद्धा में डूबे लोग जय श्रीराम और अबकी बार 400 पार, मोदी जी बारम्बार के नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री का अभिनंदन करने लगे। भीड़ का आलम यह था कि मोदी जी की एक झलक पाने के लिए लोग एक-दूसरे पर चढ़ गए। रामपथ की दाहिनी लेन पर तिल रखने की जगह भी नहीं बची। फूलों से सजे रथ पर सवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हाथ हिला-हिला जनसमूह का अभिवादन करने लगे। फूलों से सजे रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ में लाइटिंग कमल लिए और भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह थे। चारों ओर जय श्रीराम गूंज रहा था। रथ के आगे भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं भाजपा साड़ी और सिर पर भगवा पगड़ी में चल रही थीं।

**रोड शो से माहौल राममय**





गर्भगृह में रामलला को पुष्प अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।


मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

### 100 क्विंटल फूल, 75 स्थानों पर पुष्प वर्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** पीएम मोदी के रोड-शो में पुष्प वर्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रीराम मंदिर के गेट स्थित सुग्रीव किला से लता चौक तक दो किमी. में पुष्प वर्षा के लिए 75 स्थान बनाए गए थे। पुष्प वर्षा के लिए 100 क्विंटल फूल की व्यवस्था की गई थी। हाथ के साथ मशीनों से फूलों की वर्षा की गई। पूरे राम पथ पर फूल ही फूल थे।

### पीएम के अयोध्या दौरे से गदगद दिखे सीएम

**अयोध्या, अमृत विचार :** पीएम मोदी के अयोध्या दौरे से सीएम योगी आदित्यनाथ गदगद दिखे। रोड-शो में शामिल रहे। चेहरे की मुस्कराहट उनकी भावाभिव्यक्ति बता रही थी। सीएम योगी पीएम के आने से पहले साकेत महाविद्यालय में हैलीकॉप्टर से पहुंच गए थे। उन्होंने राम मंदिर पहुंचकर भगवान रामलला का दर्शन पूजन किया। पीएम के आने का इंतजार कर रहे थे। पीएम के आगमन के बाद वह सक्रिय दिखे। रोड-शो के पहले उन्होंने राम मंदिर के गेट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। मुस्कराते हुए उनके साथ रथ पर सवार हुए। पूरे रोड शो के दौरान वह पीएम के साथ रहे।

**संदेश** | अतीत से उपजी आस्था से साध गए चुनाव की सियासत

# बिना बोले ही सब कुछ कह गए मोदी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** पीएम मोदी के दौरे में श्रद्धा भी और सियासत भी। वह बिना बोले ही वह सब कुछ कह गए, जिसकी इस समय सत्ता और सियासत को जरूरत है। वह अयोध्या, आसपास और देश को इसका संदेश भी दे गए। अब इसका असर और परिणाम लोकतंत्र के महापर्व के समाप्त होने पर दिखेगा।

चुनाव का दौर है। लगभग चार साल पहले से मोदी अयोध्या को मथ रहे हैं। फैसले के बाद से ही तय हो गया था कि लोकसभा 2024 का चुनाव एक बार फिर राम मंदिर पर लड़ा जाएगा। अयोध्या में भूमि पूजन, प्राण प्रतिष्ठा से इसको जगाया। 30 दिसंबर को रोड-शो से परवान चढ़ाने की कोशिश की। 22 जनवरी को इसे चरम पर पहुंच दिया। भाजपा की उत्तर की सियासी धारा को दक्षिण तक पहुंचाने का प्रयास किया। प्राण प्रतिष्ठा के पहले व्रत रखा। राम से जुड़े स्थलों तक यात्राएं कीं। अतीत में वनगमन को सामने रखा। श्रीराम के जरिए उनके महत्व को दक्षिण तक पहुंचाने का प्रयास किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को साथ लेकर चले। काशी तमिल संगमम के जरिए उत्तर और दक्षिण को जोड़ने की कोशिश की। 22 जनवरी के संबोधन में सलीके से राम के विराट स्वरूप को शब्दों के जरिए दर्शन कराने की कोशिश की। व्रत तोड़ा, राम के प्रति समर्पण का संदेश दिया।


रोड शो के दौरान लोगों का अभिनंदन करते पीएम नरेंद्र मोदी।

चुनाव के तीन चरण के बाद फिर सत्ता और सियासत में अयोध्या और राम मंदिर की जरूरत महसूस की गई। अचानक राम लला के दर्शन और रोड शो का कार्यक्रम बन गया। पीएम मोदी रविवार को फिर राम लला के दरबार में थे। पूरी दुनिया देख रही थी। सनातन परंपरा शीर्ष पर रही। दर्शन-पूजन और समर्पण था। जमावड़ा हुआ, मोदी-मोदी के नारे लगे। श्रद्धा के साथ सियासत की बारी आई तो रथ पर सवार हो मोदी ने इसे बढ़ाने की कोशिश की। श्री राम मंदिर के पास से राम पथ पर आगे बढ़े। राम पथ के जरिए देश को राम पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। बोले कुछ नहीं मुस्कराते रहे। खुश थे, भीड़ थी, नारे थे, राम लला का आशीर्वाद था। मौन की भाषा थी, संदेश था। राम राज्य के लिए राम के साथ रहना होगा। मोदी बिना बोले ही लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा के लिए संजीवनी दे गए। इसे वोट में तब्दील होने का परिणाम चार जून को आएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप



चौपाल में मौजूद करुणाकर पाण्डेय। अमृत विचार

### प्रधानमंत्री ने विश्व में बढ़ाया भारत का गौरव

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** दो कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व में सम्मान दिलाया। भाईचारा स्थापित करते हुए गरीबों के कल्याण के लिए तमाम योजना लागू करके उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का पूरा प्रयास किया। यह विचार भाजपा नेता पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने शनिवार रात रसूलाबाद में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में आयोजित चौपाल में व्यक्त किए। चौपाल को वरिष्ठ अधिवक्ता व भाजपा नेता हरिशंकर तिवारी एडवोकेट, जोन प्रमुख सतीश सिंह ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता साधन सहकारी समिति रसूलाबाद के सभापति प्रदीप तिवारी व संचालन भाजपा नेता राघवेंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर चंद्र प्रकाश दुबे, पूर्व प्रधान बलिराम दूबे, प्रधान नीरज राणा, समाजसेवी राजेश चौबे, कुलदीप पांडे आदि मौजूद रहे।

### विधायक अभय के आह्वान पर कई लोग भाजपा में शामिल

**तारून (अयोध्या)। अमृत विचार :** क्षेत्र के रामसुचित सिंह सरस्वती महाविद्यालय में शनिवार देर शाम शाम गोसाईंगंज विधायक अभय सिंह के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम का संयोजन विधायक अभय सिंह के पिता भगवानबक्स सिंह व पत्नी सरिता सिंह ने किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व अंबेडकरनगर से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय मौजूद रहे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि रितेश पांडेय को भारी मतों से विजय बनाएं। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभूनाथ सिंह, ब्लॉक प्रमुख रमाकांत यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सपा सम्मेलन में प्रत्याशी को जिताने का संकल्प

**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर आयोजित समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को चुनाव जिताने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी जाति वर्ग को साथ लेकर काम करती है। अध्यक्षता समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विद्याभूषण पासी ने की। संचालन के पी चौधरी ने किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महानगर, महासचिव हामीद जाफर मीसम, वरिष्ठ नेता बलराम मौर्य, जेपी यादव आदि मौजूद रहे।

### मोदी सरकार संसदीय व्यवस्था के लिए खतरनाक : डॉ. गिरीश

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन साकेत पुरी स्थित एक सभागार में हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. गिरीश शर्मा ने कहा कि मोदी की सरकार देश के संविधान, लोकतंत्र व संसदीय व्यवस्था के लिए ख़तरनाक है। पार्टी के प्रदेश सचिव अरविंद राज स्वरूप ने कहा कि फैजाबाद संसदीय क्षेत्र भाकपा का गढ़ रहा है। पार्टी प्रत्याशी अरविंद सेन यादव ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनकर यह चुनाव लड़ना है। कामरेड नब्बन खां की अध्यक्षता, अशोक तिवारी व वरिष्ठ नेता सूर्य कांत पांडेय के संचालन में संपन्न सम्मेलन को लोकतांत्रिक जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष ज़ुबैर अहमद कुरैशी, रुस्तम खलीलाबाद, असर्फी लाल गुप्ता आदि ने संबोधित किया। अंत में अतुल कुमार अंजान व पार्टी के सहायक सचिव शैलेन्द्र सिंह की पत्नी के निधन पर शोक प्रकट किया गया।

### मनुष्यों का उद्धार करने को हुआ था श्रीकृष्ण का जन्म

**निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार :** निंदूरा क्षेत्र के बाबागंज के स्थित नारायणपुर गांव में श्रीमद्भगवत कथा के पहले दिन रविवार को कथा व्यास गोपाल दास महाराज ने मौजूद श्रोताओं को बताया कि प्रभु श्रीकृष्ण का नाम सुदर्शन चक्रधारी लीलाधारी नाम क्यों पड़ा। काली अधियारी रात में जन्मे कृष्ण की अनेक बाल लीलाएं प्रचलित हैं। धरती पर उनका जन्म बहुत से मनुष्यों और दानवों का उद्धार करने के लिए ही हुआ था। भगवान कृष्ण ने पैदा होने के साथ ही लोगों का उद्धार करना शुरू कर दिया था। इस मौके पर आयोजक श्रीपाल, संतोष, रामचंद्र, राजकिशोर, अवधेश समेत भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### चौ. अजित सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की पुण्य तिथि छह मई को है। बीकापुर के लीलापुर स्थित अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एनडीए लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह व बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान मौजूद रहेंगे। जिला महासचिव व संगठन प्रवक्ता रामशंकर वर्मा ने बताया कि आयोजन शाम चार बजे से होगा। इसमें कार्यकर्ताओं के साथ किसानों को आमंत्रित किया गया है।

# अब घर बैठे 'स्वयं एप' से पढ़िए पसंदीदा कोर्स

## माध्यमिक शिक्षा परिषद ने लांच किया एप, सितम्बर से होगा शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यार्थियों को घर बैठे पसंदीदा कोर्स पढ़ने की सुविधा प्रदान की है। इसके लिए विभाग ने स्वयं एप लांच किया है। इसके माध्यम से कक्षा 11 और 12 के छात्र अपनी मर्जी से कोर्स की पढ़ाई ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को स्वयं एप पर पंजीकरण करना होगा। इस एप के माध्यम से सितंबर तक पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

इसके जरिए विद्यार्थियों को संबंधित विषयों को विषय विशेषज्ञ शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाएंगे। वहीं, इससे 11वीं से स्नातक तक के विद्यार्थी विभिन्न विषय के साथ प्रतियोगी परीक्षा की भी पढ़ाई कर सकेंगे। स्कूल की पढ़ाई के अलावा कई छात्र-छात्राएं कोचिंग भी लेते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र इससे वंचित रह जाते हैं। इसे देखते हुए विभाग ने घर बैठे हर विषय को पढ़ाए जाने के लिए स्वयं एप लांच किया है। इसके जरिए कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थी हिंदी, गणित, भूगोल, संस्कृत, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र विज्ञान और सामाजिक विज्ञान समेत मन माफिक कोर्स ऑनलाइन पढ़ सकेंगे। इससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से पठन-पाठन न कर पाने वाले विद्यार्थियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

### आईआईटी और आईआईएम की भी कर सकते हैं पढ़ाई

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया यह एक अभिनव प्रयोग है। इसे सितम्बर से लागू कर दिया जाएगा। स्वयं पोर्टल के जरिये आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों से सर्टिफिकेट और डिप्लोमा जैसे कोर्सेज भी कर सकते हैं। अब एक नया विकल्प छात्रों को दिया जा रहा है। कॉलेज से ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, वे भी स्वयं प्लस कोर्सेज के जरिये पढ़ाई कर सकते हैं।

### ▸▸ कक्षा 11 और 12 के छात्रों को मिलेगा लाभ

### फर्जी कागजात के जरिए लिया 10 लाख का ऋण

**अयोध्या, अमृत विचार :** फर्जी कागजात तैयार करवा 10 लाख रूपये का बिजनेस ऋण लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राइवेट फाइनेंस कंपनी श्रीराम फाइनेन्स लिमिटेड की एसएसपी से शिकायत के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचना,गाली-गलौच और धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी को दी गई शिकायत में कंपनी के शाखा प्रबंधक नरेन्द्र सिंह का कहना है कि करूणाकर सिंह निवासी रुदौली रामपुर जनक थाना बाबा बाजार ने 31 जनवरी को 10 लाख का बिजनेस लोन लिया था। ऋण से संबंधित समस्त प्रपत्र बंधक विलेख, विक्रय विलेख व रजिस्ट्री ऑफिस से प्राप्त प्रमाणित प्रतिलिपि की जांच कराई तो पता चला कि अंकुर सिंह ने सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ कर दस्तावेज तैयार कराए। जाँच में फर्जीवाड़ा का खुलासा होने पर कंपनी के कर्मचारी पंकज श्रीवास्तव के साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि अंकुर सिंह, उनके भाई करुणाकर सिंह, मां शान्ति व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## फर्जीवाड़ा कर पूर्व बार अध्यक्ष से ठगे 20 हजार

सोहावल (अयोध्या)



**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने गलती से 50 हजार रुपये की रकम खाते में ट्रांसफर हो जाने का झांसा देकर पूरे शिवप्रसाद मजनावां निवासी सोहावल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र से 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित अधिवक्ता ने रौनाही थाने के साइबर हेल्प डेस्क में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष का कहना है कि शनिवार को उनके मोबाइल पर एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को उनका पूर्व परिचित सतवीर बताया। कहा कि वह अपने एक परिचित को 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर रहा था लेकिन गलती से रकम आपके बैंक खाते में ट्रांसफर हो गई। भरोसे में लेने के लिए उसने कहा कि आप अपना मैसेज बॉक्स चेक कर लें। इसके बाद रकम ट्रांसफर करें। अधिवक्ता ने मैसेज चेक किया तो खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर होने का मैसेज और ट्रांसजेक्शन नंबर दिखाई पड़ा। इसके बाद अधिवक्ता ने अपने मोबाइल से 50 हजार रुपये कथित सतवीर के मोबाइल नंबर पर वापस ट्रांसफर कर दिए। खाते में पैसे न होने पर पत्नी से 20 हजार लेकर ट्रांसफर किए। संबंधित मोबाइल नंबर पर फोन किया तो कथित सतवीर ने कोई फोन करने से ही इंकार कर दिया। तब उनको ठगे जाने की जानकारी हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया शिकायत जांच के लिए साइबर सेल को दी गई है।

### हजार किमी पैदल यात्रा कर चार युवा श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के दर्शन को आतुर चार युवा हजार किमी. की पैदल यात्रा कर रविवार को अयोध्या पहुंचे हैं। चारों युवाओं को कारसेवकपुरम में स्वागत किया गया। झारखंड के गिरिडीह से विराट सिंह और राहुल चौहान धनबाद से पैदल यात्रा करते हुए रविवार सुबह कारसेवकपुरम पहुंचे। ये दोनों युवा प्रतिदिन 30 किलोमीटर की औसत से लगभग 950 किलोमीटर की दूरी तय करके श्रीराम लला का दर्शन करने पहुंचे हैं। इसी तरह कोलकाता के सुबीर मंडल और बापना मंडल लगभग 1200 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करके अयोध्या पहुंचे हैं। प्रभारी शिवदास सिंह ने उनके जलपान भोजन और विश्राम का प्रबंध किया।


कारसेवकपुरम में पैदल यात्रा कर पहुंचे युवा श्रद्धालु।


बीजेपी की महिला पदाधिकारी जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए।


मोदी के स्वागत में साधु जय श्रीराम के नारे लगाता हुआ।

### कार्यकर्ताओं के लिए लगाई गई थी बसें

**अयोध्या।** अयोध्या में सुग्रीव किला से नयाघाट लता चौक के बीच लगभग दो किमी. लंबे प्रधानमंत्री के रोड–शो में भाजपा के कार्यकर्ताओं को जिले के विभिन्न हिस्सों व आसपड़ोस के जिलों से लाने के लिए बसें व प्राइवेट वाहन लगाए गए थे। शहर और आसपास के कार्यकर्ताओं को लाने के लिए नगरीय परिवहन सेवा की इलेक्ट्रिक बसें और रोडवेज की अनुबंधित बसें भी लगाईं गईं थीं। पुलिस प्रशासन की ओर से रोड शो में शिरकत करने आ रहे कार्यकर्ताओं के वाहनों को खड़ा कराने के लिए अलग–अलग मार्गों पर पार्किंग बनाई गई थी। फिर भी जगह–जगह जाम लगा। पार्टी कार्यालय सहादतगंज और केंद्रीय चुनाव कार्यालय सिविल लाइंस से 10 इलेक्ट्रिक बसों से कार्यकर्ताओं को रोड–शो में भेजवाया गया। सोहावल क्षेत्र से कार्यकर्ताओं को अनुबंधित 20 बसें अयोध्या लेकर आईं।

## मोदी के दीदार के लिए हर वर्ग के लोग रहे आतुर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टीवी पर कई बार देखा। किन्तु चश्मदीद देखने का अवसर मिला है। इसे खोना नहीं चाहते। यह कहना था अयोध्या रोड-शो में आए पीएम मोदी के दीदार के लिए आतुर हर वर्ग के लोगों का। घंटों इंतजार के बाद भी सात साल के बच्चों से लेकर 60 साल के बुजुर्ग तक सभी में मोदी को देखने का जोश था। इसमें रामलला के दर्शन करने आए लोग भी शामिल थे।


ग्वालियर के मनोज, रोमा, दिव्यांश, भारती, संतोष व छवि।

### सोचा नहीं था रामलला के साथ-साथ मोदी के भी दर्शन होंगे

ग्वालियर से रामलला के दर्शन करने आए मनोज, रोमा, दिव्यांश, भारती, संतोष व छवि ने कहा कि सपने में भी नहीं सोचा था कि रामलला के साथ– साथ मोदी के भी दर्शन मिल जाएंगे। जौनपुर के अनिल शुक्ल, विकास, हर्षिता, विशाल, सादिल, प्रतिभा, श्रद्धा, चंदा व सुनीता ने कहा कि राम जी के दर्शन के बाद मोदी जी के भी साक्षात दर्शन स्वप्न जैसा लग रहा है। बरेली की गीता तिवारी व रेखा तिवारी ने कहा कि मोदी को साक्षात देखने का सौभाग्य मिला, यह भी राम जी की कृपा से ही संभव हुआ। दिल्ली से आए दीक्षांत दहिया व धन लक्ष्मी ने कहाकि रामलला के दर्शन करना परम सौभाग्य रहा। साथ में पहली बार मोदी को साक्षात देखने का भी सौभाग्य मिला बहुत खुशी मिली।


मुजफ्फरपुर की भाविका।

### पहली बार मोदी को देखेंगे लाइव

मुजफ्फरपुर बिहार से आईं प्रियंका कुमारी और उनकी सात साल की बेटी भाविका ने कहा कि पहली बार मोदी को लाइव देखेंगे। बहुत अच्छा लग रहा है। इलाहाबाद से रामलला के दर्शन करने आए रुपेश केसरवानी व किरन ने कहा कि पहली बार मोदी को लाइव देखने का अवसर मल रहा है, वर्षों की इच्छा पूरी होगी। सिलीगुड़ी आसाम से आए राजीव शर्मा, पत्नी स्नेहा व प्रतीक ने कहा कि इतनी खुशी है कि बयां नहीं कर सकते। एक तरफ रामलला के दर्शन हुए तो दूसरी ओर मोदी को देखने का सौभाग्य मिला।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


डाक घर में सम्मानित हुए कर्मचारियों के साथ प्रवर अधीक्षक। अमृत विचार

### डाकघर के उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रधान डाकघर में मंडल के सभी पोस्टमास्टर के साथ व्यवसायिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एचके यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरेंद्र सिंह, नूतन सिंह, दुर्गेश नंदन यादव, हिमांशु कनौजिया, गोरक्ष प्रताप सिंह, ज्योति वर्मा सहित कई कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। प्रवर अधीक्षक डाकघर ने कहा कि डाकघर में ग्रामीण डाक जीवन बीमा अन्य बीमा कंपनी से कम किश्त और अधिक भुगतान करता है। ग्रामीण डाक जीवन बीमा व सुकन्या समृद्धि योजना की तारीफ करते हुए पूर्वी उपमंडल के सहायक अधीक्षक ओमेश्वर सिंह ने कहा कि सुकन्या खाता हर वर्ग के लिए वरदान साबित हो रहा है।

## प्लाट पर कब्जा करने वाले दो लोगों पर केस

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव पूरे गिरधर तिवारी मजरे भानपुर में एक प्लाट पर कब्जा करने वाले दो लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पीड़िता रेनू पाण्डेय ने कोतवाली राम सनेही घाट पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि जुलाई 2018 में भिटरिया-हैदरगढ़ रोड पर स्वामी दयाल, भारतलाल, ब्रह्मादीन से प्लाट खरीदा था। बताया कि श्रीराम व दीपक ने प्लाट में कब्जा करने का प्रयास किया था लेकिन पुलिस द्वारा रोक दिया गया था। जिसमें महिला ने न्यायालय में वाद दाखिल किया व न्यायालय द्वारा आरोपियों को कब्जा न करने का आदेश 2019 में दिया गया था। आरोप लगाया कि न्यायालय का आदेश न मानते हुए शनिवार सुबह आरोपियों ने प्लाट पर पड़ी 1000 ईंटें व 2 ट्राली मौरंग व बालू उठा लिया व प्लाट पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही गालियां दी व फर्जी मुकदमे में उसे फंसाने की धमकी भी दी। महिला ने बताया कि दबंग पहले भी पुत्र व पति के खिलाफ एसीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। रामसनेहीघाट पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### भाजपा के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में शामिल होनेजा रहे हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी सांसद बस्ती का स्वागत कार्यकर्ताओं ने दिलौना बाईपास भिटरिया के पास किया। ड्रोन कैमरे से वीडियो रिकार्डिंग की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री के स्वागत की प्रतीक्षा में घंटों सैकड़ों समर्थक राजमार्ग पर इंतजार करते रहे। स्वागत करने वालों में अभिनव सिंह , सनी सिंह, भगवती सिंह, रुद्रांश सिंह, कृष्णकांत शुक्ला, विवेक सूर्यवंशी,अनुज वर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव पुरे पनई मजरे महुलारा निवासिनी एक महिला ने तीन लोगों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

गांव निवासिनी गीता ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद उनके नाम दर्ज भूमि की वरासत महिला व बच्चों के नाम हो गयी है। उसने आरोप लगाया कि श्रीराम जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहा है। शनिवार को उसने गालियां दी व आरोपी श्रीराम, दीपक व ज्ञाना देवी ने जान से मारने की धमकी भी उसे दी। पीड़िता की ओर से तहरीर मिलने पर रामसनेहीघाट पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**लोकसभा चुनाव** मतदान की तिथि करीब आते ही उम्मीदवारों को लेकर चर्चाएं तेज, खुलकर रख रहे हैं अपनी राय

# ऐसी सरकार बने जो शिक्षा, सुरक्षा और विकास पर दे ध्यान

मसौधा,अयोध्या

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की 20 मई मतदान तिथि करीब आने के साथ-साथ मतदाता अब खुलकर प्रत्याशियों और सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा कर रहे हैं। वर्तमान और पिछली सरकारों के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं। वोटरों के बीच चुनावी चर्चा की मुहिम चला रहे 'अमृत विचार' ने रविवार को भरतकुंड भदरसा मार्ग के तिराहे पर स्थित एक होटल पर चाय की चुस्कियों के दौरान मतदाताओं की नब्ज टटोलने और उनकी इच्छाओं को जानने की कोशिश की।


मसौधा में अमृत विचार की चुनावी चर्चा में विचार-विमर्श करते लोग। अमृत विचार

नंदीग्राम निवासी बृज किशोर गौतम बोले कि इस बार ऐसी सरकार बनाना है जो सिर्फ विकास की बात करे। जब तक देश का युवा और किसान आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होगा, तब तक राष्ट्र बल मजबूत नहीं हो सकता। ऐसी सरकार की जरूरत है जो शिक्षा और सुरक्षा दोनों को बढ़ावा दे।

बीबियापुर गांव निवासी राजेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार ऐसी बने जो राष्ट्र हित की तो बात करे, लेकिन देश को बिकने से बचाए। किसानों की जरूरत के सामान के भाव आसमान छू रहे हैं। सरकार ऐसी बननी चाहिए जो महंगाई पर रोक लगाए। इसी बीच नंदीग्राम खरहरा गांव निवासी सीताराम कोरी बोल पड़े कि झूठ बोलने वाला नेता और उसकी सरकार नहीं चाहिए। समझ-बूझकर वोट देने की जरूरत है। नेवादा गांव निवासी रविंद्र कुमार दुबे ने कहा कि वोट मांगने नेता आते हैं। जीतने के बाद लौट कर नहीं देखते। किसानों का गांव है। पांच साल से छुट्टा मवेशियों की भरमार से फसलें बरबाद हो रही हैं। सरकार ऐसी बने जो विकास की योजनाएं बनाए।

अमृत विचार चुनावी चर्चा

इस पर भदरसा बाजार के मोहम्मद आकिब बोल पड़े कि सरकार ऐसी बननी चाहिए जो देश व समाज का विकास करे। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार मुहैया कराया जाना चाहिए। भरतकुंड निवासी मोहम्मद इरफान ने कहा कि सरकार किसी की भी बने लेकिन ऐसी हो जो सभी को साथ लेकर चले। चुनाव चर्चा के बाद सभी ने एक स्वर में सबसे पहले मतदान फिर कोई दूसरा काम का संकल्प लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAD SHAFIQ था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHD SHAFEEQ रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: LATE MOHD YASEEN, 543, MALLOR ROAD, CHINHAT, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226028

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र और सह प्रमाण पत्र वर्ष 2017 रोल नंबर 2052582 वास्तव में खो गया है। हाई स्कूल की परीक्षा टीबीएसकेआईसी इंटर कालेज जरवलरोड से यूपी बोर्ड से की है। –रवि वर्मा पुत्र श्याम सिंह वर्मा , निवासी– ग्राम– तप्पे सिपाह जरवलरोड, बहराइच

सूचना
सर्व साधारण को सूचित करना है कि दीपक सिंह चौहान पुत्र रविंद्र सिंह बकेबर जिला इटावा से मेरा किसी भी प्रकार का कोई सरोकार वास्ता व संबंध नहीं है। दीपक सिंह व उनके परिवार द्वारा किए गए कार्यो से मेरा न ही कोई लेनादेना है और न ही कोई वास्ता है। आसामाजिक तत्वों को चेतावनी देती हूं कि मेरे निजी जीवन को बदनाम न करें। अन्यथा कार्यवाही के लिए बाध्य रहूंगी। –दिव्यांशी सिंह पुत्री स्व. विनोद सिंह, निवासी– यूपीएसआईडीसी जैनपुर ,थाना व तहसील अकबरपुर, जिला– कानपुर देहात

## एक नजर

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर बसखारी मुख्य मार्ग पर पहाड़पुर आदिपुर गांव के समीप बोलेरो और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार मायाराम राजभर जोकि कपूर गांव का रहने वाला है वह अकबरपुर की तरफ से एक बोलेरो की चपेट में आ गया। दोनों के आमने-सामने भीषण टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हेलमेट नहीं पहनने के कारण युवक के सर में गंभीर चोट आई हैं। स्थानीय लोगों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया।

### सड़क हादसे में कर्मचारी की मौत, शोक की लहर

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। घर से बाइक से निकले नॉन मेडिकल सुपरवाइजर की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल कर्मियों में शोक की लहर व्याप्त है। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के जीयनपुर थाना अन्तर्गत घनघुला गांव निवासी राम प्रसाद यादव भियांव ब्लॉक के सीएचसी अस्पताल में नॉन मेडिकल सुपरवाइजर के पद पर तैनात थे। जब वह ड्यूटी के लिए आ रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जैतपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला जैतपुर थाना अन्तर्गत एक गांव का है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत किया कि मेरी भांजी लगभग 20 दिन से हमारे यहां रहती है जो आजमगढ़ जनपद की रहने वाली है।

# अधिग्रहण आदेश के बाद वाहन नहीं देने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**जिला निर्वाचन अधिकारी बोले -एसडीएम अपने क्षेत्र में भी वाहन मालिकों के साथ बैठक कर वाहनों की उपलब्धता कराएं सुनिश्चित**

**एआरटीओ बोले - लोकसभा चुनाव के लिए 521 बसें, 868 हल्के वाहन, 50 मिनी ट्रक की है आवश्यकता**

अमृत विचार। लोकसभा चनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए स्कूली वाहन, प्राइवेट बसों, हल्के वाहन, मिनी ट्रक की शत प्रतिशत उपलब्धता के चलते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान निर्वाचन संबंधी अभी तक की तैयारियों के बारे में एआरटीओ सत्येंद्र यादव ने बिदुवार बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 521 बसें, 868 हल्के वाहन, 50 मिनी ट्रक की आवश्यकता है। इसके लिए वाहन स्वामियों को अधिग्रहण आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं वाहन मालिकों से बातचीत भी कराई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि वाहन स्वामियों को शत-प्रतिशत पालन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अधिग्रहण आदेश के पश्चात गाड़ी नहीं देने वाले वाहन स्वामियों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में भी इसकी बैठक कर वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

वाहन मालिक फिटनेस और अन्य कमिया करें दूर : जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन वाहनों के फिटनेस न हुए हो या आगामी कुछ दिनों में समाप्त हो रहे हो वह सभी लोग अपने वाहनों का फिटनेस और अन्य कमियों को दूर कर लें जिससे 55-लोकसभा अंबेडकरनगर सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 25 मई 2024 के मतदान में अपना वाहन दिए गए समय में उपलब्ध करा सकें। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, एआरटीओ, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी समेत अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।



चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

# स्ट्रीट लाइट व डस्टबिन की खरीदारी में लूट

## जलालपुर नगर पालिका परिषद में थमने का नाम नहीं ले रहा है भ्रष्टाचार, सामने आ रहे हैं मामले

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अभी जलालपुर नगर पालिका का भ्रष्टाचार का एक मामला थमा नहीं था कि दूसरा भी मामला भ्रष्टाचार का सामने आ गया है। जिसमे नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए सामान खरीदा गया था। जिसकी खरीददारी में जमकर गड़बड़झाला किया गया है। जिसके चलते नगर पालिका पर कहीं न कहीं फिर से भ्रष्टाचार का आरोप लगता हुआ नजर आ रहा है। जलालपुर नगर पालिका परिषद में सामान की खरीदारी करने वाला एक बिल तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल बिल की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

बता दें कि जलालपुर नगर पालिका पर बार-बार कहीं न कहीं हमेशा एक न एक भ्रष्टाचार का आरोप लगता रहा है। आए दिन नाली निर्माण, नगर में सडक़ के पटरियों और सामान खरीददारी पर उंगलिया उठती रही है। लेकिन प्रशासनिक स्तर से कोई कार्यवाही न होने से लोगों को लूट घसोट व भ्रष्टाचार में लिप्त रहना आदत हो गयी है। महंगे दामों पर नगर पालिका का सामान खरीदना भी इनकी आदतों में शुमार है। जो सामान बाजार में खुलेआम कम दामों में बिक रहे है उन्हीं सामानों को नगर पालिका कई गुना दामों में खरीददारी करती है। हाल ही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा आचार संहिता लगने के बावजूद अपने चहेते को नियम कानून को ताक पर रखते हुए टेंडर देने का मामला सामने आया था। जो अभी मामला पूरी तरह से सुलग ही रहा था कि इसी बीच नगर पालिका का एक खरीददारी करने का बिल भी सामने आ गया है। जिसको देखने से पता चलता है कि नगर पालिका कार्यालय में कितनी जबरदस्त लूट घसोट चल रही है।




नगर पालिका परिषद जलालपुर। अमृत विचार

**32 हजार 999 रुपए प्रति पीस स्टील डस्टबिन :** नगर पालिका ने जो भी सामान खरीदा है वह बाजार से कई गुना दामों पर है। यह बिल 2020-2021 का दिखाई दे रहा है। जिसमें स्ट्रीट लाइट को 9000 रुपए की दर से प्रति पीस खरीदा गया है। स्टील डस्टबिन 32 हजार 999 रुपए प्रति पीस की दर से खरीदा गया है। जबकि प्लास्टिक डस्टबिन को 19 हजार 500 रुपए के हिसाब से खरीददारी की गयी है। इसी तरीके से अन्य सामान खरीदे गए हैं।

जब इन दामों की तुलना बाजार में की गयी तो दाम कई गुना ज्यादा निकले। जिससे यह सच साबित होता हुआ दिखायी पड़ रहा है कि किस कदर नगर पालिका मे लूट घसोट की जाती है।



वायरल हो रहा नगर पालिका परिषद जलालपुर का बिल।

### कईयों पर लटक सकती है तलवार

नगर पालिका के कुछ सभासदों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह तो सिर्फ एक नमूना है। अगर भ्रष्टाचार को जड़ से खंगाला जाए तो बहुत ही बड़े लूट-घसोट के मामले का पर्दाफाश हो सकता है। लेकिन किसी में क्षमता नहीं है कि कोई कुछ बोल सके। मामले के खुलासे में तमाम लोग भ्रष्टाचार के जाल में फंसते हुए नजर आएंगे। इसलिए कोई इसमें पड़ना नहीं चाहता है। अगर नगर पालिका परिषद जलालपुर में सामानों की खरीददारी की जांच हुई तो कईयों पर इसकी तलवार लटक सकती है।

### ईओ बोले

नगर पालिका परिषद जलालपुर के प्रभारी अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि मैंने अभी जल्द ही कार्यभार ग्रहण किया है। मामला मेरे संज्ञान में अभी नहीं है। फिलहाल मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग की ले सकते हैं मदद



जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में सीडीओ अनुराज जैन बैठक करते हुए।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुपस्थित मतदाताओं को फॉर्म 12 घ के माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराए जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं, वह होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं। इसके संबंध में फॉर्म 12 घ के माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराया जाता है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग आफिसर से विधानसभा वार अब तक किए गए कार्यों की बिंदूवार समीक्षा किया।

### बैठक में यह भी रहे मौजूद

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग आफिसर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद द्विवेदी और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान होने के कारण उसकी हत्या किए जाने की भी आशंका जताई जा रही है। बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर भटपुरवा के निकट सडक़ के किनारे एक युवक का शव देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान के प्रयास में जुट गई है। युवक के शरीर के कई स्थानों पर चोट लगने के कारण आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोगों ने मिलकर उसकी हत्या कर शव को यहां लाकर फेंक दिया है। मृतक युवक जिन्स, आसमानी रंग की फुल टीशर्ट, गले में एक लॉकेट पहने हुए है। मृतक युवक की उम्र लगभग 28 वर्ष बताई जा रही है। वहीं इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एएसपी बोले

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि हाईवे के किनारे युवक का शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पौधरोपण कर हरियाली को दें बढ़ावा : हनुमान

**पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। नागरिक भागीदारी के साथ पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत राजकीय एकलव्य स्पोट्र्स स्टेडियम में अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद अकबरपुर बीना सिंह और स्वच्छ भारत मिशन के तहत नामित अकबरपुर नगर पालिका परिषद के ब्रांड एंबेसडर व सचिव जिला ओलंपिक एसोसिएशन डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने पौधारोपण किया। अधिशाषी अधिकारी और नामित ब्रांड एंबेसडर ने खिलाडियों और अभिभावकों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पौधे हमारे लिए जीवन दायिनी के रूप में कार्य करते है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के तहत हरियाली को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान चला रहे हैं। जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति से पौधे, जड़ी-बूटियां, फल, सब्जियां आदि लगाने का अनुरोध किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन मिले। आप लोग अपने घरों के छतों पर बालकनी सहित अन्य स्थानों पर पौधे अवश्य लगाएं और हरा भरा बनाएं। घरेलू खाद और नवाचारों, पौधारोपण के लिए रीसाइक्लिंग गमलों आदि में अधिकतम हरियाली को बढ़ावा दें। जिसके तहत लोगों को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी अपना कर्तव्य समझकर एक पौधा अवश्य लगाएं।



पौधारोपण करतीं ईओ बीना सिंह व नामित ब्रांड एंबेसडर डॉ. हनुमान प्रताप सिंह।

# गरीबों की चिंता करने वाली सरकार है : शर्मा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। भाजपा के अकबरपुर और जलालपुर विधान सभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, प्रवासी और बीएलएटू का सम्मेलन जिला मुख्यालय स्थित एक प्रतिष्ठित विद्यालय और जलालपुर के एक मैरेज लॉन में मुख्य अतिथि नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए एके शर्मा ने कहा कि भाजपा में बड़े से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में उत्साह और अनुशासन देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार बनी है। जिसने देश के गरीबों को फ्री में राशन वितरित कर रही है।




बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

### बूथ कार्यकर्ता संगठन की रीढ़

लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडेय ने कहा कि हमारे बूथ का कार्यकर्ता संगठन की नीव और रीढ़ है। भाजपा देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। आने वाले समय में लोकसभा क्षेत्र को विभिन्न सुविधाओं के मामलों में और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर के साथ ही अन्य चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे।

### यह भी रहे शामिल

सम्मेलन में लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमाशंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारती सिंह, सुधा वर्मा, विस प्रभारी मनोज मिश्र, संयोजक आदर्श चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ राना रणधीर सिंह, बाल्मीकि उपाध्याय आदि शामिल रहे।

### चोरी के मामले में पुलिस अब तक खाली हाथ

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। एक माह पूर्व हुए लाखों रुपए के नगदी और लाखों के जेवरात की चोरी के मामले में कटका पुलिस अभी भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है। जिससे पीडितों में पुलिस के रवैए पर सवाल उठ रहे हैं। जबकि मामले में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग किया है। बता दें कि कटका थाना अंतर्गत अमोला बुजुर्ग गांव निवासी अंकुर सिंह ने बीते 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजते हुए कहा है कि बीते 4 अप्रैल को मेरे घर की खिडक़ी का दरवाजा तोडक़र घर में घुसे चोरों ने घर के अंदर रखे दो लाख बीस हजार रुपए नगद व लगभग 10 लाख के जेवराज चुरा ले गए। पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन लापरवाही के चलते आज तक चोरी का पर्दाफाश नहीं किया जा सका है। अब चोरी को एक माह भी बीत चुका है, लेकिन पुलिस मामले का खुलासा करने मे नाकाम साबित हो रही है। पीडित अंकुर सिंह कटका पुलिस की कार्य प्रणाली से निराश है, जिससे पुलिस पर पूर्ण रूप से इनका भरोसा उठ चुका है।

# सेवानिवृत्ति अधिशासी अफसर व कर्मचारी का रोका गया वेतन

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर सेवानिवृत्ति अधिशासी अधिकारी और एक कर्मचारी का वेतन रोक दिया है। मामला नगर पालिका जलालपुर का है।

बता दें कि सेवानिवृत होने के बाद अधिशासी अधिकारी यदुनाथ ने आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन कर नियम कानून ताक पर रखकर अपने चहेते ठेकेदार को विद्युत पोल आदि के ठेका के लिए ऑनलाइन टेंडर रात 9:15 बजे खोल दिया था। ईओ ने टेंडर के बारे में कोई भी जानकारी नोडल और जिलाधिकारी को नहीं दिया था। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद उनका वेतन और निविदा खोलने के लिए अधिकृत बायर शिव शंकर चौबे का वेतन रोकने के लिए आदेश दिया था।

### आशीष सिंह ने संभाला कार्यभार

जलालपुर नगर पालिका के रहे अधिशासी अधिकारी यदुनाथ का सेवानिवृत होने के पश्चात यहां का अतिरिक्त कार्यभार टांडा के अधिशासी अधिकारी आशीष सिंह ने ग्रहण कर लिया है। तत्पश्चात उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ बैठक कर सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**समस्या** | मालीपुर रेलवे स्टेशन से लखनऊ और कानपुर समेत अन्य जिलों में जाने के लिए लोगों को लंबा करना पड़ता है इंतजार

# मालीपुर स्टेशन पर ट्रेनों के कम संचालन से यात्री परेशान

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। मालीपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों लोग यात्रा करते हैं, लेकिन शाम होते ही लखनऊ जाने के लिए सात घंटे तक कोई ट्रेन न होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने इस बीच भी ट्रेन चलाई जाने की मांग की है।

बता दें कि मालीपुर रेलवे स्टेशन एक ऐसे स्थान पर बना हुआ है जहां से कई जिलों के लोग लखनऊ और अन्य स्थानों पर जाने के लिए आते हैं, लेकिन शाम ढलते ही किसी ट्रेन के न होने से लोगों को निराशा हाथ लगती है। ट्रेन एक सुरक्षित और कम किराए की सवारी है, जिससे लोग कम या ज्यादा दूरी की यात्रा आसानी से कर लेते हैं। ट्रेन की यात्रा काफी सुगम और आरामदायक मानी जाती है। ऐसे में लखनऊ जाने के लिए शाम 6:22 बजे के बाद रात 1 बजे तक कोई ट्रेन नहीं है। इस स्टेशन से लगभग आधा दर्जन ही ट्रेन अपनी रफ्तार भरती है। कम संख्या में ट्रेनों का संचालन होने की वजह से इन ट्रेनों में काफी भीड़ भी होती है। मालीपुर रेलवे स्टेशन पर कैफियत शाम को 6:22 इसके बाद बरेली एक्सप्रेस 1:22 पर आती है। सुबह जम्मू तवी एक्सप्रेस 4:59 पर, गंगा सतलज सुबह 8:10 पर, फरक्का एक्सप्रेस दिन में 11:40 पर, दोपहर दून एक्सप्रेस 12:41 पर, शाम को साबरमती 4:58 पर आती है। बस इतनी ही ट्रेने मालीपुर स्टेशन से लखनऊ के लिए गुजरती हैं। जबकि यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग ट्रेन पकड़ने के लिए मालीपुर स्टेशन पर आते हैं। इस स्टेशन पर सुल्तानपुर, आजमगढ़ व अंबेडकरनगर की लगभग 25 किमी की दूरी से लोग ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं। इस स्थिति में शाम के बाद देर रात तक ट्रेन न होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक एस एम शर्मा से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इसका जवाब पीआरओ देंगे।




मालीपुर स्टेशन (फाइल फोटो)।



धीरेन्द्र यादव



राकेश कुमार

**व्यावसाईयों को करना पड़ता है समस्या का सामना :** समाजसेवी धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि यहां से गुजरने वाली ट्रेनों की संख्या काफी कम है और रात में न के बराबर है। ट्रेनों की संख्या कम होने की वजह से यात्रियों को अपनी यात्रा पूरी करने में काफी परेशानी होती है। वहीं व्यवसायी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रेनों की कमी लोगों की समस्या का कारण है। हम सब व्यवसाईयों को व्यवसाय के लिए लखनऊ, कानपुर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट साधनों का सहारा लेने से अधिक समय और ज्यादा जेब भी ढीली करना पड़ता है।

### राजस्व कर्मियों को मतदान के लिए किया जागरूक

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने आलापुर तहसील के वसुधा सिंह सभागार में राजस्व कर्मचारी और राजस्व लेखपाल की संयुक्त बैठक कर उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। उपजिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को मतदान का महत्व बताएं। अगर कहीं किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें। समस्या का शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने लेखपालों से कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाओं को देंखे। यदि कोई कमीं मिलती है तो उसे अविलंब दूर कराएं।

## सार-संक्षेप

### नीट में दाखिले के नाम पर हड़पे 15 लाख रुपए

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। नीट प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण कराने और अच्छे कॉलेज में दाखिला कराने का झांसा देकर 15 लाख रुपए हड़पने के मामले मे क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर मालीपुर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला मालीपुर थानाक्षेत्र के रुकुनपुर टिकमलपुर गांव का है। बता दें कि पीडित प्रेम चन्द पाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरे मित्र सूर्य बली जनपद भदोही के डोभनपुर गांव के निवासी है। जिन्होंने हमसे कहा की आप के भाई के बेटी को नीट परीक्षा में अच्छे अंक के साथ उत्तीर्ण कराकर अच्छे कॉलेज में एडमीशन दिलवा दूंगा। जिसके लिए 18 लाख रुपए देने पड़ेगे जिसमें 15 लाख रुपए परीक्षा से पूर्व और 3 लाख रुपए परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद देना होगा। यदि परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होती है तो सारे पैसे वापस कर देंगे। तत्पश्चात सूर्यबली अपने दोनों पुत्रों के माध्यम से छल और धोखाधड़ी में हमेशा सहयोग करते थे। पीडित ने 26 मई 2020 स्टेट बैंक मालीपुर से उसके खाता में 11 लाख 71 हजार 500 और 3 लाख 28 हजार 500 रुपए नगद दिए। जब उनके पुत्रों से पैसा मांगा जाने लगा तो वह लोग आजकल करते हुए आना-कानी करने लगे और तारीख पर तारीख देते रहे। जिसके बाद वह सभी अमादा फौजदारी हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। मालीपुर पुलिस ने सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य के निर्देश पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

### कर्मचारियों के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों स्ह्य मतदान स्ह्य लिए फैसिलेशन सेंटर, पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना के लिए सूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही प्रभारी अधिकारियों की भी तैनाती कर दी है। जिला प्रशासन के आदेश में कहा गया कि 14 मई से 19 मई तक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट, माइक्रो प्रेक्षक और अन्य सभी कर्मचारी पोस्टल मतदान सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक कर सकते हैं। पुलिस कर्मचारी 22 मई से 24 मई तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में मतदान कर सकेंगे। वहीं आवश्यक सेवाओं से संबंधित मतदाता 19 मई से 21 मई तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में मतदान कर पएंगे। इसके लिए नायब तहसीलदार भीटी कौशलकांत मिश्र, टांडा के डॉ. अनुराग, रामनगर के राजकपूर, भियांव के हुबलाल और अकबरपुर के नायब तहसीलदार उमेशचंद्र यादव के अलावा बीडीओ रामनगर हौसिला प्रसाद, भीटी के दिनेश मौर्य व जहांगीरगंज के बीडीओ अनिल कुमार को प्रभारी बनाया गया है।

### सिपाही से मारपीट के मामले में एक साल की सजा

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। सिपाही से मारपीट के आरोपी को विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट राम विलास सिंह ने एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। बेवाना थाने में एक दशक पहले दर्ज कराए गए मुकदमे में सिपाही फिरतू राम ने कहा था कि घटकना निवासी रन्नू यादव ने मारपीट किया। इसी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अब विशेष जज ने आरोपी को एक साल के कारावास की सजा सुनाई है।

### पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना महरुआ पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना महरुआ पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त भोला पुत्र बंशू निवासी ग्राम बरामदपुर जरियारी थाना महरुआ को मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय अंतर्गत नरहरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामबली सिंह यादव, कांस्टेबल सौरभ पटेल, कांस्टेबल प्रवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर पर मारा छापा

अंबेडकरनगर, अमृत विचवार। औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी किया। उन्होंने अनंत फार्मा सद्दरपुर टांडा, सुधीर मेडिकल स्टोर अरिया बाजार, चौधरी मेडिकल स्टोर सद्दरपुर टांडा, अमर मेडिकल स्टोर औरंगनगर पहितीपुर बाजार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान औषधि विक्रय लाइसेंस और औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। मौके पर औषधियों के रख रखाव की भी जांच की गई और निर्देशित किया गया की बिना डाक्टर के पर्चे के कोई भी औषधि विक्रय न करें। जांच के दौरान जो भी कमियां पाई गई तीन दिन के अंदर ठीक करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी औषधि बिना बिल के क्रय और विक्रय न किया जाए।



जांच करते औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह।

## एक नजर

### थानाध्यक्ष ने लिया मतदान केंद्र का जायजा

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कौड़िया के थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त के साथ मतदान केंद्र गौंसिहा, छितौनी व बनगाँई का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने ग्रामीणों से आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव मे गड़बड़ी करने वाले तत्वों के बारे में जानकारी हासिल की।

### स्वास्थ्य शिविर में 16 मरीजों का किया परीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कस्बा घुचुआपुर के श्री रग्घू बाबा सेवा आरोग्य संस्थान पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने बताया कि इस शिविर में 16 मरीजों की बनारस से आए चिकित्सक डॉ आर बी वैद्य तथा लखनऊ से आयी चिकित्सक डॉ पल्लवी सिंह द्वारा स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने बताया कि इन चिकित्सकों द्वारा मरीज के स्वास्थ्य की जांच के बाद उन्हें समुचित इलाज के लिए दिशा-निर्देश दिया गया।

### सागौन की 11 बोटा लकड़ी बरामद, जांच शुरू

**मनकापुर, अमृत विचार :** वन माफिया जंगल की साखू व सागौन के पेड़ों पर आरा चला रहे हैं। डीएफओ की फटकार पर विभाग हरकत में आया है। टिकरी रेंज के करौंदी बीट के भीटेहरा में वन माफिया ने जंगली सगौन का पेड़ काट लिया। पेंड़ के गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने डीएफओ को सूचना दी। डीएफओ पंकज शुक्ल के निर्देश पर आनन-फानन में टिकरी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर काटे गए सागौन पेंड़ के 11 बोटा लकड़ी को कब्जे में लेकर संबंधित वन दरोगा नंद गोपाल श्रीवास्तव व वन रक्षक से पूछताछ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

# अनदेखी: निष्प्रयोज्य साबित हो रहा चार करोड़ से बना अन्नपूर्णा भवन

## इसी भवन से बंटना था खाद्यान्न, कोटेदारों की बेरुखी से योजना हुई धराशायी



पंडरीकृपाल के भटलिया गांव में बना अन्नपूर्णा भवन। अमृत विचार



परसपुर ब्लॉक के दुल्लापुर तरहर में बना अन्नपूर्णा भवन। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जनपद में 50 से अधिक अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गए हैं। जिनका लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है। करीब 4 करोड रुपए के लागत से बने इन अन्नपूर्णा भवनो में आज तक खाद्यान्न वितरण शुरू नहीं हो पाया है।अन्नपूर्णा भवन से मार्च माह में खाद्यान्न वितरण किया जाना था।

जिले में 75 जगह पर अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने थे। जिनमें से 50 जगह पर अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार भी हो गए। जिनका मुख्यमंत्री लोकार्पण भी कर दिया था सरकार की मंशा थी की इन्हीं भवन में खाद्यान्न को रखकर राशन कार्ड धारकों को वितरित किया जाएगा। यहां पर रख खाद्यान्न सुरक्षित रहेंगे। अन्नपूर्णा भवन पर बिजली आदि की भी व्यवस्था करनी थी अधिकांश जगहों पर बिजली कनेक्शन भी हो चुका है। लेकिन इसके बावजूद अभी तक जनपद में खाद्यान्न वितरण अन्नपूर्णा भवन से शुरू नहीं हो पाया है। अन्नपूर्णा भवन ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना से बनाया जाना था। एक अन्नपूर्णा भवन पर करीब 8 लाख खर्च किया जाना था। अन्नपूर्णा भवन ग्राम समाज की जमीन पर बनना था इन स्थानों के चयन पर यह ध्यान रखना था कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न पहुँचने वाले वाहन इन दुकानों पर जरूर पहुंचे। सरकार के सख्ती के चलते कई दुकानों का निर्माण हो गया जिसका वर्चुअल लोकार्पण भी मुख्यमंत्री ने किया। सबको लगने लगा था कि कोटेदार अब इस दुकान पर खाद्यान्न रखकर वितरण करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोटेदारों की बेरुखी से यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। लाखों की लागत से बने इन अन्नपूर्णा भवन पर ताले लटक रहे हैं।

**मार्च में सीएम ने किया था वर्चुअल लोकार्पण :** अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी ने मार्च महीने में वर्चुअल तरीके से किया था।

विकासखंड झंझरी के रामनगर तरहर में बने अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण हुआ था। इसके बाद इसको जनता के लिए सौंप दिया गया था, लेकिन यहां भी खाद्यान्न नहीं बट रहा है। लाभार्थियों का कहना है कि प्रशासन के लापरवाही के चलते लाखों रुपये के भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

### इन गांवों में बनकर तैयार है अन्नपूर्णा भवन

विकासखंड झंझरी के रामनगर तरहर, चकसड़ रूपईडीहा के बिछुड़ी, बेलवाभान बहलीजोत, मुजेहना विकासखंड में बछईपुर, दिनारा, बनकटी सुरबली सिंह ,रेतवागाड़ा विकासखंड पंडरी कृपाल में दरियापुर हरदोई पट्टी, भटवालिया, परसपुर विकासखंड के चंगेरी, दुल्हापुर तरहर कर्नलगंज में रामगढ़, अलीपुर गोकुला, मेहर, नकहरा हलधरमऊ में कलवारी, उमरिया, भगरिया पूरे मितई, विकासखंड तरबगंज में धौरहरा घाट , पथार, वजीरगंज में रामपुर खरहटा बेलसर में पूरेडाल, गंगरौली, नवाबगंज में उमरिया ,छपिया में तिरूखा बुजुर्ग ,लक्ष्मी नगर ग्रांट विकासखंड मनकापुर में महेवा नानकार, सिसवा तथा विकासखंड बभनजोत में अलाउद्दीनपुर, करोहा, मनीजोत, बड़ाहरा है।

> सभी कोटेदारों को अन्नपूर्णा भवन में खाद्यान्न रखकर वितरण करने का निर्देश दिया गया था ।यदि खाद्यान का वितरण अन्नपूर्णा भवन में नहीं हो रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी।उन्होंने बताया कि कुछ अन्नपूर्णा भवन में बिजली नहीं पहुंच पाई है, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।सभी पूर्ति निरीक्षकों को नोटिस देकर अन्नपूर्णा भवन में खाद्यान्न के वितरण क्यों नहीं हो रहा है जवाब मांगा जाएगा।मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी।
>
> **-कृष्ण गोपाल पांडेय,** जिलापूर्ति अधिकारी

### महिला को भगाकर ले गया युवक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** पति के साथ पंजाब गयी पत्नी प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पति ने पत्नी के जिले के एक गांव में होने की शिकायत करते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। वजीरगंज के एक गांव निवासी पति द्वारा की गई शिकायत के अनुसार एक वर्ष पूर्व उसकी शादी कोतवाली देहात अंतर्गत एक गांव में हुई थी। पत्नी को लेकर वह पंजाब चला गया जहां से वो लापता हो गयी। पति ने जनपद के कोतवाली देहात के विममौर निवासी सूरज वर्मा पर पत्नी को बहला फुसला कर भागने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना स्थल पंजाब का होने के कारण कोई भी विधिक कार्यवायी वहीं होगी।

# फातिहा ख्वानी से मीर अली के उर्स का शानदार आगाज

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** होलापुर स्थित हज़रत मीर अली शाह की दरगाह में फातिहा ख्वानी से उर्स का आगाज हुआ। इसमें क्षेत्रीय ओलमा और कमेटी के जिम्मेदारों ने शिरकत कर कुरान-ए-पाक की तिलावत कर हाजरीन के जायज़ मक़ासिद में कामयाब होने और मुल्क में अमन चैन तरक्की करने की दुआएं मांगी। सोमवार को गुलपोशी कर गागर दरगाह मीर अली शाह से निकाला जाएगा और क्षेत्र भ्रमण कर देर शाम आस्ताने पर खत्म होगा। दरगाह पर सूफियाना अंदाज में जायरीनों के बीच शानदार जवाबी कव्वाली का मुकाबला इंतजार साबरी दिल्ली और गुलाम हबीब पेंटर बदांयू के बीच होगा। मंगलवार को जवाबी मुकाबला ताहिर चिश्ती बदांयू, और सनम वारसी नागपुर के बीच में होगा। आयोजक काजी मुनीर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जैनुल आब्दीन ने बताया हज़रत मीर अली शाह का उर्स देवीपाटन मंडल का वर्षों पुराना आयोजन है। उर्स की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उर्स को संपन्न कराने में प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह और विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह वरिष्ठ समाजसेवी राजिक उस्मानी, डॉ सैय्यद हाफिज अली, अतिथियों का दरगाह पर साफा बांधकर इस्तकबाल करेंगे।

# दो अधिवक्ताओं पर गंभीर आरोप में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** तहसील में तैनात राजस्व लिपिक की तहरीर पर पुलिस ने दो अधिवक्ताओं के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दो मई को तहसील में तैनात राजस्व लिपिक वैष्णो दत्त ने दो अधिवक्ताओं पर अभद्रता करने मारपीट करने के साथ ही सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की तहरीर पुलिस को दी थी। जिसमें कहा था कि वह अपने कार्यालय (नजारत) का कार्य कर रहा था, इसी बीच अधिवक्ता अरबिन्द शुक्ल एवं हृदयनरायन मिश्र अपने बेंच पर कार्य कर रहे मुंशियों के साथ कार्यालय (नजारत कक्ष) में सुबह साढ़े दस बजे आये। सरकारी कार्य व निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए उसे जाति सूचक शब्द से संबोधित किया। उसके साथ अभद्रता भी की। इसके साथ ही उसे मारा पीटा। यही नही आरोप लगाया कि आफिस में लगे कम्प्यूटर को भी तोड़ दिया। मामले में तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई थी। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने कहा राजस्व लिपिक वैष्णो दत्त की तहरीर पर मुकदमा अधिवक्ता अरबिंद शुक्ल, हृदय नरायन मिश्र व अज्ञात मुंशी के खिलाफ दर्ज किया गया है, जांच क्षेत्राधिकारी के द्वारा की जाएगी।

### साले को दी जान से मारने की धमकी

**इटियाथोक, अमृत विचार:** पत्नी के साथ चल रहे मुकदमें में सुलह को लेकर एक युवक ने अपने ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। युवक ने अपने साले पर मुकदमें को सुलह कराने का दबाव बनाया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी। मामला ग्राम पंचायत कलेना से जुड़ा है। कलेना के रहने वाले अनिल कुमार गिरी थाने पर प्रार्थना पत्र देकर अपने बहनोई मुन्ना उर्फ मंगेश गिरी पुत्र सियाराम गिरी पर आरोप लगाया है कि मुन्ना उर्फ मंगेश तथा उनके कुछ अन्य लोगों ने घर पर पहुंचकर न्यायालय में चल रहे मुकदमे में सुलह करने की बात कही।

# धैर्यवान, जितेंद्रिय और क्रोध से रहित होना ही धर्म का पहला लक्षण

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन पं. विवेकानंद ने बताया धर्म का महत्व

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहंगपुर सहजौरा के शिवनाथपुरवा में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित विवेकानंद ने कहा कि जिसे हम धारण कर सके वही धर्म है। धैर्यवान, पवित्रवान, सत्यवान, क्षमावान, क्रोध रहित व जितेंद्रिय, शीलवान, दानवान आदि होना धर्म के लक्षण है। उन्होंने धर्म की व्याख्या करते हुए उक्त बाते कहीं।


पंडित विवेकानंद। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि कथा सुनना, मंदिर जाना,तीर्थयात्रा करना यह सब धर्म नही बल्कि धर्म तक पहुंचने का साधन है। धर्म तक पहुंचाने के साथ ही आपको धर्म तत्व तक पहुंचा देंगे। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में कहा है कि दूसरों की भलाई करने वाला दूसरों की पीड़ा समझने के समान दूसरा कोई धर्म नहीं है।

कथावाचक ने भागवत पुराण की रचना, परीक्षित जन्म, परीक्षित को तक्षक नाग काटने का शाप आदि कथा को सुनाया। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से जहां मन सकारात्मक दिशा की ओर जाता है वहीं इससे शांति की भी अनुभूति होती है। इस अवसर पर नकछेद पांडेय, राकेश पांडेय, महेश पांडेय, राहुल पांडेय, हरिशंकर पांडेय, कप्तान मिश्रा, बृजलाल, योगेश पांडेय आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अब गेहूं बेचने के लिए जाना होगा फल, सब्जी मंडी

## नवीन गल्ला मंडी में मतगणना स्थल होने के कारण स्थानांतरित किए गए सरकारी क्रय केंद्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** किसानों को अब अपनी उपज बेचने के लिए उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी जाना होगा ।नवीन गल्ला मंडी में मतगणना स्थल होने के कारण कर केंद्रो को सब्जी मंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब यहीं पर किसानों से खरीद की जायेगी। जनपद में गेहूं खरीदने के लिए छ एजेंसियों को जिम्मेदारी मिली है। सबसे अधिक गेहूं खरीदने का लक्ष्य पीसीयू को मिला है।इस एजेंसी को 42000 मेट्रिक टन गेहूं के खरीद करनी है। जिले में गेहूं खरीदने के लिए सरकार की ओर से 116 केंद्र स्थापित किए गए हैं।


नवीन फल एवं सब्जी मंडी में बनाया गया गेंहू क्रय केंद्र। अमृत विचार

जनपद में इस बार छ एजेंसी को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी सौंप गई है ।जिसमें खाद्य विभाग 20000 मेट्रिक टन ,पीसीएफ को 33000 मेट्रिक टन, पीसीयू को 42000 मेट्रिक टन ,यूपीएसएस को 20000 मेट्रिक टन ,भारतीय खाद्य निगम को 11700 मेट्रिक टन तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति को 4000 मेट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। इस बार 130700 मेट्रिक टन गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। जिले में खरीद नहीं हो पा रही है जो लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया था उसके सापेक्ष अभी तक पांच फ़ीसदी ही खरीद हो पाई है। इसी बीच लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया। लोकसभा चुनाव के बाद ईवीएम मशीन नवीन गल्ला मंडी के परिसर में स्थित व्यापारियों की दुकानों में रखी जाती हैं। यहां पर बने प्लेटफार्म पर मतदान के गिनती होती है ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने हर हाल एक मई तक प्लेटफार्म व दुकानों को खाली करने का निर्देश दिया था, जिसके क्रम में गेहूं खरीद केंद्रो को यहां से स्थानांतरित कर दिया गया है। कुछ केंद्र प्रभारी को ग्रामीण क्षेत्रों में खरीद करने को कहा गया है। फल एवं सब्जी मंडी में सात केंद्र स्थापित किए गए हैं। जो किसानों से गेहूं खरीदेंगे। फिलहाल केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने नवीन गल्ला मंडी में मतगणना होनी है। जिसको लेकर प्लेटफार्म को खाली करने के आदेश प्रशासन की ओर से मिला था निर्देश के क्रम में गेहूं खरीद केंद्र को अब उतरौला रोड स्थित सब्जी मंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब यही किसानों से खरीद की जाएगी।

# मुंबई से चोरी कर फरार तीन शातिर पकड़े

## आरोपियों से 1.45 लाख रुपये नकद व एक करोड़ से अधिक के जेवर बरामद

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मुंबई के खार इलाके से 7 लाख रुपये की नकदी समेत करोड़ों रुपये के जेवर चोरी कर फरार हुए तीन शातिरों को मुंबई पुलिस ने जिले की कटरा बाजार पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1.45 लाख रुपये की नकदी व एक करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का जेवर बरामद किया है।

मुंबई शहर के खार इलाके के रहने वाले साहिल अनील गोयल को मुताबिक वह खार थाना क्षेत्र के राजगीर अपार्टमेंट में परिवार समेत रहते हैं। घर पर तीन नौकर हैं जो झाड़ू पोछा व रसोइया का काम करते हैं। 22 अप्रैल को वह अपने परिवार के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गोवा गए हुए थे। घर पर उनके तीनों नौकर ही थे।

साहिल का कहना है कि जब वह 25 अप्रैल को वापस लौटे तो उनके बेडरूम में लगी दो आलमारी टूटी हुई पायी गयी। आलमारी में रखी 6-7 लाख रुपये की नकदी नगद व सारे जेवरात सोने के हार, चूडियाँ, झुमके सहित डायमंड के आभूषण के साथ तीनों नौकर गायब मिले।आभूषणों के खाली डिब्बे बिस्तर पर पड़े हुए थे। इस मामले में उन्होने 26 अप्रैल को खार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।थाना खार पुलिस ने घटना की विवेचना शुरू की तो संकलित साक्ष्यों के आधार पर तीनों नौकरों की संलिप्तता सामने आई। सर्विलांस के माध्सम से तीनों की लोकेशन जिले के कटरा बाजार इलाके में पायी गयी। इसके बाद मुंबई पुलिस गोण्डा पहुंची और स्थानीय पुलिस से संपर्क कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी निरंजन पुत्र रामा बहेलिया निवासी बोटन पुरवा मौजा शाहजोत

रामचेलवा पुत्र मैकू पासवान निवासी ग्राम बरौली पोस्ट कटराबाजार व जयप्रकाश पुत्र हरिशंकर रस्तोगी कस्बा कटरा बाजार थाना कटरा बाजार को दबोच लिया।

प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि निरंजन बहेलिया के पास से चोरी के 80 हजार रुपये रामचेलवा के पास से चोरी के 65,900 रुपये व जयप्रकाश रस्तोगी के पास से चोरी किए गए एक करोड़ रुपये से अधिक का जेवरात बरामद किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आगे भी सघन पूछताथ की जा रही है ताकि औज चीजें सामने आएं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुंबई पुलिस के उप निरीक्षक हनुमन्त कुम्भारे मय टीम व जिले की सर्विलांस टीम शामिल रही।

# गांव में काम नहीं, पलायन कर रहे मजदूर

## रुपईडीह ब्लॉक के कई गांवों में मनरेगा कार्य ठप, अधिकारी बरत रहे लापरवाही

गोंडा , कार्यालय

**अमृत विचार:** गांव में मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसलिए लोग रोजी-रोटी के तलाश में जिला मुख्यालय व प्रदेश पलायन कर रहे हैं। मनरेगा में भी अधिकारियों के लापरवाही से काम नहीं हो रहा है। इसके चलते मजदूर तबका परेशान है।




विकासखंड रूपईडीह की ग्राम पंचायत बलुवा ककरा, बलवंत नगर, भैरमपुर, असिधा, भटपुरवा, भोलाजोत, भोपाल पुर, भुलईडीह, भुडकुडा, छितौनी, देवरहना, हरखापुर,जेठ पुरवा, कल्यानपुर, कोचवा, मंगलनगर, नरहरिया, निधि नगर, परसदा, पिपरा बाजार, पूरे पाठक, पिपरा चौबे, रज्जनपुर, सहजनवा, सरहरा, सुसगवा, टडवागुलाम सहित ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मनरेगा के अंतर्गत कार्य नहीं शुरू हुआ। मनरेगा के कार्य प्रारंभ न होने से ग्रामीण मजदूर महानगरों की तरफ पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं । मजदूरों को उनके ही गांव में रोजगार मिले जिसके लिए मनरेगा कानून बनाया गया था। जिसके तहत वर्ष में कम से कम 100 दिन गांव के मजदूरों को रोजगार दिया जाना था। सैकड़ों श्रमिकों अपने गाँव से निकल कर रोजी रोटी के लिए महानगरों की जा रहे हैं।

वर्ष 2005 में मनरेगा योजना लागू की गई थी ताकि गांव के लोगों को गांव में मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा सके और लोगों को रोजी रोटी के अभाव में महानगरों की ओर पलायन न करना पड़े। लेकिन हालात इतने खराब है कि एक तो ग्राम पंचायतों में मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। तो दूसरी ओर निर्माण कार्य बंद पड़े हैं। कुछ ग्राम पंचायत में जहां काम चल रहा है वहां पर स्थानीय मजदूरों की जगह ठेका पट्टा यह फिर दूसरे गांव के मजदूरों को रोजगार दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत भुलईडीह के प्रधान व रूपईडीह प्रधान संघ के महामंत्री बृजेन्द्र नाथ शुक्ला ने बताया कि अधिकारियों के द्वारा उदासीनता व पत्रावली पर स्वीकृत प्रदान न करने के कारण मनरेगा के अंतर्गत कार्य बंद पड़े हुए हैं। इस संबंध में डीसी मनरेगा जेपी यादव ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के कारण ग्राम पंचायतों में कार्यों की स्वीकृत नही हो सका। बीडीओ मृत्युंजय यादव ने बताया कि कई गांवों के रोजगार सेवक व सचिव को नोटिस जारी किया गया है।

खेलकूद

**पत्रकार एकादश के दमखम से अंतिम ओवर तक बना रहा रोमांच, आयुक्त ने दिलाई शत-प्रतिशत मतदान की शपथ**

# मैत्री क्रिकेट मैच : 37 रन से विजयी रहा जिला प्रशासन एकादश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** 20 मई को होने वाले लोस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर शनिवार को प्रेस फ्रीडम डे के मौके पर जिला प्रशासन व मीडिया एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मैच के प्रारंभ में शानदार प्रदर्शन करने वाली मीडिया एकादश की टीम आखिरी क्षणों में अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी जिससे प्रशासन एकादश ने 37 रन से मैच जीत लिया। डीएम नेहा शर्मा ने विजेता व उप विजेता टीम को सम्मानित किया।

शहर के अदम गोंडवी मैदान पर आयोजित मैच की शुरुआत देवी पाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने किया। उन्होने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। प्रशासन एकादश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मीडिया एकादश के गेंदबाजों के सामने पहले के पांच ओवरों में ही प्रशासन एकादश ने चार विकेट गंवा दिए। हालांकि ओपनिंग करने उतरे एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी एक छोर संभाले रहे। पहले के आठ ओवरों में धीमी बल्लेबाजी करने के बाद प्रशासन एकादश की टीम ने गियर बदला और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 164 रन बना दिए। प्रशासन एकादश की तरफ से नरसिंह ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। मीडिया एकादश की तरफ से हेमंत ने चार विकेट चटकाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मीडिया एकादश की टीम ने भी ताबड़तोड़ शुरूआत की। ओपनिंग बल्लेबाज मोहसिन मोनू व टीम के कप्तान रमन मिश्र ने सधी हुई बैटिंग करते हुए पहले के चार ओवर में 50 रन जोड़े। कप्तान के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे सोयब ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए मैदान के चारों तरफ चौके धक्के बरसाए और अपनी टीम का स्कोर 8 ओवर में 90 रन पहुंचा दिया लेकिन इसी दौरान सोयब भी आउट हो गए। मैच के आखिरी ओवर में प्रशासन एकादश की टीम की तरफ से गेंदबाज नरसिंह ने तीन विकेट लेकर मैच प्रशासन की झोली में डाल दिया। डीएम ने विजेता टीम के कप्तान सीआरओ महेश प्रकाश व उपविजेता टीम के कप्तान रमन मिश्रा समेत सभी खिलाड़ियों को ट्राफी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। नरसिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।


मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र व डीएम नेहा शर्मा।


मैच के बाद दोनों टीमों के साथ जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

# बैंकों की सुरक्षा को लेकर चलाया सघन अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** रविवार को बैंक की प्रतिष्ठानों के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया गया। सभी क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस कर्मियों के साथ एटीएम, बैंक आदि वित्तीय संस्थानों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों को जागरूक किया। सभी थाना अध्यक्षों व चौकी इंचार्ज ने बैंक पर पहुंचकर सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों से बातचीत की तथा बैंक में मौजूद रहे ग्राहकों से भी वार्ता कर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान बैंक, एटीएम ग्राहक सेवा केन्द्रों व अन्य वित्तिय संस्थानों के आस-पास संदिग्ध अनावश्यक खड़े व्यक्ति की चेकिंग की गयी।

पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा को लेकर बैंक प्रबंधकों से भी बातचीत की। उनसे कहा कि यदि कोई अनावश्यक रूप से बैंक परिसर या उसके आसपास घूम रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस के दी जाए। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कर्मियों ने यह भी कहा कि यदि अधिक पैसा लेकर किसी और दूसरी शाखा में जा रहे हैं तो पुलिस सुरक्षा जरूर ली जाए। पुलिस कर्मियों ने कई ग्राहकों को भी सुरक्षा की जानकारी दी तथा जागरूक किया।

एक नजर

### रंजिश में दंपति और बेटे पर लाठी-डंडे से किया हमला

खरगूपुर, अमृत विचार : रंजिश में पति पत्नी व बेटे की लाठी से हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनरिया के मजरा तमहीपुरवा का है। यहां धर्मेंद्र दुबे तथा श्याम बिहारी दुबे के बीच काफी दिनों से रंजिश चल रही है। शिल्पी देवी व पति धर्मेंद्र दुबे तथा पुत्र आदर्श दुबे पर अचानक लाठी डंडा से हमला कर दिया गया जिससे उनको चोटें आईं। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भिजवाया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि हमले में घायल शिल्पी देवी की तहरीर पर हमले तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में श्याम बिहारी दुबे, पंकज दुबे, रिंकू तथा राम बिहारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया गया है।

# 47 अपराधियों पर लगा गैंगस्टर एक्ट, 26 की खुली हिस्ट्रीशीट

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग लगातार कर कार्रवाई कर रहा है। पुलिस महकमें ने अब तक 47 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है जबकि 26 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है। एसपी का कहना है कि चुनाव में कहीं कोई खेल न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। अपराधियों का चिन्हीकरण कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।



लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे जिले में तैयारियां जोरों पर है। जनपद में पांचवें चरण में चुनाव होना है। यहां पर 20 मई को मतदान होगा। शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो इसके लिए पुलिस महकमा लगातार कार्रवाई कर रहा है। अब तक लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपर्क करने के लिए 47 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई जिला प्रशासन के द्वारा की गई है। इसी के साथ-साथ 26 ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए हिस्ट्रीशीट भी खोली गई है जिन पर पुलिस लगातार नजर बनाए रखे हुए हैं। निर्वाचन आयोग चाहता है कि मतदान प्रतिशत बढ़े इसके लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम कराया जा रहा है ।आयोग की ही मंशा के अनुसार जनपद में भयमुक्त चुनाव संपन्न हो इसके लिए अपराधियों की धरपकड़ भी की जा रही है। अब तक हजारों की संख्या में लोगों पर पाबंद की कार्रवाई की गई है। सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अराजक तत्वों की सूची बना रहे हैं ।जिनको पाबंद किया जा रहा है। सभी बीट सिपाहियों को भी पुलिस कप्तान ने सचेत कर दिया है कि सभी लोग अपने क्षेत्र में जाकर गांव के प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलकर अपराधियों को चिन्हित करे और उन्हे पाबंद कराएं। कप्तान के इस फरमान का नतीजा भी आ रहा है। सभी थाना क्षेत्रों में अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अवैध असलहों का कारोबार करने वाले लोगों की भी तलाश में जुटी है। अब तक करीब तीन दर्जन अवैध तमंचा पुलिस के हाथ लग चुके हैं। यह अलग बात है कि इन असलहों की तस्करी कौन करता है, यह कहां बनते हैं और इनकी सप्लाई कैसे होती है इसकी जानकारी पुलिस नहीं जुटा सकी है।

### अपराधियों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर

पुलिस विभाग ने जिन्हें अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है वह विभिन्न थाना क्षेत्र के हैं। इन पर पुलिस की बारीकी से नजर है। उनकी हरकतों पर पुलिस नजर बनाए हुए हैं। 24 घंटे इन पर नजर रहेगी। यह क्या करते हैं कहां जाते हैं पूरी सूचना पुलिस के पास होती है। चुनाव में किस क्षेत्र में आवागमन होता है इस पर भी नजर रखी जा रही है। 47 ऐसे लोग जिन पर जिला प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की हैउन पर भी नजर रखने का निर्देश डीएम ने एसपी के माध्यम से सभी थानाध्यक्षों को दिए है। गैंगस्टर के आरोपियों से मिलने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर है।

### संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे एसपी

संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस सी पैनी नजर है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल खुद इस तरह के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और वहां की भौगोलिक स्थिति की जानकारी कर रहे हैं। साथ ही वहां के मतदाताओं से भी मिलकर स्थानीय समस्याओं के बारे में रूबरू हो रहे हैं। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जहां पर मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहां के सुख सुविधाओं के बारे में भी जानकारी रखने को कहा है। रास्ते में जो समस्या है आ रही है उनकी भी सूची बनाने को प्रशासन ने कहा है।

> सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र के अराजकतत्वों को चिन्हित करते हुए पाबंदी की कार्रवाई कर रहे हैं। अब तक जनपद में 47 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है तथा 26 की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। पुलिस इनकी निगरानी कर रही है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वह खुद जा रहे हैं और लोगों से बातचीत कर समस्या का समाधान करा रहे हैं। चुनाव में किसी तरह का खलल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुलिस प्रशासन शांतिपूर्ण तौर निष्पक्ष मतदान कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
>
> -विनीत जायसवाल, पुलिस अधीक्षक

### सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : अयोध्या में प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर सुरक्षा सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे अनुभाग गोरखपुर के क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार सिंह ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर जांच पड़ताल की ।उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी लोग अपने दायित्वों का पालन करें ।रेलवे स्टेशन पर हो रही सारी गतिविधियों पर नजर रखें ।स्टेशन के बाहर भी बराबर ग्रस्त करते रहें। क्षेत्र धिकारी ने जीआरपी के इंस्पेक्टर अरविंद सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव का समय है अपराधी गतिविधियों पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि गोंडा जनपद संवेदनशील श्रेणी में है। इसलिए बिहार, गोरखपुर से आने जाने वाले लोगों पर सख्त नजर रखें। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि अराजक तत्व, अपराधियों को अभियान चला कर गिरफ्तार करें। उन्होंने चेकिंग अभियान के दौरान कई यात्रियों से भी बातचीत की और उन्हें निर्देश भी दिया।

# पूरी जिम्मेदारी से चुनाव कराएं अधिकारी: प्रेक्षक

## निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ने जिला पंचायत सभागार में बैठक कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने जनपद में आये तीनों प्रेक्षकों ने रविवार को जिला पंचायत सभागार में सभी आरओ, एआरओ, नोडल अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराए। चुनाव बहुत ही नजदीक है इन शेष दिनों में सभी अधिकारी सक्रियता के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

पुलिस प्रेक्षक अरनब घोष ने कहा कि सी विजिल एप का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाये। 1950 और सीविजिल एप पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्ता निस्तारण किया जाये। प्रेक्षक निधि निवेदिता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा की गई चुनावी तैयारियों से वह पूर्ण रूप से संतुष्ट हैं। उन्हें उम्मीद है कि गोंडा जिला प्रशासन इस निर्वाचन को बहुत ही अच्छे ढंग से संपन्न कराएगा।

प्रेक्षक रामवीर ने कहा कि प्रत्येक एआरओं व अन्य जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का अच्छे से अध्ययन करें। कोई ये न समझे कि उसने पहले भी चुनाव कराए हैं तो ये चुनाव भी पहले की भांति ही होगा। भारत निर्वाचन आयोग हर चुनाव में कुछ ना कुछ बदलाव करता है। इस चुनाव में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। अधिकारी उन बदलाव का अच्छे से अध्ययन करें और उसी के अनुसार चुनाव को सकुशल सम्पन्न करायें।



चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते प्रेक्षक। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि गोण्डा में निर्वाचन सकुशल सम्पन्न कराया जायेगा। पुलिस बल व अन्य सुरक्षा बल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगा। अराजक तत्वों को निर्वाचन में कोई विघ्न नहीं डालने दिया जायेगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये कई प्रयास किये जा रहे है। कैसरगंज लोकसभा की रिटर्निंग अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मौली ने कहा कि चुनाव के सापेक्ष कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है और उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। चुनाव सकुशल सम्पन्न कराया जायेगा। एसपी विनीत जायसवाल ने कहा संवेदनशील बूथों की ड्रोन से निगरानी हो रही है। शरारतीतत्वों व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद रहैगी। पुलिस कर्मियों को उनके दायित्व समझा दिये गये है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य राजस्व अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, अपर उपजिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, राजीव मोहन सक्सेना, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, बीएसए सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### सी विजिल ऐप से करें आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उपबन्धों के उल्लंघनों की शिकायत दर्ज करने के लिए सी विजिल एप विकसित किया गया है। सी विजिल ऐप का अर्थ है जागरूक नागरिक। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में नागरिकों की सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देता है। सी विजिल ऐप एक उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लीकेशन है जिसे संचालित करना आसान है। जिसका उपयोग वर्तमान संसदीय निर्वाचन की घोषणा की तारीख से उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशेषता यह है कि यह केवल लाइव फोटो/वीडियों और ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है ताकि निगरानी टीम को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। इस ऐप को ऐसे किसी भी स्मार्ट फोन में इंस्टॉल किया जा सकता है जिसमें कैमरा, इण्टरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस हो। इस एप्लीकेशन का उपयोग करके आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की घटनाओं को देखते ही तत्काल इसकी रिपोर्ट कर सकते है और इसके लिए उन्हे रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में भी नहीं जाना पड़ेगा। यह ऐप निगरानी दलों के साथ जुड़ा है जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोर्टिंग, कार्यवाही और निगरानी प्रणाली का निर्माण होता है। शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधि की केवल एक तस्वीर या दो मिनट का वीडियों और संक्षिप्त में इसका वर्णन कर दें। शिकायत के साथ कैप्चर की गयी जानकारी स्वत: ही जिला नियंत्रण कक्ष में चली जाती है जिससे निगरानी दल को कुछ ही मिनटों में घटना स्थल पर भेज दिया जाता है। सी विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की गयी शिकायतों का निस्तारण 100 मिनट में किया जाता है। यह ऐप वेबसाइट https://cvigil.eci.gov.in/theme/user-manual.html से तथा गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप्पल स्टोर से भी नि:शुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर चिपकाए स्टीकर

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में रविवार को पीटीओ शैलेन्द्र तिवारी के अगुवाई में वाहनों पर स्टिकर लगाकर आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्टीकरों को कई सवारी वाहक एवं माल वाहक गाड़ियों पर लगाया गया। जनपद का मतदान प्रतिशत 70% के पास पहुंचना है अत: सभी विभाग इसमें अपने अहम भूमिका निभा रहे हैं। 20 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि सभी लोग 20 मई को घर से निकलकर पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

# सम्मेलन में बताई सरकार की उपलब्धि

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गौरा विधानसभा के महिला मोर्चा सम्मेलन में मुख्य अतिथि मोदीनगर विधायक डा मंजू शिवाच के साथ विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने उपस्थित मातृशक्ति माताओं-बहनों को सम्बोधित किया और भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाये जा रही विभिन्न जनकल्याणक़ारी योजनाओं की जानकारी दी।



महिला मोर्चा के सम्मेलन में मौजूद मुख्य अतिथि व विधायक। अमृत विचार

नीति निर्धारण से लेकर राष्ट्र के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी एवं उचित भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मोदी सरकार ने बीते 10 वर्षों में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं-बहनों ने, नारीशक्ति के कल्याण एवं सम्मान के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, ज़िलाध्यक्ष महिला मोर्चा वीना राय, ज़िला प्रभारी महिला मोर्चा अल्का सिंह पटेल, विधानसभा प्रभार प्रमोद चंचल, विधानसभा संयोजक श्रवण शुक्ला, महिला मोर्चा ज़िला महामंत्री अनुपमा श्रीवास्तव, ज़िला उपाध्यक्ष वीना श्रीवास्तव सहित सम्मानित मातृशक्ति मातायें-बहनें उपस्थित रहीं।

### गणेश पाण्डेय अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

करनैलगंज, अमृत विचार : सपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा कैसरगंज लोस में प्रत्याशी चयन को लेकर लिए गए फैसले से नाराज होकर करनैलगंज विधानसभा के अध्यक्ष गणेश पाण्डेय ने पार्टी के जिलाध्यक्ष को इस्तीफा देकर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। गणेश पाण्डेय की अगुवाई में चौधरी नाफे राइनी, हाजी हारून, अजीज सभासद, जुबेर सभासद, ध्रुव नारायन दुबे, सज्जन सिद्दीकी, अतुल चौरसिया, अंकित दीक्षित, शिवम पाण्डेय, अमरेश पाण्डेय आदि सपा कार्यकर्त्ता भाजपा में शामिल हो गए। रविवार को गणेश पाण्डेय के सकरौरा स्थित आवास पर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह का जोरदार स्वागत हुआ।




नगर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में बोलते करन भूषण सिंह।

### उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरूंगा: करन भूषण

करनैलगंज, अमृत विचार : रविवार को नगर के एक गेस्ट हाउस में रामजीलाल मोदनवाल के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कैसरगंज के भाजपा प्रत्याशी करन भूषण सिंह ने कहा मुझे जो दायित्व मिला उस पर खरा उतरूंगा। इस मौके पर आशीष सोनी, कन्हैया लाल, मोहित पाण्डेय, अशोक सिंह, गुड्डू सिंह, विवेक सिंह, डीपी सिंह राठौर, एसपी तिवारी, चंद्रशेखर गोस्वामी, लक्ष्मी चंद्र खेतान, उमेश मिश्र, अशोक सिंहानिया, भूपेंद्र सिंह, रमनदीप सिंह, रानू पाण्डेय, शिवम सिंह, शशांक सिंह आदि रहे।

# वकीलों का लोकतंत्र में भागीदारी का संकल्प

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अधिवक्ता भी इस चुनावी महासमर में अपनी भूमिका का निर्धारण करते हुए उतर आए हैं। राष्ट्रवादी व शत प्रतिशत मतदान करने के लिए एक अधिवक्ता समागम का आयोजन कर अपनी सक्रिय भूमिका निर्वहन करने का संकल्प लिया।

अधिवक्ता जागरण मंच के तत्वाधान में "भारतीय लोकतंत्र में अधिवक्ताओं की भूमिका" विषय पर आधारित एक गोष्ठी सिविल लाइंस के एक मैरिज लॉन में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सचिव व उच्च न्यायालय के मुख्य स्थाई अधिवक्ता प्रशांत सिंह "अटल" एवं विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन गोंडा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी रहे। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रशांत सिंह "अटल" ने लोकतंत्र में अधिवक्ताओं की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज के हितों की रक्षा करने वाला वर्ग तो है ही इसके साथ ही भारत राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने हेतु कार्य करने वाली विचारधारा हेतु सदैव समर्पित रहा है। मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने कहा कि विश्व पटल पर बदला हुआ भारत अपनी सशक्त भूमिका का निर्वाह करने हेतु तैयार है।



गोष्ठी में मौजूद अतिथि व अधिवक्ता। अमृत विचार

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक श्रीमान सिंह ने, संयोजन अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंह व संचालन धन लाल तिवारी ने किया। संगोष्ठी में भारी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। जिसमें राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, संगम लाल द्विवेदी, सूर्य प्रकाश सिंह, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, के के मिश्रा, बसंत शुक्ला सुशील तिवारी, आनंद सिंह, ओमप्रकाश शुक्ल, नीलू पांडेय, महेश तिवारी, नीशू सिंह, मनमोहन मिश्र, मनोज सोमवंशी, आशु सिंह, चंद्रशेखर सिंह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, राजा बाबू गुप्ता, नलिन पांडे ,अमित पांडे, चंद्रमणि तिवारी, दिनेश नारायण पांडेय, रमेश चंद्र गुप्त, अनिल सिंह, मनोज मिश्र, सौरभ पांडे, रामबाबू तिवारी, शुभम शुक्ल, अजय तिवारी, अजय सिंह, जयप्रकाश सिंह, रामनरेश यादव, अभिनव चतुर्वेदी, विनय सिंह, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं ने बनायी जीत की रणनीति

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : कैसरगंज संसदीय सीट से महागठबंधन सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र ने रविवार को देवीपाटन मंडल मुख्यालय स्थित सपा पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे के आवास पर बैठक कर विधानसभावार चुनाव प्रचार पर रणनीति बनायी। बैछक में पार्टी नेताओं को विधानसभा वार जिम्मेदारी सौंपी गयी। सपा ब्लॉक अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी एवं प्रमुख लोगों में तरबगंज के विधानसभा प्रभारी राम भजन चौबे, कर्नलगंज से पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिह, पयागपुर से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, कैसरगंज से विधायक आनंद यादव शामिल रहे। यहां पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश सुनाया गया कि कम समय में विधानसभा से पूर्व विधायक व विधायक व पूर्व प्रत्याशी अपनी जिम्मेदारी संभाल लें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने की। मौके पर पूर्व एमएलसी महफूज खां, पूर्व अध्यक्ष आनंद स्वरूप उर्फ पप्पू यादव अपनी राय रखी।

# कोटेदार कर रहे मतदान को प्रेरित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी लगातार कवायद कर रही हैं। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी विभागों द्वारा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कसरत की जा रही है।

जिलापूर्ति विभाग कोटेदारों के माध्यम से आम जनमानस को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है। जब राशन कार्ड धारक खाद्यान्न लेने के लिए कोटे की दुकान पर आता है तो कोटेदार उसको लोकतंत्र में मतदान के ताकत के बारे में अवगत कराता है। जिला प्रशासन के निर्देश पर कोटे के सभी दुकानों पर मतदान जागरूकता से लिखा स्लोगन व बैनर पोस्टर लगा दिए गए हैं। जिले में वर्तमान



कोटे की दुकान पर पोस्टर चिपकाता युवक।

समय में 1392 कोटेदार हैं जिनके घर दुकान संचालित है। लोकसभा चुनाव में आगामी 20 मई को जिले में मतदान होगा। जिले मे मतदान स्थित पूर्व के चुनाव में ठीक नहीं थी ,मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला अधिकारी निर्वाचन अधिकारी लगातार मेहनत भी कर रही हैं। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़े इसमें सभी विभाग सहयोग कर रहे हैं ,उसी के तहत पूर्ति विभाग के अफसर भी अपने कोटेदार के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। सभी कोटेदारों की दुकानों पर रेट बोर्ड के बगल ही बैनर चिपकाया गया है, जिसमें लिखा है कि गोंडा का यह अभिमान 20 मई को शत प्रतिशत मतदान इस स्लोगन के साथ कोटेदार खाद्यान्न लेने वाले सभी व्यक्तियों को जागरुक कर रहा है। पूर्ति विभाग के अनुसार जिले के सभी कोटेदारों को इसके लिए निर्देशित कर दिया गया है। सभी दुकानों के बोर्ड पर यह स्लोगन लिखा जा चुका है। जिला आपूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि हर हाल में जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है जिसको लेकर कोटेदारों के माध्यम से खाद्यान्न लेने आने वाले सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी कोटे के दुकानों पर पोस्टर बैनर लगा है।

# चाहे जो मजबूरी हो, हंसना बहुत जरूरी है

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मतदाता मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विश्व हास्य दिवस के अवसर पर आयुष विभाग गोंडा के द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी पाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की धर्मपत्नी डॉक्टर सुधा मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्रा ने उपस्थित 500 से अधिक मतदाताओं को तनाव को दूर करने वाली योग क्रियाओं का अभ्यास कराया।

मुख्य विकास अधिकारी ने हास्य दिवस पर मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे जो मजबूरी है हंसना बहुत जरूरी है। हंसने के बहाने ढूढें। हास्य आसन प्राणायाम का अभ्यास करके तनाव रहित होकर इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें।




विश्व हास्य दिवस पर कराया गया सामूहिक योगाभ्यास। अमृत विचार

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार कुरील ने बताया की जब हम तेजी से हंसते हैं तो एंडोर्फोसिस हारमोंस का स्राव तेजी से होता है। जिससे मानसिक समस्या से हम बच सकते हैं। मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने कार्यक्रम को बेहतर ढंग से बनाए जाने के लिए आयुष विभाग गोंडा की सराहना की। योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्रा ने संधि संचालन आसन सिंहासन हास्य आसन भ्रामरी, अनुलोम विलोम, शीतकारी प्राणायाम सहित दर्जनों योगासन प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष अमित सिंह, डॉ. शिव प्रताप वर्मा, डॉ. आशीष, ओमप्रकाश सिंह, परशुराम, अखिलेश आदि रहे।

# दुलारे बाग में परिक्रमार्थियों ने डाला पड़ाव

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचार:** श्रीराम जय राम, जय जय सीता राम के गगनभेदी जयकारे से परिक्रमार्थियों ने घाघरा नदी नाव से पार कर बहुवन देवीगंज दुलारे बाग में पहला पड़ाव किया। अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा यात्रा रविवार को घाघरा को पारकर बाराबंकी सीमा से गोंडा में पहुंची।

परसपुर थाना के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार शुक्ल, आदित्य गौरव श्रीवास्तव, राम सेवक समेत पुलिसकर्मी पड़ाव स्थल पर मुस्तैद रहे हैं। अवध की चौरासी कोसी परिक्रमा यात्रा धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले महंत गया दास, महंत ओंकारदास, महंत गया शरण एवं विहिप हनुमान मण्डल के सुरेन्द्र सिंह के अगुवाई में डेढ़ से दो हजार श्रद्धालु परिक्रमा यात्रा में शामिल हैं। बीएचपी हनुमान मंडल के तत्वावधान में संचालक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि परिक्रमा यात्रा में छह सौ साधु संत शामिल हैं। पड़ाव स्थल पर पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के टीम की रही है। अगला पड़ाव 6 मई को ब्रह्मचारी व जम्बू तीर्थ, 7 मई को तुलसी जन्मभूमि राजापुर, सूकरखेत, बखरिहा रात्रि विश्राम करके वाराही धाम को निकलेगा। इस जत्थे में रामेश्वरम धाम से बाबा बालक दास, राजस्थान से गिरधारी बंसल, गोरखपुर से बालक दास, हरिद्वार से राकेश दास, श्रावस्ती से प्रेम नरायन दास समेत कई प्रान्तों के परिक्रमा श्रद्धालु शामिल रहे हैं।



दुलारे बाग में बैठे परिक्रमार्थी व साधु-संत। अमृत विचार

वहीं धर्मार्थ सेवा संस्थान के परिक्रमा संचालक महंत गया दास के अगुवाई में 7 मई को बहुवन देवीगंज दुलारे बाग, 8 मई को ब्रह्मचारी, जम्बूद्वीप तीर्थ, सरयू तट भौरीगंज, तुलसी जन्मभूमि मन्दिर राजापुर, 9 मई को सुमिरन कुटी, नरहरि आश्रम, वृंदावन खैरा, 10 मई को सकरौर, तिवारी बाजार, बखरिहा, सेमरा रात्रि विश्राम के बाद वाराही धाम को प्रस्थान करेगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम, केस दर्ज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: नवाबगंज थानाक्षेत्र के कल्यानपुर के रामनिहोर पुरवा निवासी राधेश्याम यादव ने वजीर गंज थाने पर तहरीर दी कि बीते 26अप्रैल को उनका भाई महेंद्र यादव 19 वर्ष दोपहर 3 बजे बाइक से गोंडा जा रहे थे। अयोध्या गोंडा मार्ग पर गुलरिया नाला के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज गोंडा ले जाया गया जहां उसी दिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विपिन बिहारी शरण सिंह महाविद्यालय
तरबगंज, गोण्डा (उ0प्र0) 271403
9415458212, 9648469000, 9838989000

आवश्यकता

महाविद्यालय मे स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत अर्थशास्त्र-1 पद, रसायन विज्ञान-1 पद, प्राणि विज्ञान-2 पद तथा वनस्पति विज्ञान-1 पद पर प्राध्यापन कार्य हेतु सहयक आचार्य पद पर चयन/नियुक्ति/अनुमोदन हेतु आवेदन-पत्र आमन्त्रित है :-

अर्हता :- स्नातक उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी एवं सम्बन्धित विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंक तथा यूजीसी. रेगुलेशन-2016 सहित पी-एच0 डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।

नोट:- यूजी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार सहायक आचार्य पद पर चयन की कार्यवाही की जावेगी।

वेतन:- डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन/यू0जी0सी0 के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर अपना आवेदन-पत्र महाविद्यालय कार्यालय पर जमा करें।

अध्यक्ष

## एक नजर

### चोरों ने तीन घरों से लाखों का माल बटोरा

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। जिसमें रामसागर यादव और जगमोहन तथा राम पाल यहां चोरी कर ले गए जिसमें रामसागर और जगमोहन के यहां से तीस हजार व सत्तर हजार की नकदी सहित लाखों रूपए जेवरात चोर चोरी कर ले गए और राम प्रसाद के यहां बरामदे मे रखी साइकिल उठा ले गए पीड़ितों थाना को सूचना दे दी है पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी है

### बच्चों के साथ मेला देखने आई महिला के चुराये रुपये

**कमलापुर।** गांव पट्टी की रहने वाली रोली पत्नी आकाश शुक्ला ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ मेला देखने गई थी। जब वह मन्दिर में मटकी चढ़ाने की रस्म करने लगी, तब उनके पास खड़े चोरों ने उसके पर्स से रूपये निकाल लिये। जब वह मन्दिर में पैसे चढ़ाने के लिये पर्स खोला तो उसमें से रूपये गायब थे। इसकी सूचना वहां पर मौजूद लोगों ने मन्दिर स्थित अस्थाई चौकी प्रभारी को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीन-चार लोगों की तलाशी ली, लेकिन पैसे का कुछ भी पता नहीं चला। रोली ने पुलिस प्रशासन से मांग कि मेले में रोज हो रही वारदात को गम्भीरता से लेकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।

### मारपीट में सात लोग घायल


**रेउसा।** थानगांव के सिपतपुर के मजरा ठकुरन पुरवा निवासी रामकुमार सिंह का परिवार के छन्नू सिंह से रविवार को रास्ते को लेकर विवाद में कहासुनी हो गई। आग बबूला होकर एक राय होकर छन्नू सिंह, सत्यम सिंह ने अपने समर्थकों समेत रामकुमार के परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया।

### राष्ट्रहित में करें मतदान

**लहरपुर।** जुगल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अभाविप नगर इकाई ने मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक की। जिसमें कार्यकर्ताओं को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय नगर के मोहल्ला निबकौनी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर पुलिस को नही दी गयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



अफसाना (फाइल फोटो)

बलरामपुर नगर कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि गत शनिवार की देर शाम सूचना मिली कि मोहल्ला निबकौनी के रहने वाले अफजल की पत्नी अफसाना( 24) की संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर मौत हो गयी है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। बताते चलें कि मृतका की 11 मई 2023 को अफजल के साथ शादी हुई थी। शादी के अभी एक साल भी नहीं पूरे हुए थे। विवाहिता की मौत को लेकर परिजनों के बयान में भी विरोधाभास है ।मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है मृतका के मायके पक्ष से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# 1,366 के सापेक्ष 1,334 परीक्षार्थियों ने दी नीट

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले मे चार केंद्रों पर रविवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2024 का आयोजन किया गया। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को फिजिक्स के सवालों ने परेशान किया। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि कि प्रश्नपत्र पिछले साल से कुछ कठिन था। परीक्षा में पंजीकृत 1366 परीक्षार्थियों में से 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 1334 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

नीट के लिए जिला स्तर पर पायनियर पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, केंद्रीय विद्यालय एवं फातिमा स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। दोपहर 2.20 बजे से शाम 5.20 बजे तक आयोजित हुई इस परीक्षा को लेकर जिला

**▸▸ 32 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी नीट की परीक्षा**

व पुलिस प्रशासन सतर्क दिखा। निर्देशों के अंतर्गत केंद्र व्यवस्थापकों की ओर से परीक्षार्थियों को 11 बजे से ही प्रवेश कराना शुरू करा दिया गया था जो कि 1:30 बजे तक चला। परीक्षार्थियों को ताबीज, रक्षासूत्र, आभूषण, बाल के क्लिप्स नहीं पहनने के निर्देश पर इसे बाहर ही निकलवा दिया गया। पानी की बोतल भी पारदर्शी वाला कपड़े बिना बटन वाले जूता व मोजा पहने हो तो पूरी जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। हालांकि अधिकांश परीक्षार्थी चप्पल पहनकर ही आए थे। परीक्षा कोआर्डिनेटर डॉ. एमपी तिवारी ने बताया कि परीक्षा से पहले सभी केंद्रों पर जाकर मॉक ड्रिल करवाया गया।



परीक्षा से पहले की जा रही तैयारी। अमृत विचार

पायनियर पब्लिक स्कूल में पंजीकृत 334 के सापेक्ष 326 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 8 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह सेंट जेवियर्स स्कूल में पंजीकृत 360 के सापेक्ष 350 ने परीक्षा दी। यहां पर 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। फातिमा स्कूल 360 के सापेक्ष 352 ने परीक्षा दी जबकि 8 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्रीय विद्यालय में 312 के सापेक्ष 306 ने परीक्षा दी, यहां पर 6परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

# नहरों के पानी से लबालब होंगे सूखे तालाब

## ▶ बढ़ेगा भूगर्भ का जलस्तर, गर्मी से राहत के साथ अग्निकांडों से भी कर सकेंगे बचाव

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** बेजुबान जानवरों एवं पक्षियों को भीषण गर्मी से बचाने एवं पीने का पानी मुहैया कराने के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने अभिनव पहल करते हुए सभी तालाबों को मनरेगा से गूल बनवाकर नहर के माध्यम से लबालब भरवाने का अभियान शुरू किया है।

जिलाधिकारी ने इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी सभी खंड विकास अधिकारी पुलिस, राजस्व और डीसी नरेगा के साथ समीक्षा बैठक कर अभियान की बृहद रूपरेखा तय की है और राजस्व विभाग नहर विभाग एवं सिंचाई विभाग के अभियंताओं को भी सामंजस्य स्थापित करते हुए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चूंकि वर्तमान

**▸▸ तालाबों के भर जाने से पशु पक्षियों को भी मिलेगा पानी**

में ज्यादातर खेत खाली हैं।फसलों की सिंचाई का कार्य नही हो रहा जिससे नहरों का पानी व्यर्थ चला जा रहा है। अब नहरों के पानी का सदुपयोग करते हुए गूलों को भरा जाएगा। जिससे भूगर्भ जलस्तर में वृद्धि के साथ ही पशु पक्षियों को पीने का पानी एवं अग्नि कांड से बचाव में मदद मिलेगी।

बताते चलें कि जिलाधिकारी ने सीडीओ रहते हुए पूर्व के जनपद में इस अभियान को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चलाया था ।जो कि गर्मी के महीने में अत्यंत सफल साबित हुआ था। अब यह अभियान जनपद बलरामपुर में माह मई में बृहद स्तर पर चलाया जाएगा ।जिसकी रूपरेखा तय करते हुए



कलेक्ट्रेट सभागार में तालाब में नहरों का पानी भरवाने का निर्देश देते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी सिंह ने बताया कि भयंकर गर्मी में गूल बनने से जलस्तर ऊपर होगा ।पशु पक्षियों को पीने का पानी मुहैया होगा। तथा आग की विभीषिका से भी बचाव में यह अभियान बेहद कारगर साबित होगा।

# जीजा-साली ने ट्रेन के आगे कूद कर दे दी जान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** थाना पचपेड़वा के ग्राम पंचायत लालपुर भुवनडीह निवासी हरीराम पुत्र रामगुलाम उम्र लगभग 35 वर्ष की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत भाथर निवासी शिवप्रसाद उर्फ नीबर के यहां हुई थी। ग्राम पंचायत लालपुर निवासी हरिराम के भाई के लड़के की शादी में 28 अप्रैल 2024 को हरिराम की सगी साली सुमन 17 वर्ष पुत्री शिवप्रसाद आई हुई थी। शादी से लेकर 5 मई सुबह 8:00 बजे तक लालपुर भुवनडीह में ही थी। उसके बाद उसका जीजा हरिराम बाइक से पहुंचाने के लिए ग्राम भाथर के लिए लेकर निकला था। रात लगभग 11:00 बजे लोगों को पता चला की शंकरपुर के पास बने पेट्रोल पंप के पास हरिराम बाइक खड़ी है और दोनों लोग लापता है। भोर में पता चला कि पेट्रोल पंप से लगभग 200 मी पर रेलवे ट्रैक पर एक किशोरी व एक युवक का कटी हुई लाश पड़ी है। लोगों के द्वारा बताया गया की रात्रि में गोरखपुर से मैलानी ट्रेन जाती है। उसी से दोनो कटे हैं। लोगों थाने पर मामले की सूचना दी। थाने लड़की के पिता शिवप्रसाद को सूचना दिया गया। उसके बाद शिवप्रसाद भी मौके पर पहुंचे तब उन्हें पता चला कि मृतक मेरा दामाद और मेरी बेटी ही है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया की दोनो लाश को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले के अन्य पहलुओं के भी जांच की जा रही है।

# डॉक्टर समेत 10 स्वास्थ्य कर्मियों का रोका वेतन

**बलरामपुर, अमृत विचार।** गत शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंडास बुजुर्ग, सादुलानगर, पीएचसी रेहरा बाजार, सराय खास का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल दस कर्मी अनुपस्थित पाए गए।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहरा बाजार डॉ उत्कर्ष मिश्रा भी अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने डॉ उत्कर्ष मिश्रा को फोन किया तो पता चला की उनके परिवार में किसी की तबियत खराब है। चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय प्रताप सिंह, डॉ नूरी खान, डॉ सिद्दीक, अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित पाए गए चिकित्सा अधिकारियों एवम् कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा



अस्पताल का औचक निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

अधिकारी बलरामपुर ने दिया। सीएमओ ने निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर से ना कोई दवा लिखी जाए और ना ही कोई जांच कराई जाए। उन्होंने कहा की जो भी गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए चिकित्सालय आ रही हैं उन्हें जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जो सेवाएं और सुविधाएं द्वारा प्रदान की जानी है सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें वह निःशुल्क प्राप्त हों।

प्रसूता महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली चौदह सौ रुपए की धनराशि यथाशीघ्र उनके बैंक खाते में स्थानांतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र 48 घंटे के अंदर लाभार्थियों को देने की भी

**▸▸ निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई**

व्यवस्था किया जाए।

सीएमओ ने निर्देशित किया चिकित्सालय भवन व परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक किया जाए शौचालयों आदि की साफ सफाई नियमित रूप से किया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सीएमओ ने विकास खण्ड रेहरा बाजार के प्राथमिक विद्यालय ग्वालियर ग्रांट में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण कर वहां उपस्थित एएनएम रुचि शुक्ला और शुभम सिंह को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के समय जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सीएचसी और पीएचसी के समस्त कर्मचारी व अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आगरा गए दो होमगार्ड की सड़क हादसे में मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** चुनाव के मद्देनजर श्रावस्ती से चुनाव में आगरा जनपद में गये होमगार्ड जवानों की टोली में से सेवा में तैनात होमगार्ड जवान उमेश कुमार मिश्र(50) पुत्र मुरली धर मिश्र निवासी लाल पुर जमुनी थाना सिरसिया की अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से मौत, जबकि जनपद का एक और होमगार्ड जवान रक्षा राम विश्वकर्मा (45) पुत्र राम धड़कन निवासी रंजीतपुर पिपरहवा




थाना सिरसिया गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस द्वारा घायल को जिलाचिकित्सालय आगरा में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान देर रात रक्षा राम विश्वकर्मा की मौत हो गई।

लोकसभा चुनाव 2024 को संपन्न कराने हेतु 15 अप्रैल को जनपद श्रावस्ती से होमगार्ड जवानों की टोली जनपद से बिजनौर जिले के लिए रवाना हुए थी। बिजनौर और गाजियाबाद में चुनाव संपन्न होने के बाद होमगार्ड जवान की टोली 27 अप्रैल को आगरा पहुंची। इसी टीम में उमेश कुमार मिश्र व रक्षा राम विश्वकर्मा भी थे। थाना इरादतनगर लोहिता मोड़ के पास चेकिंग के दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ जाने के उमेश कुमार मिश्र की घटना स्थल ही मौत हो गई। रक्षा राम को घायल अवस्था में पुलिस द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना घरवालों के पास पहुंचने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजन घर से आगरा के लिए रवाना हो गए हैं।

# आयुष्मान भव मेले में हुआ 1811 मरीजों का परीक्षण व इलाज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** रविवार को जनपद बलरामपुर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला तथा श्रीदत्तगंज में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। निरीक्षण में सभी चिकित्सक तथा मेडिकल स्टाफ ड्यूटी पर तैनात पाए गए। आज जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 1811 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। सीएमओ ने आयुष्मान भव मेले में इलाज के आने वाले मरीजों के हीट वेव व लू से बचाव के संबंध में अवश्य जानकारी दें साथ ही महिलाओं का बॉडी मास इंडेक्स भी नोट किया जाए।

चेतावनी — एनजीटी ने इसे घोषित किया दंडनीय अपराध

# गेहूं और गन्ने के अवशेष जलाए तो भरना होगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय हरित अभिकरण(एन जी टी) द्वारा गेहूं तथा गन्ना के अवशेषों को जलाये जाने को एक दण्डनीय अपराध की श्रेणी में घोषित किया है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर किसानों को जुर्माना भरना पड़ेगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला कृषि अधिकारी आरपी राना ने जनपद के सभी किसानो को सूचित करते हुए कहा कि फसलों केअवशेष जलाते समय पाये जाते हैं तो अभिकरण द्वारा दण्ड प्राविधानित किया गया है।

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा-24 एवं 26



के अन्तर्गत खेतों में फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है, जिसमें 02 एकड़ से कम क्षेत्र के जिये रुपये 2500 प्रति घटना, 02 एकड़ से 05 एकड़ के लिये रुपये 5000 प्रति घटना और 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिये रुपये 15000 प्रति घटना देय होगा। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण गर्म होता है तथा हानिकारक गैसें जैसे-मीथेन, कार्बन मोनोआक्साइड, नाइट्रस आक्साइड एवं अन्य हानिकारक गैसों से मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। साथ ही साथ भूमि के मित्र कीटों की भी मृत्यु हो जाती है। जिससे मृदा अनुपजाऊ हो जाती है। वर्तमान समय में गाँवों में भी आग लग जाने से जन धन का नुकसान हो रहा है। कृषक बन्धु पराली प्रबन्धन यंत्रों जैसे मल्चर, श्रेडर, सुपर सीडर, एम०बी० प्लाऊ, रीपर कमबाइन्डर एवं सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम आदि का प्रयोग कर मिट्टी में फसल अवशेषों को मिलाएं जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होने के साथ-साथ फसलों में उर्वरक की कम मात्रा में प्रयोग की आवश्यकता पड़े। उन्होंने यह भी कहा जनपद कि जनपद में स्थित फार्म मशीनरी बैंक से अनुदानित दरों पर यंत्र प्राप्त कर सकते हैं। कृषक बन्धु एवं कम्बाइन हार्वेस्टर मालिक पराली प्रबन्धन सम्बन्धित यंत्रों का प्रयोग किये बिना कम्बाइन हार्वेस्टर का प्रयोग नहीं करेंगे पकड़े जाने पर कम्बाइन हार्वेस्टर को जब्त कर लिया जायेगा।

जिला कृषि अधिकारी ने कि कृषक बन्धु से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा-24 एवं 26 के अन्तर्गत खेतों में फसल अवशेष जलाने पर अर्थदण्ड एवं अन्य कार्यवाहिओं से बचने हेतु पराली जलायें नहीं उसे मृदा में मिलायें।

# खिड़की से लटकता मिला मजदूर का शव

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिट्ठी गांव के पास बन रहे पानी टंकी पर एक 32 वर्षीय युवक की लाश लटकती मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिन्गा को भेज दिया। ग्राम लालपुर निवासी राजकुमार पुत्र राम प्रसाद उम्र 32 वर्ष मजदूरी करने के लिए आया था उसके साथ उसके अपने मजदूर भाई भी थे देर रात उसकी शव पंप हाउस के पीछे खिड़की पर फंदे से लटकी हुई मिली। सुबह मजदूरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया । पुलिस ने आगे की छानबीन शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में हुंकार भरेंगे उप मुख्यमंत्री

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** 58 लोकसभा श्रावस्ती के भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा आज अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन बलरामपुर में दाखिल करेंगे। साकेत मिश्रा के नामांकन में उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या भी शामिल होंगे। चुनाव आयोग द्वारा 31 अप्रैल से 6 मई तक नामांकन की तारीख घोषित की गयी थी। लगभग सभी पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपीना नामाकन पत्र दाखिल कर दिया है। इसी क्रम ने भारतीय जनता पार्टी के 58 लोकसभा श्रावस्ती के प्रत्याशी साकेत मिश्रा अपना नामांकन पत्र सोमवार को दाख़िल करेंगे। साकेत मिश्रा के नामांकन में श्रावस्ती बलरामपुर के हजारों कार्यकर्ता व समर्थक बलरामपुर छोटा परेड ग्राउंड में इक्कठा होंगे जहां उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या नामांकन सभा को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगें। नामांकन सभा में कार्यकर्ताओ और समर्थकों को संबोधित करने के बाद साकेत मिश्रा नामांकन स्थल पर अपना पर्चा दाखिल करंगे। नामांकन कार्यक्रम को भव्य व ऐतिहासिक बनाने हेतु श्रावस्ती व बलरामपुर के भाजपा संगठन ने बैठके कर अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली है। साकेत मिश्रा के नामांकन में उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिलाध्यक्ष श्रावस्ती उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष बलरामपुर प्रदीप सिंह, श्रावस्ती रालोद जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय, विधायक बलरामपुर पलटूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, पूर्व विधायक गैसड़ी शैलेश सिंह शैलू, नगरपालिका/नगर पंचायत चेयरमन तथा भारी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहेंगे।



साकेत मिश्रा

### डिप्टी सीएम आज करेंगे सभा, निकालेंगे रैली

**बलरामपुर अमृत विचार।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। छोटा परेड में आयोजित लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्र एवं विधानसभा उपचुनाव गैसड़ी के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू के नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि सोमवार को सुबह दस बजे छोटा परेड ग्राउण्ड में नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। इसी के साथ ही लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैसड़ी विधानसभा प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू के साथ जाकर कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल कराएंगे। छोटा परेड ग्राउण्ड से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर जनसमर्थन हासिल करेंगे। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केशव मौर्य के साथ कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, श्रावस्ती जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका व पंचायत अध्यक्ष सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### गायत्री परिवार ने 100 मेधावियों का किया सम्मान



गायत्री शक्तिपीठ में मेधावियों को सम्मानित करते गायत्री परिवार के लोग।

**बलरामपुर।** गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को गायत्री परिवार के लोगों ने मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया । कार्यक्रम में जनपद व तहसील स्तर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावियों का स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ गायत्री परिवार के जोन प्रभारी महिपाल, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी जय प्रकाश वर्मा व अशोक ने सामूहिक गुरु पूजन से किया। नानबाबू व राकेश साहू के गुरु वंदना के बाद मेधावियों को सम्मानित किया गया। ट्रस्टी सतीश चंद्र मिश्र ने बताया कि गायत्री परिवार की तरफ से प्रत्येक वर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 में इस परीक्षा में कक्षा एक से स्नातक के 6800 विद्यार्थी शामिल हुए थे। समारोह में अच्छा अंक लाने पर जनपद स्तर पर सोनाक्षी, उत्कर्ष, अल्का, माही, खुशबू तथा तहसील स्तर पर बृज बिहारी, सर्वज्ञा, मरियम खान, तरूण, नेहा, अरविंद, सुदीप, गैरी खान व सनाजम सहित 100 मेधावियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे खिल गए। परीक्षा के जिला संयोजक गुलाबचंद भारती ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। गायत्री परिवार की तरफ से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कराकर विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों का बोध कराता है। परीक्षा के सचिव शिव कुमार कश्यप ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। गोंडा के जिला संयोजक अनूप, एमएलके महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन प्रसाद पांडेय, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राम आधार मोदनवाल, जिला संयोजक सत्य प्रकाश शुक्ल, सुनील वर्मा, संदीप जायसवाल व नीलम वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बलरामपुर फुटबॉल क्लब की टीम ने जीती प्रतियोगिता

**बलरामपुर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल एसोसिएशन बलरामपुर द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल लीग का आयोजन किया गया। लीग का फाइनल मैच जीत कर बलरामपुर फुटबॉल क्लब की टीम विजेता बनी। फुटबॉल एसोसिएशन बलरामपुर के सचिव संजय कुमार गुप्ता ने बताया की जिला फुटबॉल लीग में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। लीग का उद्घाटन अधिवक्ता मोनू सिंह कलहंस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। लीग के फाइनल में बलरामपुर फुटबॉल क्लब तथा जी सी इलेवन द्वितीय की टीम के बीच मुकाबला हुआ ।कड़े मुकाबले में बलरामपुर फुटबॉल क्लब ने यह लीग 2-0 गोल से जीत लिया। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि ईएनटी सर्जन डॉक्टर अब्दुल कय्यूम ने विजेता तथा विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका का हौसला बढ़ाया।



पुरस्कार पाती विजेता टीम। अमृत विचार

## एक नजर

### आग में ग्रामीण की गृहस्थी जलकर हुई राख

**बौंडी, बहराइच।** नंदवल गांव निवासी ग्रामीण के मकान में आग लग गई। जिससे पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। बौंडी क्षेत्र के नंदवल गांव निवासी गेंदा राम पुत्र संगम लाल का आवासीय घर जलकर नष्ट हो गया है। लोगों ने जब तक आग पर काबू पाते, तब तक नगदी समेत गेहूँ, कपड़े, बर्तन व अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीण रामकुमार जायसवाल, रमेश चन्द्र वर्मा, राम सहाय निषाद, मदन मोहन जायसवाल, आदि लोगों ने बताया कि घटना की सूचना हल्का लेखपाल को दे दिया गया है।

### सीतापुर का युवक घायल

**बहराइच।** सीतापुर जिले के रेउसा थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी प्रवेश कुमार (35) पुत्र छोटेलाल बाइक से एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आ रहा था। बहराइच जिले के हरदी थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौराहे के पास बाइक सवार को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया यहां हालत में सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया है।

### परिवार में कराया सुलह

**बहराइच।** शहर के पुलिस लाइन में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र में मामलों की काउंसलिंग की गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने एक परिवार की काउंसिलिंग कर दंपती को साथ रहने के लिए राजी किया। दोनों को घर भेज दिया गया है।

### चार वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच।** राम गांव थाने की पुलिस ने चार वरंटियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शशि राणा ने बताया कि पुलिस टीम ने कन्धई पुत्र गुरुप्यारे, बालकराम पुत्र गयाप्रसाद, खुरबुर पुत्र गयाप्रसाद और मुकेश पुत्र ननकऊ निवासी बलवापुर चौराहा खसहा मोहम्मदपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### टुल्लू पंप में करंट उतरने से बालक की मौत

**नानपारा, बहराइच।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के मोतीसिंहपुरवा गांव में टुल्लू पंप से जुड़े नल में करंट उतरने से मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की शाम बजंरिया के मोतीसिंह पुरवा गांव निवासी मिश्रा सिंह के 5 वर्षीय पुत्र हीरा सिंह घर के पश्चिम में खेल रहा था। तभी घर मे लगे टुल्लू पम्प से जुड़े नल में हाथ लग गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

# व्यापारियों को होने वाली दिक्कतों को समझती हूं: संयुक्ता

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में कपड़ा कमेटी अतिथि भवन में गुरूवार को हुए व्यापारी सम्मेलन में लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि "व्यापारी परिवार से ताल्लुक रखने के अलावा पति के न रहने पर उनका व्यापार मैंने खुद संभाला था। इसलिए व्यापारियों को आए दिन होने वाली दिक्कतों को मैं समझती हूं। उन्होने व्यापारियों से मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी की अपील की।

अध्यक्षता कर रहे उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका ने सभी से आगे बढ़कर मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी का आह्वान किया और भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील की। संबोधन में भाजपा प्रत्याशी आनन्द गोंड ने कहा कि मैं आपके बीच का एक छोटा सा व्यापारी हूं। आनंद ने कहा कि रेल कनेक्टिविटी में हम नेपाल, अयोध्या और वाराणसी तक पहुंच चुके हैं और जरवल के रास्ते रेल द्वारा लखनऊ भी जायेंगे। उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊ ने कहा कि व्यापारी हमेशा ही भाजपा के साथ रहा है और इस बार भी पूरे दम-खम से भाजपा के ही साथ है। पूर्व जिलाध्यक्ष व नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि श्याम करन टेकड़ीवाल ने कहा कि भाजपा व्यापारियों के साथ है। रूपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर उमाशंकर वैश्य ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक सांसद को चुनने का ही नहीं है बल्कि अपने राष्ट्र को बुलंदियों पर ले जाने के लिए हो रहा चुनाव है। इलेक्ट्रॉनिक्स डीलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष व व्यापार मंडल उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने कहा कि बीते सालों में व्यापार मंडल को जब जब जरूरत महसूस हुई तब पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के बहराइच, श्रावस्ती अध्यक्ष आनंद गोंड व्यापारियों के साथ खड़े दिखलाई पड़े हैं। भाजपा ने उन्हें टिकट देकर हम व्यापारियों को गौरवान्वित किया है। आयोजक व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुमित खन्ना ने मुख्य अतिथि व सभी व्यापारियों को सभा में आने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सभा को व्यापारी नेता गौरीशंकर भानीरामका, श्याम करन टेकड़ीवाल, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुमित खन्ना, सहसंयोजक, रामस्वरूप अग्रवाल, महेश अग्रवाल, कुलदीप सिंह, सतेन्द्र रस्तोगी, मनीष मल्होत्रा, दीपक सोनी दाऊ जी, राजेश मंसानी, विनोद अग्रवाल, विनोद टेकडीवाल, नवनीत अग्रवाल, सुशील भल्ला, अमित टण्डन, आशीष कंसल, चन्द्र भान कसेरा, संतोष अग्रवाल, जय जय अग्रवाल, अशोक गुप्ता, कुलभूषण अरोरा, सहित अन्य व्यापारियों ने संबोधित किया।



शहर में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि और मौजूद व्यापारी। अमृत विचार

# जरवल और कैसरगंज में करण भूषण ने किया दौरा

जरवलरोड/जरवल

**अमृत विचार।** कैसरगंज के भाजपा प्रत्याशी करण भूषण शरण सिंह नामांकन के बाद रविवार को ब्लाक प्रमुख जरवल के आवास पर पहुंचे। यहां पर वार्ता कर लोगों से समस्या जानी। उन्होंने जरवल नगर और कैसरगंज में भी दौरा किया।

सांसद प्रत्याशी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से भेंटकर चुनावी रणनीति पर व्यापक चर्चा करते हुए सबसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा बड़े कम समय में भारतीय जनता पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पिता के आशीर्वाद और बजरंगबली की कृपा से मात्र 14 दिन का समय बाकी है। ऐसे में सभी लोग मेहनत करेंगे। उन्होंने जरवल नगर पंचायत के साथ कैसरगंज में भी चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेंद्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, नान बच्चा पांडे राजन सिंह, विनय सिंह ,विष्णु प्रताप सिंह, पवन वर्मा,ओमप्रकाश अवस्थी, कृष्ण कुमार गुप्ता डॉ अवधेश शर्मा रामसमुझ यादव, विकास सिंह, चंद्रभान सिंह गुंचू, ओमचंद्र वर्मा,भानु प्रताप सिंह, सत्य लगन शुक्ला, रामजी मौर्य, लवकुश गुप्ता,शिवा बर्मा सुनील यादव, दीपचंद गुप्ता, चंदन गुप्ता, चंदन सोनी, महमूमद खां,पंकज सोनी, गंगा सिंह सूरज सिंह,के अलावा भाजपा पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दबंगों का कारनामा, मनरेगा से पाटी गई सड़क को उजाड़ा

## रोजगार सेवक व महिला मेट पर केस दर्ज करवाने की दी धमकी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के ग्राम पंचायत उर्रा में ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर सड़क पटान की मांग की। एसडीएम ने मनरेगा के तहत सड़क पटान करवा दिया। अब पुलिस को तहरीर देकर खेत से मिट्टी निकालने की शिकायत की। इसके बाद रविवार को बनी सड़क की मिट्टी को उजाड़ दिया। इससे लोगों में नाराजगी है।

विकास खंड मिहीपुरवा के ग्राम पंचायत उर्रा के मजरा गडरियनपुरवा निवासी कई लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सड़क पटान की मांग की थी। किसानों की समस्या को देखते हुए एसडीएम संजय कुमार ने मनरेगा के तहत मिट्टी पटान कार्य करवाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत साईस्ता प्रवीन, ग्राम रोजगार सेवक अनीता आर्य, महिला मेट सरोज जायसवाल, कबूतरी की देखरेख में मनरेगा मजदूरों ने मिट्टी पटान का कार्य किया। दो दिन पूर्व सालिक राम पाल के खेत से जवाहर पाल के खेत तक मिट्टी पटान का कार्य हुआ। जिससे मनरेगा के तहत सड़क बन गई। सड़क निर्माण की मांग करने वाले शिकायतकर्ता राजेश आर्य ने चौकी पर जाकर सूचना दे दी कि उनके खेत में मिट्टी निकाल कर सड़क निर्माण करवा दिया गया। जिस पर रविवार को चौकी इंचार्ज जांच के लिए गए। जांच के बाद चौकी इंचार्ज तिवारी के वापस जाते ही राजेश आर्य ने पूरी सड़क को फावड़े से खोद डाला। साथ ही रोजगार सेवक और महिला मेट को उल्टे खेत से मिट्टी निकालने के मामले में केस दर्ज करवाने की धमकी दी। जिससे महिला कर्मचारी काफी सहमी हुई हैं। सभी का कहना है कि ग्रामीणों की मांग और एसडीएम के निर्देश पर सड़क पटान करवाया गया। इसके बाद पुलिस के दौरे के तुरंत सड़क खुदवाना सरकार को नुकसान पहुंचाना है।


ग्रामीणों ने एसडीएम को सड़क निर्माण के लिए दिया पत्र और दबंगों ने उजाड़ी मिट्टी पटान।

### पुलिस से वार्ता कर होगी कार्रवाई

ग्रामीणों की मांग पर सड़क पटान के निर्देश दिए गए थे। सड़क कहीं पटेगा तो मिट्टी किसानों के खेत से ही निकाली जाती है। इसके बाद भी किसी ने सार्वजनिक काम में नुकसान पहुंचाया है तो पुलिस से वार्ता कर संबंधित के विरुद्ध केस दर्ज कराई जायेगी।

-संजय कुमार एसडीएम

### 35 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** एसएसबी और पुलिस जवनों ने पेट्रोलिंग के दौरान एक तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसबी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 651/2 के पास एसएसबी और पुलिस के जवान गश्त कर रहे थे। रविवार सुबह टीम ने नेपाल से भारत में आ रहे एक युवक को रोक कर जांच की गई तो उसके पास 35 ग्राम स्मैक बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया। तस्कर कोतवाली नानपारा के संगत टोला निवासी अख्तर अली पुत्र अब्बास अली के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# खाद्यान्न बेचने वाले कोटेदार पर नहीं हुई कार्रवाई

बहराइच

**अमृत विचार।** मोतीपुर तहसील के ग्राम पंचायत मधवापुर के कोटेदार ने 80 क्विंटल खाद्यान्न बेच दिया है। स्टॉक में खाद्यान्न भी नहीं है। ऐसे में यहां के कार्ड धारकों को दूसरे गांव के कोटेदार खाद्यान्न दे रहे हैं। लेकिन आठ माह बाद भी न तो कोटेदार पर कार्रवाई हुई है और न ही इस्तीफा स्वीकार किया जा रहा है।

विकास खंड मिहीपुरवा के ग्राम पंचायत मधवापुर में दो कोटे की दुकान संचालित है। एक कोटा उर्रा निवासी बनवारी गुप्ता और दूसरा कोटा गांव निवासी हेमंत कुमार के पास है। बनवारी गुप्ता के पास 1300 और हेमंत कुमार के पास 500 कार्ड धारक हैं। लेकिन हेमंत कुमार के पास कोटे का स्टॉक ही नहीं है। इसका मुख्य कारण उन्होंने आठ माह पूर्व चोरी से कार्डधारकों का खाद्यान्न बेच लिया। जिसके चलते हेमंत के द्वारा सभी कार्ड धारकों को खाद्यान्न नहीं दिया जा रहा है। जिस पर कार्डधारकों को पड़ोस के पांच गांवों में खाद्यान्न दिया जा रहा है। लेकिन आठ माह बीतने के बाद भी पूर्ति निरीक्षक की ओर से खाद्यान्न बेचे जाने के मामले में कोटेदार के विरुद्ध केस दर्ज नहीं कराया गया है।

### 300 कार्डधारकों को यहां मिल रहा खाद्यान्न

खाद्यान्न बेचने और स्टाफ में कमी के चलते पूर्ति निरीक्षक की ओर से मामले को पूरी तरह छुपाया जा रहा है उनके द्वारा नवन गांव के कोटेदार से 100 गंगापुर के 50 अमृतपुर पुराण के कोटेदार से 50 माधवपुर के दूसरे कोटेदार से 50 और उर्रा के कोटेदार से 50 कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित कराया जा रहा है। ऐसे में अगर इन कोटेदारों के यहां स्टॉक की जांच हुई तो सभी कोटेदार फंस जायेंगे।

### बाद में होगी कार्रवाई

माधवपुर के कोटेदार द्वारा खाद्यान्न चोरी से बिक्री करने और दूसरे कोटेदारों के यहां कार्ड धारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के मामले में पूर्ति निरीक्षक रंजीत कुमार से बात की गई तो उन्होंने पहले कहा कि अभी कार्रवाई कुछ दिन बाद होगी। काफी समय होने की बात पर उन्होंने कहा कि गांव के लोगों ने कोई शिकायत ही नहीं की है इ ऑनलाइन कहीं का भी कोई ग्रामीण किसी भी कोटेदार के यहां खाद्यान्न ले सकता है।

# मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आज से

**बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बहराइच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। निर्धारित किये गये कार्यक्रम के अनुसार स्व. ठाकुर हुकम सिंह किसान पीजी कालेज में 06 से 08 मई तक 02 पालियों में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/सीडीओ रम्या आर ने दी। बताया कि 06 मई को प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से अपरान्ह एक बजे तक पोलिंग पार्टी संख्या 01 से 348 तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह में दो बजे से अपरान्ह पांच बजे तक पोलिंग पार्टी संख्या 349 से 696 तक, 07 मई को प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से अपरान्ह एक बजे तक पोलिंग पार्टी संख्या 697 से 1044 तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह में दो बजे से अपरान्ह पांच बजे तक पोलिंग पार्टी संख्या 1045 से 1491 तक तथा 08 मई को प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से अपरान्ह एक बजे तक पोलिंग पार्टी संख्या 1392 से 1740 तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह में 02:00 बजे से अपरान्ह पांच बजे तक पोलिंग पार्टी संख्या 1741 से 2077 तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### कल मुख्यमंत्री तो आज आयेंगे उप मुख्यमंत्री


उप मुख्यमंत्री के दौरे के लिए बन रहा हेलीपैड। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के नानपारा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सभा करेंगे। सोमवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उर्रा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड के पक्ष में सभा के लिए मंगलवार दोपहर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकाप्टर से नानपारा आयेंगे। इसके बाद उनका सभा सहादत इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को बलहा विधानसभा क्षेत्र के उर्रा में स्थित कारीकोट मंदिर परिसर में डॉक्टर आनंद गोंड के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। इसके लिए हेलीपैड बनाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ राहुल पांडेय और थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने सभा स्थल का निरीक्षण भी किया है।

### स्टे के बाद भी निर्माण करवाने के विरोध पर पीटा

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहल्ला नौवागढ़ही निवासी चेतनरायण (70) पुत्र गुरुवचन की जमीन दरगाह थाना क्षेत्र के मझौवा भुलौरा गांव में है। जिस पर चेतराम ने स्टे ले रखी है। स्थगन आदेश के बाद भी कुछ दबंग खेत की जमीन पर रविवार को निर्माण करवा रहे थे इसकी जानकारी होने पर बुजुर्ग जमीन देखने के लिए गया और उसने निर्माण का विरोध किया। इस पर दबंगों ने वृद्ध की डंडे और लाठी से जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोगों ने किसी तरह बचाया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल ने बताया कि ननकू, बुधई और कुंवारे निवासी दरगाही ने मारापीटा है। थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल से शिकारी हुआ गिरफ्तार

**बाबागंज, बहराइच।** भारत नेपाल सीमा के निकट अदुल्लागंज रेंज के रेंज अधिकारी पंकज साहू के नेतृत्व में गश्ती अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के क्रम में गश्ती दल द्वारा शिकारी को भरुआ बंदूक व चीतल की खाल के साथ गिरफ्तार किया है। अब्दुल्लागंज रेंज अधिकारी पंकज साहू ने बताया कि अब्दुल्लागंज रेंज के कक्ष संख्या तीन में सहजाद उर्फ औघड़ पुत्र बाबादीन निवासी उचवा समतलिया थाना खड़ैचा राष्ट्र नेपाल को चीतल की खाल व भरुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शिकारी के खिलाफ पहले से ही लगभग एक दर्जन से अधिक वन अपराधों के अभियोग दर्ज है। शिकारी के खिलाफ वन अभियोग दर्ज कर न्यायालय रवाना किया गया है। जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### गोंडा निवासी अभियुक्त गिरफ्तार

**बहराइच।** थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज के प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि रामनाथ उर्फ ननकू पुत्र दीनानाथ सोनकर निवासी बड़ाहेमा दर्जीपुरवा थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके विरुद्ध केस दर्ज है।

# सड़क हादसों में अज्ञात समेत दो की मौत, चार लोग घायल

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के मोतीपुर और फखरपुर थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मोतीपुर थाना क्षेत्र के खैरहनपुरवा गांव निवासी 22 वर्षीय दुर्गेश चौहान पुत्र नरेश परिवार के ही 30 वर्षीय मनोज पुत्र जगदीश के साथ शनिवार शाम खड़ैंचा गांव गए थे। वहां से गांव आते समय शनिवार देर रात को गोपिया बैराज कदम पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने दूसरे बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते दुर्गेश व मनोज दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पड़ोस के लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से मोतीपुर सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने परीक्षण कर एक को मृत घोषित कर दिया। मोतीपुर थाने के बैराज कदम पुलिया के पास शनिवार देर रात दो बाइक में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसके चलते एक बाइक सवार खैरहनपुरवा निवासी 22 वर्षीय दुर्गेश चौहान पुत्र नरेश, 30 वर्षीय मनोज चौहान पुत्र जगदीश घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक पर सवार लोग वाहन सहित फरार हो गए। आस-पड़ोस के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से मोतीपुर सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने परीक्षण कर दुर्गेश को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुर्तिहा कोतवाली के गौरा पिपरा निवासी 35 वर्षीय सत्यजीत पुत्र राम सुहावन लकड़ी के फर्नीचर का कारीगर है। वह शनिवार रात काम करके बाइक से घर आ रहा था। मोतीपुर थाने के बिचपरी गांव के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित फरार हो गया।

### मालदीव भेजने के नाम पर ठगे 2.10 लाख रुपये

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के कैमी चक गांव निवासी तीन लोगों से मालदीव भेजने के नाम पर एक जालसाज ने 2.10 लाख रुपये ले लिये। हकीकत पता चलने पर पीड़ितों ने कोतवाली देहात में बरेली निवासी जालसाज पर केस दर्ज कराया है।

उमेश यादव ने रोजगार के लिए बरेली के आला हजरत हॉस्पिटल रोड फैंक इंकलेव निवासी एमए मालिक से संपर्क किया। एमए मालिक ने मालदीव में नौकरी दिलाने के नाम पर सुरेश, उसके भाई व एक व्यक्ति से 2.10 लाख रुपये लिये। उमेश का कहना है कि 28 जनवरी 2023 को पूरा भुगतान उसे दे दिया था। एक वर्ष बीतने के बाद भी टिकट नहीं मिला। इस पर एमए मालिक ने पैसा भेजने की बात कही, लेकिन 40 हजार भेजने के बाद फोन उठाना बंद कर दिया। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि उमेश की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# केमिकल लगते ही बेहोश हुई महिला, घर जाकर की लूटपाट

बहराइच

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात के धरसवा गांव निवासी एक महिला जिला अस्पताल में जांच के लिए आई थी। महिला के आसपास दो युवक शुरू से अंत तक लग रहे। इसी दौरान सभी ने महिला के माथे पर कोई केमिकल लगा दिया। जिससे महिला का दिमागी संतुलन खराब हो गया। इसके बाद घर पहुंचे लोगों ने चाकू दिखाकर नकदी समेत 11 लाख की लूट की। महिला का दिमागी संतुलन ठीक हुआ तो उसने आपबीती बताते हुए सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली देहात के धरसंवा गांव निवासी सत्य विजय पांडेय पत्नी गोपाल पांडेय ने कोतवाली देहात में तहरीर दी है। उनका कहना है कि वह 26 अप्रैल को जिला अस्पताल में जांच के आईं। यहीं पर दो अनजान युवक मिल गए। जिन्होने माथे पर कोई केमिकल लगा दिया। जिससे उनका दिमागी संतुलन खराब हो गया। वही दोनों लोग उसे घर बाइक से ले गए। घर के लोग पड़ोस में आयोजित विवाह कार्यक्रम में मौजूद थे। इसके बाद दोनों लोगों ने चाकू दिखाकर और हत्या की धमकी देते हुए मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद चाबी लेकर 11 लाख मूल्य के सोने चांदी के जेवरात, सिक्के और 10 हजार रूपये नकदी लूट ली। 30 अप्रैल को उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ तो उसने परिवार को पूरी व्यथा बताई। परिवार के लोगों के साथ इलाज कराया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच से सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर जांच की। रविवार को कोतवाली देहात में पत्र देकर केस दर्ज करने की मांग की। कोतवाल देहात बृजेश कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना टप्पेबाजी की है। जिला अस्पताल कोतवाली नगर क्षेत्र में आता है। प्रार्थना पत्र उन्हें मिला है। लेकिन बार बार बदला जा रहा तहरीर घटना को काल्पनिक दर्शा रहा है।


जिला अस्पताल के सीसीटीवी में महिला के साथ मौजूद दो अन्य की तस्वीर।

सख्त रुख

## मतदान केंद्रों का सामान्य और पुलिस प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

# धमकी मिले तो पुलिस से करें शिकायत

बहराइच

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग की ओर से भेजे गए सामान्य और पुलिस प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बोले कि किसी भी प्रत्याशी के समर्थक द्वारा धमकी देने का डराने का मामला सामने आए तो पुलिस को सूचना दें।

सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय व पुलिस प्रेक्षक केएसएसवी सुब्बारेड्डी ने शनिवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा एवं बहराइच सदर अन्तर्गत क्रिटिकल एवं सामान्य बूथों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया तथा मौजूद लोगों से संवाद करते हुए इस बात की जानकारी प्राप्त की कि क्षेत्र में कोई ऐसा व्यक्ति या लोग तो नहीं हैं जो वोट देने न देने, अथवा किसी के पक्ष में मतदान करने के लिए डरा धमका रहे हों या रिश्वत, शराब इत्यादि की पेशकश कर रहे हों तो तत्काल इस बात को अधिकारियों के संज्ञान में लायें। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक के लाईजन सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, पुलिस प्रेक्षक के लाईज़न आफिसर सहायक अभियन्ता, लघु उद्योग निगम, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।


बहराइच में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार


ईवीएम का निरीक्षण करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी।

### डीएम ने ईवीएम कमिशनिंग के कार्य किया निरीक्षण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बहराइच सुरक्षित सीट के निर्वाचन क्षेत्र में स्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के कार्य का निरीक्षण किया। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच के लिए संचालित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग कार्य का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शनिवार को कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का भ्रमण किया। डीएम ने विधानसभावार लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कार्मिकों से जानकारी प्राप्त करते हुए कमिशनिंग कार्य त्रुटि रहित तरीके से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# दूसरे रेण्डमाइजेशन पर प्रेक्षकों ने भी जांची स्थिति

बहराइच

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान के लिए 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रेंडमाईजेशन कार्य हुआ। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर व कैसरगंज की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक निधि निवेदिता,सीडीओ गोण्डा एम. अरून्मौली, जिलाधिकारी मोनिका रानी, प्रभारी कार्मिक/सीडीओ बहराइच रम्या आर, व अन्य अधिकारियों की उपस्थित की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट बहराइच स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) में मतदान कार्मिकों तथा 114 माइक्रो आब्ज़र्वर्स का द्वितीय रेण्डमाइज़ेशन सम्पन्न हुआ। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ रम्या आर ने बताया कि कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत पयागपुर में 419 एवं कैसरगंज में 394 कुल 813 बूथों हेतु रिज़र्व सहित पयागपुर के लिए 461 व कैसरगंज के लिए 434 कुल 895 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया है। नियुक्त किये मतदान कार्मिकों को स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में 9 व 10 मई को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।


रेंडमाइजेशन की बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

अनर्थकं विप्रवासं गृहेभ्य : पापै : सन्धि परदाराभिमर्शम् ।
दम्भं स्तैन्य पैशुन्यं मद्यपानं न सेवते यश्च सुखी सदैव ॥

जो व्यक्ति अकारण घर के बाहर नहीं रहता,बुरे लोगों की सोहबत से बचता है,परस्त्री से संबध नहीं रखता,चोरी,चुगली,पाखंड और नशा नहीं करता-वह सदा सुखी रहता है।

## संपादकीय

# पीओके पर दावा

पाकिस्तान लगातार भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। शनिवार की शाम जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर हमला इस वर्ष की पहली बड़ी आतंकवादी घटना में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीमावर्ती पुंछ जिले के साथ-साथ निकटवर्ती राजौरी में पिछले दो वर्ष में बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ पड़ोसी देशों की तरह सामान्य संबंध रखना चाहता है लेकिन इसके लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है। इस बीच कटक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का अहम हिस्सा है, जिसे भुला दिया गया था, लेकिन अब फिर से लोगों की चेतना में आ गया है। पीओके कभी भी देश से बाहर नहीं रहा है। यह देश का हिस्सा था और हमेशा रहेगा। पीओके पूरी तरह से भारत का हिस्सा है, किसी अन्य का नियंत्रण कैसे हो सकता है।

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर रखा है। इसे पीओके कहा जाता है। पाकिस्तान के लोग पीओके को 'आजाद कश्मीर' कहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा है कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। पीओके हमारा थाहै और हमारा रहेगा। जम्मू-कश्मीर के इस हिस्से पर अवैध कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान लगातार वहां के लोगों का दमन कर रहा है। पीओके में कोई मानवाधिकार नहीं है। इसकी पुष्टि कई मानवाधिकार संगठनों ने भी की है, जबकि यहां जम्मू-कश्मीर में आरंभ से संवैधानिक व्यवस्था और कुछ अपवादों को छोड़कर लगातार लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकारें रही हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने के साथ पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघनों का मुद्दा उठाने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि पीओके के लोगों के अधिकारों के पक्ष में भारत सशक्त अंतर्राष्ट्रीय अभियान चलाए। वैसे ये मुद्दा भारत बनाम पाक का नहीं, बल्कि मूलभूत मानव अधिकारों का है, जिन्हें सुनिश्चित करना संयुक्त राष्ट्र का दायित्व है।

# आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचार की धुरी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलत: मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं।

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है,लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा,इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था। क्या वजह है लेखकों को भ्रष्टाचार विषय नहीं लगता। साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। साहित्य में मूल्य,नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है,लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है।

फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने,येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई। आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। पश्चिम वाले जिसे रीगनवाद, थैचरवाद आदि के नाम से सुशोभित करते हैं। यह मूलतः 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है,इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। रीगनवाद-थैचरवाद को हम नव्य आर्थिक उदारतावाद के नाम से जानते हैं। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहा राव। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलतः मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं। ये मीडिया पुरुष हैं। इवेंट पुरूष हैं। इनकी अपनी वर्गीय सीमाएं हैं और वर्गीय भूमिकाएं हैं। प्रतीक पुरुषों के संघर्ष सत्ता संबोधित होते हैं जनता उनमें दर्शक होती है। टेलीविजन क्रांति के बाद पैदा हुई मीडिया आंदोलनकारियों की इस विशाल पीढ़ी का योगदान है कि इसने जन समस्याओं को मीडिया टॉक शो की समस्याएं बनाया है। अब जनता की समस्याएं जनता में कम टीवी टॉक शो में ज्यादा देखी-सुनी जाती हैं। इनमें जनता दर्शक होती है। इन प्रतीक पुरुषों के पीछे कारपोरेट मीडिया का पूरा नैतिक समर्थन है।

उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं,जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं,इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ।

उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं,जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं,इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ। भारत में नव्य उदारतावादी नीतियां लागू किए जाने के बाद नेताओं की सकल संपत्ति में तेजी से वृद्धि हुई है। सोवियत संघ में सीधे पार्टी नेताओं ने सरकारी संपत्ति की लूट की और रातों-रात अरबपति बन गए। सरकारी संसाधनों को अपने नाम करा लिया। यही फिनोमिना चीन में भी देखा गया। उत्तर आधुनिकतावाद पर जो फिदा हैं वे नहीं जानते कि वे व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और नेताओं के द्वारा मचाई जा रही लूट में वे मददगार बन रहे हैं। मसलन गोर्बाचोव के नाम से जो संस्थान चलता है,उसे अरबों-खरबों के फंड देकर गोर्बाचोव को रातों-रात अरबपति बना दिया गया। ये जनाब पैरेस्त्रोइका के कर्णधार थे।

रीगन से लेकर क्लिंटन तक और गोर्बाचोव से लेकर चीनी राष्ट्रपति के दामाद तक पैदा हुई अरबपतियों की पीढ़ी की तुलना जरा हमारे देश के सांसदों-विधायकों की संपदा से करें। भारत में सांसदों-विधायकों के पास नव्य आर्थिक उदारतावाद के जमाने में जितनी तेजगति से व्यक्तिगत संपत्ति जमा हुई है वैसी पहले कभी जमा नहीं हुई थी। अरबपतियों-करोड़पतियों का बिहार की विधानसभा से लेकर लोकसभा तक जमघट लगा हुआ है। केन्द्रीय मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्रियों तक सबकी दौलत दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ी है। नेताओं के पास यह दौलत किसी कारोबार के जरिए कमाकर जमा नहीं हुई है,बल्कि यह अनुत्पादक संपदा है,जो विभिन्न किस्म के व्यवस्थागत भ्रष्टाचार के जरिए जमा हुई है। अमेरिका में भयानक आर्थिक मंदी के बावजूद नेताओं की परिसंपत्तियों में कोई गिरावट नहीं आई है। कारपोरेट मुनाफों में गिरावट नहीं आई है। भारत में भी यही हाल है।

इसी संदर्भ में फ्रेडरिक जेम्सन ने मौजूदा दौर में मार्क्सवाद की चौथी थीसिस में लिखा है इस संरचनात्मक भ्रष्टाचार का नैतिक मूल्यों के संदर्भ में कार्य-कारण संबंध के रूप में व्याख्या करना भ्रामक होगा,क्योंकि यह समाज के शीर्ष वर्गों में अनुत्पादक ढंग से धन संग्रह की बिल्कुल भौतिक सामाजिक प्रक्रिया में उत्पन्न होती है। इस बात पर बल देना अनिवार्य है कि कार्य-कुशलता,उत्पादकता और वित्तीय संपन्नता जैसे संवर्ग तुलनात्मक हैं। अभिप्राय यह है कि उनके परिणामों की भूमिका उस क्षेत्र में आती है जिसमें अनेक असमान परिघटनाएं प्रतिस्पर्धा कर रही हों। अधिक कार्यकुशल और उत्पादक तकनीक पुरानी मशीनरी और पुराने संयंत्र को तभी विस्थापित करती हैं,जब पुरानी मशीनरी और संयंत्र अधिक कार्यकुशल तथा आधुनिक तकनीकी के कार्यक्षेत्र में प्रवेश करते हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। इसी बात को सोवियत संघ के संदर्भ में आगे बढ़ाते हुए जेम्सन ने लिखा सोवियत संघ अकुशल हो गया और जब इसने अपने को 'विश्व-तंत्र' के साथ एकीकृत करने का प्रयास किया,तो यह विघटित हो गया,क्योंकि विश्व-तंत्र आधुनिकता से उत्तर आधुनिकता की ओर अग्रसर था। यह एक ऐसा तंत्र था,जो संचालन के नए नियमों के हिसाब से उत्पादकता की अतुलनीय द्रुत गति से दौड़ रहा था। वहीं सोवियत संघ में ऐसा कुछ भी नहीं था जिसकी इससे तुलना की जा सके। सांस्कृतिक अभिप्रेरकों (उपभोक्तावाद, नई सूचना प्रौद्योगिकी आदि) द्वारा प्रेरित, सुविचारित सामरिक-तकनीकी प्रतिस्पर्धा में आकृष्ट होकर, ऋण तथा तीव्र होते वाणिज्यिक सह-अस्तित्व के रूपों के प्रलोभन में आकर रूस एक ऐसे तत्व में प्रवेश कर गया,जहां इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। यह दावा किया जा सकता है कि सोवियत संघ और इसके अनुषंगी देश,जो अब तक अपने ही विशिष्ट दबाव क्षेत्र में अलग-अलग थे मानो किसी विचारधारात्मक सामाजिक,आर्थिक,भूगणितीय उभार (गुंबज) के नीचे दबे हों,इसने अविवेकपूर्ण ढंग से बिना अंतरिक्ष-पोशाक तैयार किए ही वायुबंध खोलना आरंभ कर दिया और इस प्रकार स्वयं को और अपने संस्थानों को बाह्य विश्व के तीव्र और अपरिमेय दबाव के हवाले कर दिया। इसके परिणाम की तुलना हम प्रथम परमाणु बम के विस्फोट से हुई उन तुच्छ ढांचों की हालत से कर सकते हैं,जो इस बम विस्फोट के स्थल के सबसे नजदीक थे या फिर उन असुरक्षित जीवों की हालत से कर सकते हैं,जो समुद्र तल पर उपस्थित थे जब जल में उत्पन्न विकृत दबाव का भार उन पर पड़ा होगा,खासकर जब यह दबाव से ऊपर की ओर उठ रहा होगा। यह परिणाम वॉलरस्टीन की दूरदर्शितापूर्ण चेतावनी की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा था कि सोवियत ब्लॉक ने अपनी महत्ता के बावजूद पूंजीवादी तंत्र के विकल्प के रूप में किसी तंत्र का निर्माण नहीं किया, बल्कि इसके भीतर एक तंत्र-विरोधी क्षेत्र या स्थान बनाया,जो अब स्पष्टतया समाप्त हो गया है। यदि शेष कुछ बचे हैं तो वे कुछ पॉकेट्स हैं जिनमें आज भी विविध समाजवादी प्रयोग किए जा रहे हैं।

## प्रसंगवश

# चुनाव के बाद वोटिंग मशीन



अनूप शुक्ल
कानपुर

चुनाव के बाद वोटिंग मशीने सुस्ता रहीं थी। आपस में अपने-अपने किस्से सुना रही थीं। लोगों ने कैसे उनका उपयोग किया। कैसे वोट डाला। कैसे दबाया। कैसे सहलाया। आइए सुनाते हैं कुछ उनकी गप्पगाथाः ईवीएम एक : एक वोटर ने तो इत्ती जोर से बटन दबाया कि अभी तक दर्द कर रहा है। लगता है अगले चुनाव में चल न पाएंगे हम। /ईवीएम दो : याद आ रही है क्या उस वोटर की?/ईवीएम तीन : अरे उसकी याद की कड़ाही में तू काहे अपनी जलेबी छान रही है? तुमको किसी की याद नहीं आती तो क्या किसी को नहीं आएगी? क्यों री दर्द कैसा हो रहा है मीठा कि खट्टा?

ईवीएम एकः भक्क उस तरह वाला दर्द थोड़ी हो रहा। तुम तो सबको अपनी तरह समझ लेती हो। सबके भाग्य में वो मीठा-खट्टा दर्द कहां? इस गप्पाष्टक को एक बुजुर्ग ईवीएम मशीन दूर से सुन रही थी। अंजर-पंजर ढीले होने के चलते उसको चुनाव में ले नहीं जाया गया था। ऊंचा सुनती थी। इसीलिए दूर की बातों पर कान लगे रहते थे। बुजुर्ग ईवीएम आवाज में बोली-'सुना है तुम लोगों से कुछ छेड़छाड़ हुई वहां चुनाव में। तुम लोग भी छेड़छाड़ में इत्ती बेसुध हुई कि वोट दिए किसी और को गए पर तुमने गिनाए किसी और के नाम।' छेड़छाड़ के नाम से ईवीएम मशीने एकदम प्याज-टमाटर की तरह लाल हो गईं। (बुजुर्ग और सांवली मशीने प्याज की तरह, युवा और गोरी टमाटर की तरह) लेकिन उनको लगा कि लाल होने से काम नहीं चलेगा तो सफाई देने लगीं। वैसे भी जिन महिलाओं से छेड़छाड़ होती है उसके जिम्मे सफाई देने का ही काम बचता है। वे बोलीं,'हम लोग कोई ऐसी-वैसी मशीन थोड़ी हैं। हमको कौन छेड़ेगा।

हम कोई खूबसूरत टाइप मशीन भी नहीं जो हमको कोई छेड़े। खूबसूरत होती तो कोई हीरो-हीरोइन हमारा विज्ञापन करता। भले घर की लड़कियों की तरह हम चुनाव आयोग के गोदाम से सीधे पोलिंग बूथ जाते हैं,वहां से सीधे वापस आ जाते हैं। कहीं इधर-उधर ताकते तक नहीं। झांकने की तो बात ही छोड़ दो।'सफाई से बुजुर्ग ईवीएम मशीन और उत्साहित हो गई। बोली-'लेकिन जब हवा उड़ी है तो कुछ तो बात हुई ही होगी कि छेड़छाड़ का हल्ला है। हमने भी चुनाव करवाए हैं। हमको भी लोगों ने दबाया है। इधर-उधर थपथपाया है। किसी-किसी ने तो पटका भी है। खटखटाकर भी वोट डाला है,लेकिन मजाल है,जो आज तक किसी ने छेड़छाड़ की हो। तुम लोगों ने जरूर कुछ ऐसा किया होगा जो छेड़छाड़ की खबर फैली। लाख समझाओ, लेकिन तुम लोग मनमानी से बाज कहां आते हो। ये नई हवा का असर है।'

बुढ़िया ईवीएम बड़बड़ाते हुए खांसने लगी। फिर तो सब ईवीएम मशीने छेड़छाड़ का आरोप लगाने पर फिरंट हो गईं। पता लगा कि मशीनों से छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाले वही लोग थे,जो हार भी गए थे। उनको इस बात से तसल्ली हुई कि जीते हुए लोगों ने उन पर छेड़छाड़ का आरोप नहीं लगाया। फिर तो ईवीएम मशीनों के सुर बदल गए। वे ठिठोली करते हुए बतियाने लगीं। बकने दो हरंटो को। सरकार तो हमारे समर्थन में होगी। तब क्या एक ने नारा लगायाः "जिसके साथ खड़ी हो सरकार उसको कौन बात का डर यार।" जिसने हम पर छेड़खानी की बात कही उसको अगले चुनाव में टिकट न मिले। अरे नहीं री। टिकट तो मिले,लेकिन टिकट के दाम दोगुने हो जाएं और टिकट जिस इलाके से मिलें उस इलाके में उसको कोई जानता न हो। फिर तो वो जीत जाएगा बे। लोग उसकी करतूतें जानेंगे नहीं तो भला समझ कर जिता देंगे। दिनभर इसी गपड़चौथ में जुटी ईवीएम मशीनों ने शाम को महसूस किया कि वे तो अपनी छेड़छाड़ के ही किस्से में जुटी रहीं।

एक बोली-'इस चुनाव में हम ईवीएम के हाल तो रजिया की तरह हो गए,जो नेताओं के चक्कर में फस गई हो।' अबे रजिया तो गुंडों के बीच फंसी थी। -दूसरी ने सुधारने की कोशिश की। हां यार। रजिया की किस्मत अच्छी थी,जो गुंडों के बीच फंसी थी। हमारे ही करम फूटे हैं,जो नेताओं के बीच फंस गए। तीसरी ने कहा, ये क्या आंय-बांय-सांय बक रही है तू। क्या चुनाव सभा में भाषण दे रही है। गुंडों के बीच फंसना अच्छी किस्मत है? चौथी ने हड़काया। गुंडों के बीच फ़ंसना तो नेताओं के बीच फ़ंसने से सौ गुना बेहतर है यार- एक भक्तिन टाइप ईवीएम मशीन रामचरित मानस की चौपाइयां बांचने लगीः कर्म प्रधान विश्व रचि राखा/ जो जस करै तो तस फ़ल चाखा। दूसरी पैरोडीबाजी करने लगी- कोऊ नृप होय हमें का हानी/ईवीएम छोड़ न होइहैं रानी ।हम ईवीएम मशीनों को उनके हाल पर छोड़कर चले आए। वैसे और कर भी क्या सकते थे?

# खत्म सी होती जा रही है विश्वविद्यालयों की जीवंतता



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर,सीरिया आदि किया,तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं।

अमेरिका के विश्वविद्यालयों में गाजा में हो रहे नरसंहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। किसी एक या दो में नहीं,देशभर में फैले दर्जनाधिक विश्वविद्यालयों में। इंग्लैंड में, फ्रांस में,नीदरलैंड आदि यूरोपीय देशों के नामचीन विश्वविद्यालयों में भी ऐसे विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है।

ये सब ऐसे विश्वविद्यालय हैं,जो दुनिया में अपना मान,अपना सम्मान रखते हैं। वहां अच्छी पढ़ाई होती होगी,बेहतरीन एकेडमिक माहौल होगा। तभी तो हमारे देश के नेतागण,अधिकारीगण, बड़े-बड़े पैसे वाले गण आदि आदि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए उन जगहों पर भेजते हैं। वे छात्र दुनिया से जुड़े हैं,मानवता की धड़कनों से जुड़े हैं,विश्व राजनीति की विडंबनाओं पर अपनी राय निर्धारित करते हैं,जरूरत पड़ने पर वैचारिक हस्तक्षेप करते हैं,अक्सर पुलिस की हिरासत में जाते हैं,कुछ कष्ट सहते हैं,स्लोगन बनाते हैं, लेख लिखते हैं,भाषण देते हैं,भाषण सुनते हैं।

गाजा नरसंहार कोई पहला मुद्दा नहीं है जिस पर वे छात्र प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जागरूक और आलोकित परिसरों में अक्सर ऐसा होता रहता है,लेकिन हमारे विश्वविद्यालयों में जीवंतता तो खत्म सी ही होती जा रही है। एकाध परिसरों में विश्व या देश की राजनीति पर,मानवीय विडंबनाओं पर छात्र गण प्रतिक्रिया देते हैं तो 'टुकड़े टुकड़े गैंग' कहते हम हिकारत से भर उठते हैं। ये गए हैं पढ़ने,अफसर बनने या नेतागिरी करने? टैक्स देने वालों के पैसों का यह दुरुपयोग है। वह भी देश के कुछ गिने-चुने,शायद एकाध जगहों पर कुछ ऐसा होता हो। हमारे देश का मिडिल क्लास इस बात के सख्त खिलाफ है कि उसके बच्चे गाजा,यूक्रेन,सीरिया,मणिपुर आदि फालतू की बातों में नारेबाजी,भाषणबाजी में उलझें। उन्हें कोर्स पूरा कर जल्दी से जल्दी यूपीएससी से लेकर एसएससी की कोई भी परीक्षा पासकर कलेक्टर से लेकर क्लर्क तक की कोई पोस्ट झपट लेनी चाहिए ताकि उनका शादी ब्याह कर निश्चिंत हो जाएं।

हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर,सीरिया आदि किया, तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं। बिहार पर तो भारी गर्व है हमें। इस मामले में यहां के विश्वविद्यालय और कॉलेज तो अनूठे हैं। मजाल है कि पांच दस प्रतिशत से अधिक छात्र बता दें कि गाजा आखिर है क्या? कोई देश है या शहर या कि समुद्र से हाल में खोजा गया कोई निर्जन द्वीप? वे तो सिरे से ही इंकार कर देंगे कि गाजा नाम से उन्हें कोई साबका रहा। उन्हें तो फॉर्म भरना है,परीक्षा देनी है,नकल नहीं करने दो तो बड़ी संख्या में फेल कर जाना है और विश्वविद्यालय का सिर दर्द बढ़ाना है। विज्ञान के छात्र प्रयोगशाला नहीं जाते। अधिकतर कॉलेजों के प्रैक्टिकल रूम्स को खोलिए तो अचानक से लगेगा कि मानव के पदचापों से महरूम इन कक्षों के स्याह,धूल भरे अंधेरों में प्रेतात्माएं विचरती होंगी। प्रयोगशालाओं में जरूरी स्टाफ की बहाली नहीं हुई,जो थे वे जाने कब रिटायर हुए,कितने मर खप गए। फिजिक्स में सब जोड़कर कई सौ छात्र,टीचर एक, सहयोगी स्टाफ कोई नहीं,बोटनी में तो टीचर ही नहीं,मैथ निल।

कितने संतोषी हैं, कितने आत्मतुष्ट, आत्मलीन हैं, हमारे छात्र। उनके कॉलेजों में हिस्ट्री के सर जी हैं तो पॉलिटिकल साइंस के हैं ही नहीं कोई, हिंदी के हैं तो अंग्रेजी का पोस्ट खाली है, चार सौ, पांच सौ, छह छह सौ छात्रों पर हिस्ट्री,राजनीति शास्त्र, हिंदी आदि के एक-एक शिक्षक हैं। बेदम हैं। न वेतन टाइम पर,न प्रमोशन टाइम पर। अगर बकाया आदि रह गया हो तो बूढ़े हो जाओ, एरियर के लिए एड़ियां घिस जाएंगी। मुख्यालय जाकर मांगने की जहमत उठा ही ली तो अगला टेबुल और फाइल से नजरें उठाए बिना कहेगा, 'सरकार से राशि आएगी तो मिल जाएगी।'

वह तो भला हो तकनीकी क्रांति का कि मोबाइल कंपनियां एक-एक बित्ते की स्क्रीन वाले सस्ते मोबाइल लांच करती रहती हैं,अपने अंबानी सर जियो की अबाध सेवा लिए तत्पर रहते हैं, रील्स बनाने वाली बेचैन आत्माएं तरह-तरह के अनोखे दृश्य लिए हाजिर रहती हैं। कौन गाजा, मणिपुर आदि की टेंशन ले। वह अमेरिका है, इंग्लैंड है, फ्रांस है। हम भारत हैं,हम बिहार हैं। हम सीधे विश्वगुरु बनने की देहरी पर खड़े हैं और गुरुकुल के केंद्रीय कक्ष की मुख्य कुर्सी पर छलांग लगाने ही वाले हैं।

## सोशल फोरम

# कोविशील्ड टीका और थ्रोम्बोसिस



सचिदानंद सिंह
मुंबई

खबर आई कि कोविशील्ड टीका उत्पादक ऐस्ट्राजेनेका कंपनी अपने बयान पर पलट गई और अब कह रही है कि अत्यंत बिरले मामलों में इसके टीके से थ्रोम्बोसिस संभव है।

थ्रोम्बोसिस एक गंभीर स्थिति है इसमें रक्त-नलिकाओं में रक्त के थक्के बनते हैं जिससे रक्त का प्रवाह रुक सकता है। यदि हृदय को रक्त नहीं मिला तो मृत्यु संभव है। इसी तरह मस्तिष्क के किसी भाग में रक्त नहीं पहुंचे तो मस्तिष्क का वह भाग निष्क्रिय हो सकता है,पर कंपनी अपने "बयान पर पलट गई" कहना सही नहीं है।

2021 में ही दवा की विस्तृत विवरणी जो ब्रिटेन के औषधि नियामक के वेब साइट पर आई थी उसमें यह बात कही गई थी कि बिरले मामलों (वेरी रेयर केसेस) में कोविशील्ड का एक पार्श्व प्रभाव देखा गया है। थ्रोम्बोसिस एंड थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस)। थ्रोम्बोसाइटोपेनिया रक्त में प्लैटलेट्स की संख्या कम हो जाने को कहते हैं। कंपनी के कहने के पहले, अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में आंकड़ों के आधार पर कोविशील्ड के इस खतरे को रेखांकित किया गया था। 2021 दिसंबर तक के आंकड़ों के आधार पर ऑस्ट्रेलिया सरकार ने कहा था कि साठ से कम उम्र वालों में एक लाख में तीन और साठ से अधिक उम्र वालों में एक लाख में दो व्यक्ति कंपनी के टीके लेने के चार से बयालीस दिनों के अंदर टीटीएस से पीड़ित हुए पाए गए थे।

आज जब महामारी समाप्त प्रायः हो गई है यह कहना आसान है कि टीके नहीं दिलाने थे। सरकारी आंकड़े हैं कि देश में 4.50 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए थे। यह जनसंख्या का 3.22 प्रतिशत हुआ। सरकारी आंकड़ों के अनुसार महामारी से 5.33 लाख से अधिक लोग मरे थे। यह जनसंख्या का 0.038 प्रतिशत हुआ। लाख में टीटीएस के तीन मामले यानी 0.003 प्रतिशत। तो टीटीएस के खतरे के बाद भी टीका नहीं दिलाना बारह गुना अधिक खतरनाक होता। आज जो टीका विरोधी रुख दिखा रहे हैं,ये वही लोग हैं,जो कहते थे चालीस लाख से अधिक लोग महामारी से मरे थे। यदि मृत्यु के उनके आंकड़े लिए जाएं तो टीका नहीं दिलाना टीटीएस के खतरे से सौ गुने से अधिक खतरनाक होता।

-फेसबुक वॉल से

# अनियोजित पर्यटन विकास के कारण चलना हुआ दुश्वार



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गईं हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है।

कहते हैं 'बारात के आंगन में आ जाने के बाद पानी के लिए कुआं खोदने' से अफरातफरी होती है और समस्या का समाधान भी नहीं हो पाता। प्रदेश के पर्यटन स्थलों में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के संदर्भ में यह मुहावरा पिछले करीब चार दशकों से साल-दर-साल और बारंबार दोहराया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य की अर्थव्यवस्था का मूलाधार समझे जाने वाले पर्यटन उद्योग को लेकर इस फौरी रवैये से नैनीताल जैसा विख्यात पर्वतीय पर्यटन स्थल आज अनियंत्रित और अनियोजित जन पर्यटन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है।

पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गईं हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है। नैनीताल में पैदल चल पाना भी दुष्कर हो गया है। उत्तराखंड में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तमाम दावे किए जाते रहे हैं और किए जा रहे हैं,लेकिन ब्रिटिश शासन काल में वजूद में आए नैनीताल और मसूरी आदि ख्याति प्राप्त हिल स्टेशन न्यूनतम अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उत्तराखंड को अलग राज्य बने चौबीस साल पूरे होने को हैं,परंतु यहां के भंगुर पर्यावरण और विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप व्यावहारिक पर्यटन नीति नहीं बन पाई है। पर्यटकों की रूपरेखा और पर्यटक सांख्यिकी माप की दिशा में ध्यान ही नहीं दिया गया है। पर्यटक स्थलों की भार वहन क्षमता का आकलन करने की आवश्यकता ही नहीं समझी गई है। इस वजह से पर्यटक स्थलों में अत्यावश्यक अधिसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप नैनीताल जैसे स्थापित पर्यटक स्थलों में जन पर्यटन ने आपाधापी का माहौल बना दिया है। नैनीताल समेत उत्तराखंड के अन्य सभी पर्यटक स्थलों का अनियंत्रित, अदूरदर्शी और असंयोजित रूप से व्यावसायिक दोहन हो रहा है जिससे पर्यावरण संकट बढ़ा है और सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अनियंत्रित जन पर्यटन गतिविधियों से आक्रोश का वातावरण बन रहा है। मेजबान और मेहमान के बीच तनाव की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। 'वहन क्षमता' से कहीं अधिक वाहनों के चलते नैनीताल अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले नगर में तब्दील हो गया है। औपनिवेशिक शासक भारत के पहाड़ों की तुलना यूरोपीय पहाड़ों से करते थे। अंग्रेजों ने भारत में कई हिल स्टेशन बसाए जिनमें नैनीताल भी सम्मिलित था। 1980 के दशक में मारुति संस्कृति आने के बाद निजी वाहनों की संख्या बढ़ने लगी थी। परिवहन के साधन बेहतर हुए। पर्यटकों की रुचियों में भी बदलाव आने लगा। पर्यटन ने फैशन का रूप धारण कर लिया। पर्यटकों को सार्वजनिक यातायात के बजाय निजी वाहनों में आना-जाना सुविधाजनक लगने लगा। अब नैनीताल में पार्किंग की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी। 1983-84 में नैनीताल के एकमात्र खुले स्थान फ्लैट्स के एक हिस्से को कार पार्किंग में तब्दील कर दिया गया। इसके बाद साल-दर-साल पर्यटकों और गाड़ियों की तादाद बढ़ती चली गई। नैनीताल के सभी पैदल मार्गों में गाड़ियां दौड़ने और पार्क होने लगीं। इस कारण नैनीताल के पैदल मार्गों में भी पैदल चल पाना दूभर होता चला गया। नैनीताल में पार्किंग एवं अन्य अधिसंरचनात्मक सुविधाओं को लेकर दशकों से हर साल अलग-अलग स्तर पर विमर्श होता रहा है। ज्यों-ज्यों मर्ज की दवा खोजी गई, त्यों -त्यों मर्ज लाइलाज होता चला गया है। इधर के कुछ वर्षों में यहां टैक्सी वाहनों और टैक्सी मोटर बाइकों की संख्या में एकाएक उछाल आया है। निजी दोपहिया और चौपहिया वाहनों की तादाद भी खूब बढ़ी है। दोपहिया टैक्सी वाहनों ने सड़क के किनारों की नालियों को भी हाईवे में तब्दील कर दिया है। नगर में पैदल चलने वालों के लिए सड़कों के किनारों की नालियां भी नहीं बची हैं। इंतजामिया अनियंत्रित और अनियोजित यातायात को कानून व्यवस्था की दृष्टि से देखता है। जबकि यह नियोजन से जुड़ा मुद्दा है। सड़कों की क्षमता से कई गुना अधिक वाहनों की संख्या को ट्रैफिक पुलिस नियंत्रित नहीं कर सकती है। ऐसा हो पाना संभव ही नहीं है। पार्किंग सुविधाओं के विस्तारीकरण से भी इस समस्या से निपटा नहीं जा सकता है। गाड़ियों को चलने के लिए पहले सड़क चाहिए और फिर पार्किंग। समस्या की जड़ को खोजने के बजाय तदर्थ उपाय करने से इसका समाधान हो पाना असंभव है।

नैनीताल की विशिष्ट भौगोलिक बनावट के चलते यहां पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर है। यहां आवश्यकता के अनुरूप अधिसंरचनात्मक सामर्थ्य का अभाव है। मांग और आपूर्ति में असंतुलन से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। संसाधनों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। सप्ताहांत पर्यटन की बढ़ती प्रवृत्ति से पर्यटकों के ठहरने की अवधि अत्यंत कम हुई है। पर्यटन को टिकाऊ और लाभप्रद बनाने के लिए दीर्घकालिक उपाय खोजने के बजाय समस्याओं का तदर्थ और तात्कालिक समाधान खोजने की प्रवृत्ति हावी होती जा रही है। जबकि सच्चाई यह है कि पर्यटक स्थल की वहन क्षमता को ध्यान में रखकर सुविचारित दीर्घकालीन योजना बनाए बिना अनियंत्रित पर्यटन विकास को रोका नहीं जा सकता है। याद रहे कि पर्यटन स्थल एक बहुमूल्य संपत्ति होती है,नियंत्रित पर्यटन से ही इस संपत्ति को संरक्षित किया जा सकता है।

# कुआनो नदी में नाव पलटने से तीन की मौत

## मरने वालों में दो एक ही परिवार के, धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम मझौरा के निवासी हैं तीनों मृतक

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम मझौरा के पास स्थित कुआनो नदी में रविवार की दोपहर डोंगी नाव पलट जाने से नदी में डूबकर दो बच्चों और एक बुजुर्ग की मौत हो गई।


नदी में डूबे लोगों को बाहर निकालते गोताखोरों की टीम। अमृत विचार

ग्राम मझौरा के टोला नकहा निवासी 62 वर्षीय गोपाल पुत्र बरखू अपने इकलौते पोते 11 वर्षीय आर्यन पुत्र शैलेंद्र और 12 वर्षीय शिवम पुत्र सुनील के साथ गांव के पास स्थित कुआनो नदी के किनारे भैंस चरा रहे थे। दोपहर में उनकी भैंसें नदी में जाकर नहाने लगीं। इसी बीच कुछ भैंसें नदी के दूसरी तरफ चली गईं। उन्हें वापस ले आने के लिए गोपाल नदी के किनारे बंधी मछुआरों की नाव लेकर जाने लगे। सहयोग के लिए उन्होने अपने पोते आर्यन और शिवम को भी साथ ले लिया। नाव अभी नदी की बीच धारा में ही पहुंची ही थी कि उसमें पानी भरने लगा और देखते ही देखते नाव डूब गई। इस घटना में दोनों बच्चों समेत गोपाल भी डूब गए। नदी किनारे भैंस चरा रहे एक अन्य बच्चे ने घटना की सूचना ग्रामीणों और उनके परिजनों को दिया। देखते ही देखते घटना स्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची धनघटा पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद तीनों लोगों को नदी से बाहर निकाल लिया। एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी हैंसरबाजार पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### मृतक शिवम के छोटे भाई ने देखा मौत का तांडव

जिस समय नाव नदी के बीच धारा में पहुंची, शिवम का छोटा भाई रवि को पेड़ के नीचे बैठा था। जैसे ही नाव डूबी। मासूम रवि अपने भाई समेत तीन लोगों को अपनी आंखों के सामने मौत के मुंह में जाते देख दहाड़ें मारकर रोने लगा। रवि नदी से रोता चिल्लाता घर की तरफ पहुंचा और परिजनों के अलावा ग्रामीणों को इस घटना की सूचना दिया।

### नहीं थम रहे परिजनों के आंसू, पूरे गांव में छाया रहा शोक

रविवार का दिन मझौरा गांव के लिए काला रविवार साबित हुआ। एक बुजुर्ग और दो मासूम बच्चों की नदी में डूबकर हुई मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। मासूम आर्यन गोपाल का इकलौता पोता था। स्कूल की छुट्टी होने के चलते वह अपने बाबा के साथ भैंस चराने चला गया था। उसे जाते देख पड़ोसी सुनील का बेटा शिवम भी अपनी भैंस लेकर चला गया और साथ में उसका छोटा भाई रवि भी चला गया। नदी पार जाने के लिए जब गोपाल के साथ आर्यन और सुनील डोंगी नाव पर बैठकर नदी पार जाने लगे तो रवि भी उनके साथ जाने को तैयार हुआ। रवि को उन्होंने मना करके नदी के किनारे स्थित पेड़ के नीचे बैठा दिया। एक साथ तीन लोगों की मौत ने पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

# बीत गई समय सीमा, नहीं पूर्ण हुआ राम जानकी मार्ग का निर्माण

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र के रामपुर बारहकोनी से बसवारी गांव तक 35 किलोमीटर की लंबाई में निर्माणाधीन राम जानकी मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण होने की समय सीमा 4 मई 2024 निर्धारित की गई थी। समय सीमा बीत जाने के बावजूद अभी 12 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य शेष है। निर्माणाधीन सड़क से उड़ती धूल से आम जनजीवन बेहाल है।

एन एच 227ए राम जानकी मार्ग फेज टू का निर्माण कार्य जनवरी 2023 में बस्ती जिले की सीमा रामपुर बारहकोनी से 134.91 करोड रुपए की लागत से शुरू हुआ था। सड़क का निर्माण कार्य 4 मई 2024 तक पूर्ण कर लिए जाने की समय सीमा निर्धारित की गई थी। काफी समय तक किसानों से जमीन अधिग्रहण और मुआवजा निर्धारण में समय गुजर गया। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद किसानों की मान मनौव्वल के बाद मुआवजा वितरित कर जमीनों का अधिग्रहण पूर्ण हुआ तो निर्माण कार्य शुरू हुआ। कार्यदाई संस्था की सुस्त रफ्तार के चलते सड़क का निर्माण बेहद धीमी गति से शुरू हुआ। सड़क को तोड़कर राहगीरों के सामने आवागमन की समस्या तो पैदा किया ही साथ ही उड़ रही धूल के कारण सड़क के किनारे रहने वाले लोगों का घर में रहना मुश्किल हो गया। सड़क निर्माण बीच-बीच में दो से तीन किलोमीटर छोड़कर आगे बढ़ती गई। अभी भी हैसर बाजार, सिरसी के पास, डिहवा बाजार, खांजो, लोहरैया आदि कस्बों और बाजारों के आसपास काम अभी बाकी ही है, भरतपुरा से बसवारी गांव तक 6 किलोमीटर सड़क उखाड़ कर छोड़ दी गई है।

### एक सप्ताह में तैयार करें सड़क : अमित तिवारी

संतकबीरनगर। इस बारे में बात करने पर एन एच बस्ती के कंसल्टेंट अमित कुमार तिवारी ने बताया कि राम जानकी मार्ग का निर्माण कार्य बेहद तेज गति के साथ कराया जा रहा है। जमीन अधिग्रहण के चलते निर्माण में कुछ विलम्ब हुआ। लेकिन जमीन उपलब्ध होने के बाद पूरी क्षमता के साथ निर्माण कराया जा रहा है। अगले एक सप्ताह में राम-जानकी मार्ग का निर्माण पूर्ण करा दिया जाएगा।

## सामान्य प्रेक्षक ने संभाली कमान


जनक प्रसाद पाठक, सामान्य प्रेक्षक।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** सामान्य प्रेक्षक जनक प्रसाद पाठक ने रविवार को जनपद मुख्यालय पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। खलीलाबाद स्थित पीडब्लूडी विभाग के डाक बंगले पर पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड आफ आनर की सलामी दी गई। सामान्य प्रेक्षक को डाक बंगले के यमुना कक्ष में ठहराया गया है। उन्होने बताया कि 62 लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर का चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचिता पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि आम जनता या राजनीतिक कार्यकर्ता किसी भी अनियमितता और गड़बड़ी या चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत उनके मोबाइल नंबर 9198222528 पर कर सकते हैं। उनसे सुबह 9 बजे से 10 बजे के बीच मुलाकात करके भी संतकबीरनगर संसदीय लोकसभा निर्वाचन में क्षेत्र में निष्पक्षता, पारदर्शिता, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन सहित अन्य किसी भी तरह की अनियमितता से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सब रजिस्ट्रार राजेश गुप्ता को उन्का लाइजन आफीसर नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नम्बर 6388225788 है।

# नारी संघ ने उठाया घरेलू हिंसा का मुद्दा

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** अपराजिता सामाजिक समिति द्वारा गठित विजया लक्ष्मी नारी संघ से जुड़ी महिलायें समाज के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता अभियान चला कर उस पर अपना पक्ष रख रही है। अपराजिता की कार्यकर्ता अर्पिता सिंह द्वारा बताया गया कि घरेलू दायरे में हिंसा को घरेलू हिंसा कहा जाता है। किसी महिला का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक, मनोवैज्ञानिक या यौन शोषण किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाना जिसके साथ महिला के पारिवारिक सम्बन्ध हैं, घरेलू हिंसा में शामिल है। महिला संरक्षण अधिनियम की धारा, 2005" घरेलू हिंसा को पारिभाषित किया गया है पीड़ित महिला इस अधिनियम के तहत किसी भी पुरुष वयस्क अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज कर सकती है जो उसके साथ घरेलू संबंध में है।, इसी के साथ सभी ने शपथ ली कि वो किसी भी महिला पर न तो हिंसा करेगे और न होते देखेंगे, यदि कोई ऐसा करता है तो 1090 महिला हेल्पलाइन पर कॉल करके उसकी शिकायत दर्ज करवाएंगे। बैठक मैं नारी संघ अगुवाकार सुशीला, ननकई, तारा पुरुष विनोद कुमार, जयमोहन, अरविंद कुमार, गया प्रसाद, पप्पू आदि नारी संघ महिलाएं निर्मला, रेशमा, ज्योति आदि, किशोर, किशोरियां, बच्चे, अन्य ग्राम वासी, कोटेदार अनिल मिश्र, अपराजिता कार्यकर्ता, अर्पिता, नमन, सोनी, जितेंद्र मौजूद रहें।


कैसरगंज महिला घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी।

# चंद्रभूषण पाण्डेय सपा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत


नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंपकर सम्मानित करते सपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजवादी अधिवक्ता सभा के पूर्व प्रदेश सचिव चंद्रभूषण पाण्डेय को सपा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस आशय की जानकारी सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने दी ।

# धनघटा के युवक की कौड़ीराम में ट्रक की टक्कर से हुई मौत

- बेटे को नीट की परीक्षा दिलाने गया था व्यापारी
- मौत की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा थानाक्षेत्र के बंडा बाजार निवासी एक व्यापारी युवक अपने बेटे को गोरखपुर जिले के कौड़ीराम में नीट की परीक्षा दिलवाने मोटरसाइकिल से गया था। बनारस-गोरखपुर मार्ग पर स्थित कौड़ीराम के पास अज्ञात ट्रक ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

थानाक्षेत्र के बंडा बाजार निवासी 48 वर्षीय राकेश जायसवाल पुत्र मिठाई लाल जायसवाल गोरखपुर से अपने बेटे को नीट की परीक्षा दिलवाने रविवार को मोटरसाइकिल से कौड़ीराम जा रहे थे।

कौड़ीराम पहुंचने ही वाले थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दिया। इस घटना में घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। थाने से इसकी खबर जब बंडा बाजार राकेश के घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। राकेश के मौत की सूचना मिलते ही उनके रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का जमावड़ा लग गया।

## गोली लगने से घायल हुआ युवक

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के कोतवाली नगर के मोहल्ला कानूनगोपुरा निशांत शेखर सिंह उर्फ अमित सिंह पुत्र प्रवेश कुमार सिंह को शनिवार रात को अज्ञात कारणों से गोली लगने से घायल हो गया। उसे हुजूरपुर थाना क्षेत्र भेटिया गांव निवासी गोलू सिंह पुत्र धनराज सिंह ने रात 1.20 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर शहीर खान ने बताया कि निशांत गोली लगने से घायल हुआ है। उसे भर्ती कर इलाज किया गया, लेकिन हालत में सुधार होते ही वह जिला अस्पताल से फरार हो गया। ऐसे में गोली किसने मारी या स्वयं से लगी। इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। घायल की ओर से कोई तहरीर भी पुलिस को नहीं दी गई है। कोतवाल नगर मनोज पांडेय ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है न ही अस्पताल से सूचना दी गई है। ऐसे में तहरीर मिलने के बाद ही जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कम मतदान वाले क्षेत्रों में शुरू हुआ जागरूकता अभियान

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिलाधिकारी ने कमर कस लिया है। अभी तक सम्पन्न हुए दो चरणों के मतदान के दौरान मतदान का प्रतिशत गिरते देख जिलाध्यक्ष ने स्वीप अभियान से जुड़े कर्मचारियों को अभियान में तेजी लाने का निर्देश जारी कर दिया है।

जिले के ऐसे दर्जनों गांवों में स्थित विद्यालयों पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया जहां विगत चुनावों के दौरान 40 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज किए गए थे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में "व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन बूथों पर कम मतदान हुए थे उन बूथों के मतदाताओं को जागरुक किये जाने के लिए प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, सीडीपीओ और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा क्षेत्रीय लोक संगीत के माध्यम से मतदाता जागरुकता सम्बन्धी प्रचार प्रसार किया गया। ग्रामीणों को मतदान दिवस 25 मई को उनके मत के प्रयोग करने हेतु जागरुक किया गया ।

## अधेड़ ने खाया जहर, गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एक अधेड़ ने किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। उसको परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया है,जहां उसका इलाज चल रहा है।क्षेत्र के गांव बरगदही मजरे ऊंचाहार देहात निवासी अमर बहादुर (55वर्ष) रविवार को किसी बात से नाराज होकर घर में रखी कीटनाशक दवा खा लिया। थोड़ी देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तब परिजनों को मामले की जानकारी हुई। उसके बाद उसको लेकर परिजन सीएचसी पहुंचे, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। परिजन जहर खाने का कारण नहीं बता रहे है।

## एफएसटी टीम ने पकड़ी 76 हजार नकदी, सीज

**बहराइच।** शहर के कोतवाली देहात क्षेत्र में स्कूटी से नगदी लेकर जा रहे युवक को एफएसटी टीम ने पकड़ लिया। जांच के दौरान 76 हजार से नकदी बरामद हुई। कागजात न मिलने पर नकदी सीज कर दी गई है। कोतवाली देहात के तिकोनी बाग चौराहा के एफएसटी टीम के मजिस्ट्रेट अवर अभियंता आशुतोष शर्मा, उप निरीक्षक हरेंद्र नाथ राय, सिपाही अख्तर, दिलीप यादव और दीपक यादव की टीम रात को जांच कर रही थी। जांच के दौरान एक स्कूटी सवार आया। वह टिकोरा मोड़ से शहर में जा रहा था। टीम ने स्कूटी सवार अमित मोहन रस्तोगी से पूछताछ की। जांच के दौरान स्कूटी की डिक्की से 76040 रूपये नकदी बरामद हुई। जिसकी जांच करते हुए कागजात मांगा गया तो स्कूटी सवार नहीं दिखा सका। जिस पर पुलिस ने नकदी कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात बीके मिश्रा ने बताया कि नकदी को सीज कर दिया गया है।

## वर्ग पहेली-61

**बाएं से दाएं**

1.1. कटाक्ष, उक्ति, वाक्य, जुमला 2. किसी उद्देश्य का विधान करने वाला पदसमूह, कथन 3. व्यंग्यपूर्ण बात 4. धोखा

2.1. निडर, निर्भय 2. जिसे ख़ौफ़ या भय न हो।

5.1. किसी विषय का पूरा विवरण सोद्देश्य लिखना या दर्ज़ करना, दस्तावेज़ीकरण, (रिकॉर्डिंग) 2. किसी चीज़ पर खोदने या उत्कीर्ण करने का कार्य।

6. तांगा, एक प्रकार की सवारी जिसको घोड़े खींचते हैं, टम-टम, इक्का।


7. मैना जाति की एक चिड़िया

**ऊपर से नीचे**

3. फ़कीरों जैसा, फ़कीरों की तरह।

4. (बाग) जहां लाखों की संख्या में वृक्ष हों, वृक्ष संपत्ति से समृद्ध।

5.1. पारसी जाति वालों में पाप और अंधकार का देवता 2. शैतान।



### वर्ग पहेली -60 का हल



# रायबरेली में दिख रहे सीधे मुकाबले के आसार

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली के सियासी रण में कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी, भाजपा के दिनेश प्रताप व बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव प्रमुख रूप से चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

भाजपा और कांग्रेस ने एक साथ नामांकन भी किया है जबकि बसपा ने एक दिन पहले ही नामांकन पत्र दाखिल किया था। फिलहाल शनिवार को नामांकन पत्रों के जांच के दौरान खारिज हुए नामांकन पत्रों के बाद अब सिर्फ आठ उम्मीदवार ही चुनावी रण में है। जिनमें भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। प्रदेश की चार बार की मुख्यमंत्री रह चुकी सियासत में अहम रोल रखने वाली मायावती ने रायबरेली से पार्टी की ओर से दो बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके ठाकुर प्रसाद यादव को चुनावी समर में उतारा है। लेकिन अभी तक उनका क्षेत्र में कही दौरा नहीं दिखाई पड़ रहा है। रायबरेली की सियासी जमीन में पार्टी के घटते मतदान प्रतिशत को लेकर भी बहुजन समाज पार्टी के नेता संजीदा नजर नही आ रहे हैं। सबसे पहले रायबरेली से उम्मीदवार उतारने वाली बसपा आखिर चुनाव प्रचार में इतना पीछे क्यों है, यह तो सिर्फ पार्टी और प्रत्याशी ही बता सकते हैं। लेकिन इतना जरूर है कमल और पंजे के बीच हाथी की चाल सुस्त दिखाई पड़ रही है।

बसपा से उम्मीदवारी करने वाले ठाकुर प्रसाद यादव वैसे तो व्यवसायी है। बसपा ने बैकवर्ड कार्ड खेल कर प्रसाद को उम्मीदवार बनाया लेकिन अभी तक वह कैडर वोट भी नही सम्भाल पा रहे ।

### दलित वोट पर कांग्रेस पर भाजपा की नजर

रायबरेली। दलित वोटो के सहारे राजनीति करने वाली बसपा के हाथी की चाल रायबरेली में सुस्त है। पार्टी ने महावत तो उतारा है लेकिन लगाम गायब है। ऐसे में जिले में बड़ी संख्या में दलित वोट बैंक है और अब इस ओर भाजपा और कांग्रेस दोनों की नजरें टिकी हुई है। बसपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने तो यहां तक बताया है कि वह लोग संगठन के लिए भी काम कर चुके है लेकिन अभी तक उनसे किसी ने सम्पर्क ही नही किया है। अगर बहुजन समाज पार्टी अपना कैडर वोट नहीं सहेज पाई तो भाजपा और कांग्रेस का फायदा होना निश्चित है।

## सुडोकू-140

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | | 7 | 5 | | | | | 4 |
| | | 9 | | 2 | | 8 | | |
| 4 | | | | | | 7 | | 8 |
| | | | 3 | | 7 | | | |
| 5 | | 8 | | | | | | 2 |
| | | 4 | | 6 | | 3 | | |
| 8 | | 3 | | | 9 | 4 | | 6 |
| | 1 | | | | | 9 | 8 | |

### सुडोकू -139 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मई सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 14.40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष:** आज अचानक लाभ की आशा करेंगे तो निराश होना पड़ेगा। शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। लोग स्वार्थ की भावना से आपको धोखा दे सकते हैं। आपको कानूनी विवादों में उलझना पड़ सकता है। मेहनत का संतोषजनक परिणाम प्राप्त होगा।

**वृष:** आज सामाजिक गतिविधियों में आप व्यस्त होने वाले हैं। संतान के सहयोग से लाभ मिलेगा। आर्थिक रूप से सक्षम रहेंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध मिल सकते हैं। मीडिया और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन:** आज आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोध कार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आत्म निरीक्षण के लिए दिन उत्तम है। जॉब में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। घर के सदस्यों के बीच वैचारिक सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कर्क:** आज अधिकारियों की बातों का बुरा न मानें। बच्चों की गतिविधियों के कारण शर्मिंदा होना पड़ सकता है। कार्यशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने में आसानी होगी। किसी पर भी अत्यधिक विश्वास न करें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**सिंह:** आज पति-पत्नी के बीच अहम में टकराव हो सकता है। तनाव का नकारात्मक असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी रखें। प्रेम संबंधों में थोड़ी प्रतिकूलता रहेगी। अनजान लोगों से विवाद न करें।

**कन्या:** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जॉब में आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रुका हुआ सरकारी काम हल हो सकता है। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**तुला:** आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। तनाव की वजह से शरीर में शिथिलता रहेगी। अधिकारियों के विभाग में परिवर्तन हो सकता है। अनैतिक कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज दांपत्य जीवन में परस्पर सम्मान बनाए रखें। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। शेयर मार्केट से धन लाभ होने के प्रबल योग बन रहे हैं।


**धनु:** आज सहयोगी आपके काम में टोका-टाकी न करें इसका ध्यान रखें। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन हो सकता है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद उठाएंगे।

**मकर:** आज छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। उलझनों के बावजूद सभी काम के अनुसार ही पूर्ण होंगे। दोस्तों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। यदि आप किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

**कुंभ:** आज छोटी सी गलती बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। कर्मचारियों के बीच टकराव होने की आशंका है। मानसिक दुविधाओं को दूर करने में सफल रहेंगे। आपकी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पाएंगे।

**मीन:** आज अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। काम के प्रति समर्पण होने से आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 17.43 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कीमत — सुबह : 09.55
- जान से प्यारा — रात : 07.00

SONY PIX
- द डार्क नाईट राइजेस — सुबह : 10.24
- 2012 — रात : 08.05

&pictures
- लिंगा — सुबह : 11.25
- पुलिस पावर — शाम : 05.05

ZEE CINEMA
- शहंशाह — सुबह : 09.50
- जानवर — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- ज़ोंबी रेड्डी — सुबह : 11.08
- चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 06.24

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं,बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं,आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है,आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है,लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।

## एक नजर

### मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार हावी, जिम्मेदार मौन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के विकास खण्ड बढ़नी के सिसवा बुजुर्ग में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ी है। शुक्रवार सुबह 10 :05 बजे तक एक भी मनरेगा मजदूर काम पर नहीं था। बतातें चलें कि शाम 7 बजे हाजिरी लगा दिया जाता है। वहीं मस्टररोल में दो जगहों का काम चल रहा है। एक जगह लालू के खेत से कुट्टी तक चकमार्ग पटाई का काम और दूसरा पवन के खेत से सुरही नाले तक चकरोड पटाई का काम चल रहा है। मामला बढ़नी विकास खण्ड के सिसवा बुजुर्ग का है। जहां खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी श्याम मुरली मनोहर मिश्रा है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनके मोबाइल फोन पर कॉल रिसीव नहीं की गई।

### ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत, पहचान नहीं

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ के दक्षिण रेल समपार फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन के दक्षिण रेल समपार फाटक के पास रविवार सुबह ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत हो गई। युवक ने नीले रंग की जींस पैंट व गुलाबी शर्ट पहन रखी थी। स्टेशन मास्टर ने बताया कि गोरखपुर से लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के ड्राइवर ने मेमों देकर घटना की जानकारी दी। जीआरपी चौकी प्रभारी आजम अंसारी ने शव की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों को बुलाया लेकिन पहचान नहीं हो पायी। कहा कि शव की शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। उसकी जेब से कोई पहचान पत्र न मिलने से पहचान कराने में समस्या हो रही है।

### आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व विधायक आज करेंगे नामांकन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पूर्व विधायक शोहरतगढ़ अमर सिंह चौधरी आजाद समाज पार्टी डुमरियागंज लोकसभा से नामांकन आज करेंगे। डुमरियागंज लोकसभा में पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी को लेकर आज महीनो से चल रही चर्चाओं पर आखिरकार विराम लग गया। बताते चले कि पार्टी को लेकर काफी समय से होआ फोह की स्थिति बरकरार रही डुमरियागंज क्षेत्रकी जनता अमर सिंह चौधरी के प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर लगातार चर्चाओं के माहौल पर विराम लग गया। पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी आज नामांकन करेंगे।

# अभ्यास में खिलाड़ियों को अखर रही कोच की कमी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम प्रबंधन भले ही पुरजोर कोशिश कर रहा है। लेकिन प्रशिक्षकों की कमी से यह कोशिश रंग नहीं ला पा रही है और जिले के खिलाड़ियों का भविष्य को अंधकारमय हो गया है। खेल गतिविधियां सिर्फ क्रीड़ाधिकारी के भरोसे संचालित हो रही हैं। जिले के खिलाड़ियों का कहना है कि प्रशिक्षकों की मौजूदगी में बेहतर अभ्यास होता है, इसकी कमी खलती है। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैराकी के अलावा किसी भी खेल के प्रशिक्षक मौजूद नहीं है। जबकि जिले में क्रिकेट, वालीबॉल व एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को सीनियर खिलाड़ी प्रशिक्षण देते हैं। स्टेडियम में हॉकी, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, कुश्ती, कबड्डी व खो-खो के खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते हैं। लेकिन सभी खिलाड़ियों को अभी तक कोच नहीं मिल पाए है। फुटबाल की अंशकालीन कोच का नियुक्ति पिछले सत्र हुई थी। जिनका जनवरी माह में कार्यकाल समाप्त हो गया है, लेकिन अभी तक किसी भी कोच की नियुक्ति नहीं की गई है।



स्टेडियम में बिना प्रशिक्षक के अभ्यास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

कोच की कमी से जिले के खिलाड़ियों को नई पहचान नहीं मिल पा रही है, यही कारण है कि जिले के खिलाड़ियों का खेल के प्रति मोह भंग हो रहा है। प्रशिक्षक मिलते ही जिले के खिलाड़ी नई पहचान बना लेते है। लेकिन खेल विभाग के तरफ से इसके प्रति कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खिलाड़ी बिजय कुमार के अनुसार खिलड़ियों को नई दिशा देने में एक प्रशिक्षक का विशेष योगदान होता है। लेकिन जिला स्पोर्ट स्टेडियम में शुरु से ही प्रशिक्षको की कमी रही। इससे खिलाड़ियों को नई दिशा नहीं मिल पा रही है।

बताया जाता है कि स्टेडियम में बास्केटबॉल, वालीबाल व बैडमिंटन के कोर्ट बनाए गए है।

> निदेशालय से पत्राचार किया गया है। नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है। अंशकालिक प्रशिक्षक मिलने की पूरी संभावना है। जल्द ही खिलाड़ियों को प्रशिक्षक मिल जाएंगे।
> –**आशुतोष अग्निहोत्री,** क्रीड़ा अधिकारी

लेकिन इन सभी खेलों को लिए अभी तक निदेशालय ने कोच नहीं भेजा है। इससे बने कोर्ट टूट गए है। वही बैडमिंटन का कोर्ट ईंट के सहारे टिकाया गया है। नीचे लगी लकड़ियां उखड़ गईं हैं। जंगले के लगे शीशे भी टूट गए है। बॉस्केट बॉल के कोर्ट का पोल सड़ गया है। उसमें लगी जालियां भी टूट गयीं है। खिलाड़ी आते है और देख कर मायूस होकर लौट जाते है।

# आम तोड़ने को लेकर मारपीट और फॉयरिंग, दो लोग घायल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मझारी के पिपरा ग्राम में रविवार को विवादित जमीन पर आम तोड़ने को लेकर फायरिंग हुई। बता दें कि ग्राम सभा मझारी के पिपरा ग्राम में मोहन कुमार निषाद और हरिओम त्रिपाठी के परिवार के बीच विवाद हुआ था।

रविवार सुबह 9 बजे विवादित जमीन पर आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ। काफी देर तक दोनों तरफ से लाठी, डंडे और ईंट, पत्थर चलें। इस दौरान चार राउण्ड फायरिंग हुई, जिसमें एक व्यक्ति के पेट में गोली लग गई जबकि दो अन्य लोगों को गोली छूकर निकल गयी। वहीं घायल 42 वर्षीय ओमप्रकाश त्रिपाठी का इलाज चल रहा है, डाक्टरों ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर हैं। वहीं दूसरे पक्ष मोहन कुमार निषाद के हाथ में भी चोट लगी है, उसका दावा है उसे गोली लगी है। आपको बतातें चलें कि दोनों पक्षों का एक-दूसरे पर गोली चलाने का आरोप है। वहीं दोनों पक्षों में काफी दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और शांति व्यवस्था कायम है। इस दौरान घटना स्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी बांसी कुणाल, क्षेत्राधिकारी गर्वित सिंह सहित मौके पर कई थानों की पुलिस मौजूद हैं।

# लक्ष्य से काफी पीछे है गेहूं की खरीद

## सरकारी क्रय केंद्रों पर स्थिति निराशाजनक, 16 केन्द्रों का नहीं खुला खाता

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की स्थिति निराशाजनक है। लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 6.16 प्रतिशत खरीद हुई है। वहीं, 16 क्रय केंद्र ऐसे पाए गए हैं, जहां एक माह में एक खाता भी नहीं खुला है। इन केंद्रों पर खरीद क्यों नहीं हुई, इसकी जांच होगी साथ ही क्रय केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है, उनसे खरीद न होने के पीछे वजह सहित जवाब देना है। दिए जवाब की भी समीक्षा होगी। इसमें गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नियमित दो हजार मीट्रिक टन खरीद करके रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

किसानों को उपज का सही मूल्य मिल सके, इसके लिए सरकार की ओर से फसल का समर्थन मूल्य निर्धारित किया जाता है। इसबार गेहूं का 2274 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित है। ऑनलाइन कराने वाले किसानों का ही खरीद होना है। जिले में विभिन्न क्रय एजेंसियों के कुल 103 क्रय केंद्र बने हैं। एक अप्रैल से खरीद शुरू हो गई है। लेकिन स्थिति बेहद निराशाजनक है। आकड़ों गौर करें तो जिले में 6.16 प्रतिशत ही खरीद हो पाया है। जबकि एक माह गुजर गया है। खरीद की रफ्तार सुस्त होने पर शासन की ओर से भी सख्ती है। वहीं, जिलाधिकारी खुद खरीद को बढ़ाने के लिए गंभीर हैं। जिले में गेहूं खरीद की समीक्षा में 16 ऐसे क्रय केंद्र मिले हैं, जिनका खाता भी नहीं खुला है। अब इन क्रय केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा जा रहा है। न खरीद होने के पीछे वह क्या है, कारण सहित जवाब देना है। इनके साथ ही अलग से खरीद संबंधित जांच किया जाएगा। प्रशासन के सख्ती के बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मचा है।



जिले के गेहूं क्रय केन्द्र पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

बता दें कि साधन सहकारी समिति अलीदापुर पोखरभिटवा, चिल्हिया, रसूलपुर पिकौरा, मोहनाजोत, चैनपुर, जिगिना बुजुर्ग, नेउसा, करही, विशुनपुर चौबे, कुनगाई, होरिलापुर, पचमोहनी, दुर्गाजोत, देवभरिया बदलिया, पिपरा ऐसे क्रय केंद्र हैं जहां अब तक एक भी क्विंटल गेहूं की खरीद नहीं हुई है। यही नहीं जिले में 90 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।जिसे 103 क्रय केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जाना है। लेकिन पिछले एक माह में मात्र 6.16 प्रतिशत का खरीद होना यह बता रहा है कि लक्ष्य के सापेक्ष 50 प्रतिशत की भी खरीद नहीं हो पाएगी। हालांकि लक्ष्य पूरा करने का जिम्मेदार दावा कर रहे हैं।

> हर क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीद होनी है। जिले को मिले लक्ष्य को पूरा करना है। जिले में 16 क्रय केंद्र ऐसे हैं, जहां खरीद का खाता तक नहीं खुल सका है। इन्हें नोटिस भेजकर जवाब मांगा जाएगा कि खरीद क्यों नहीं हुई। अगर जवाब सही नहीं मिला और स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।
> –**गोरखनाथ,** जिला विपणन अधिकारी, सिद्धार्थनगर



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की मूर्ति से छेड़छाड़, चप्पल–जूते पहन कर ऊपर चढ़ने के विषय में जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपति को संबोधित पत्र जिलाधिकारी को पवन अग्रवाल को सौंपा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की मूर्ति के साथ अवमानना पूर्ण व्यवहार कर सपाइयों ने करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं को आघात पहुंचाया है। जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय ने बताया कि इस मौके पर जिला प्रभारी भाजपा हरिचरण कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, वरिष्ठ नेता केशभान राय, हेमंत जायसवाल, अरविंद उपाध्याय, संपूर्णानंद पांडे, सौरभ त्रिपाठी, पंकज जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** उप नगर शोहरतगढ़ में स्थित शिवपति इंटर कालेज शोहरतगढ़ के लेक्चरर हाल में प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक दयाशंकर यादव की अध्यक्षता में छात्र छात्राओं में मतदाता जागरूकता स्वीप स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक दयाशंकर यादव ने कहा कि स्वीप मतदाता जागरूक योजना के अन्तर्गत मत प्रतिशत को बढ़ाने व प्रत्येक मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे विद्यालय के पांच सौ छात्र– छात्राओं ने भाग लिया। प्रखर निगम को प्रथम अनम सईद को द्वितीय तथा हसीन ताज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव ने शिक्षको व छात्र छात्राओं को अपने मताधिकार का प्रयोग व दूसरे मतदाताओं को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उपस्थित सभी शिक्षक छात्र व छात्राओं ने पहले मतदान फिर दूजा काम का उदबोधन किया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं को निर्देश दिया कि वह अपने स्वजन तथा आस पास के मतदाताओं को बूथ तक भेजने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे।

# प्रत्याशियों के समर्थकों ने घर-घर किया जनसंपर्क

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान को लेकर कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल के पक्ष में मतदान को लेकर शोहरतगढ़ चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, भाजपा नेता संतोष पासवान, भाजपा नेता नितेश मित्तल, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, विजय गुप्ता, अजय चौधरी, निलेश चौधरी, अनिल अग्रहरि सहित कई भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत क्षेत्र के गनेशपुर, हलौरा, गोल्हौरा, खड़कुंइया नानकार, परसोंहिया नानकार, गजहड़ा, लेदवा, महथा, नारायणपुर, मेढ़वा, नीबी दोहनी, छतहरा, छतहरी सहित दर्जनों स्थानों पर जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कहीं।

जनसंपर्क के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि एक बार फिर देश की सबसे बड़ी पंचायत के चुनाव में मोदी जी का डंका बजाने वाला है। मोदी की





योजनाओं से हर जाति, धर्म, वर्ग प्रभावित है जिसको लेकर मतदाता उत्साहित है। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं पीएम आवास, पीएम किसान सम्मन निधि, अन्नपूर्णा योजना, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को मिल रही है। भाजपा नेता नितेश मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी की डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से डुमरियागंज लोकसभा में भी 'सबका साथ-सबका विकास' का मूलमंत्र साकार हुआ है। इस दौरान प्रमुख रूप से घनश्याम गुप्ता, अशोक दूबे सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन बढ़नी पर सुरक्षा में लापरवाही

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन बढ़नी के मुख्यद्वार के सामने दोपहिया वाहन पार्किंग के रेलवे परिसर में खड़ी होते वाहनों एवं सवारी ढोने वाले यात्रियों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बढ़नी रेलवे स्टेशन नेपाल से सटे होने के कारण प्रमुख स्टेशनों में शुमार है, आये दिन इस रेलवे स्टेशन से बहुतायत यात्री यात्रा करते है। सीमा से सटे होने के कारण इसका अन्तर्राष्ट्रीय महत्व है। बावजूद इसके सुरक्षा के नाम पर लापरवाही बरती जा रही है।स्टेशन से निकलने वाले प्रमुख द्वार के सामने के ग्राउण्ड पर दर्जनों वाहन खड़े होते है, जबकि बढ़नी रेलवे परिसर में चार पहिया एवम दुपहिया स्टैंड पहले से ही बना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन से मुख्यद्वार से सटे सवारी ढोने वाले दर्जनों की संख्या में कार एवं ऑटो खड़े रहते है जो आने वाले यात्रियों से मनमाने तरीके से सवारी के नाम पर किराया वसूलते है। जिसके कारण आये दिन स्टेशन परिसर में अराजक तत्वों की भीड़ बनी रहती है। कई बार सवारी ढोने वाले यात्रियों के मनमाने रवैए के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# सीएचसी पर स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** मिठवल ब्लॉक क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलौली में संसाधन होते हुए भी मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। मरीजों की सुविधा के लिए हाईटेक मोबाइल एक्स-रे मशीन लगी हुई है। मगर 18 लाख रुपये कीमत कि वह मशीन चादर से ढकी हुई है और मरीज 500-600 रुपये देकर बाहर एक्स-रे कराने को विवश हैं। जिम्मेदार इससे बेखबर हैं। वहीं, मरीजों का कहना है कि मशीन किसलिए ली गई, जब जांच नहीं की जा रही है।

क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलौली पर 50 से अधिक गांवों की तकरीबन दो लाख की आबादी के इलाज का जिम्मा है। अस्पताल पर चिकित्सकों की कमी आम बात है। लेकिन, संसाधन होते हुए भी मरीजों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां प्रतिदिन 150-200 की ओपीडी होती है। अस्पताल में हर दिन 20 से 25 मरीज हड्डी रोगी आते हैं। इसमें सात से आठ मरीज को एक्स-रे करने की जरूरत पड़ती है। बाहर से एक्स-रे करवाने पर मरीज को 500 से 600 रुपये देना पड़ रहा है। बाहर से जांच करवाने के बाद आकर दिखाते हैं। जबकि कुछ माह पहले ही लगभग 18 लाख रुपये की डिजिटल मोबाइल एक्स-रे मशीन आई है। इसे चादर से ढ़ककर रखा गया है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का दावा बेदम नजर आ रहा है। अस्पताल पर आये एक मरीज आसिफ अली का कहना है कि एक्स-रे करवाने जब भी अस्पताल में जाओ तो एक्स-रे मशीन वाले कमरे में हमेशा ताला लगा रहता है। डॉक्टर की ओर से कहा जाता है कि एक्सरे बाहर से करवा कर लेकर आओ। मशीन रहते हुए बाहर करना पड़ रहा है। जिसके लिए 500-600 रुपये देना पड़ता है। जबकि एक अन्य मरीज बृजभान कहते हैं कि अस्पताल में एक्स-रे मशीन कभी चालू ही नहीं हुई, लोगों को बाहर से एक्स-रे करवाना पड़ता है। बाहर पैथोलॉजी वाले मनमाने तरीके से पैसा वसूलते हैं। जबकि कुछ ही माह पहले 18 लाख रुपये की जांच मशीन आई है।

> एक्स–रे मशीन लगी हुई है। जब मशीन ऑन किया गया तो उसकी प्लेटें जल गईं। मशीन बनवाने के लिए हमने संबंधित अधिकारी को लेटर लिख दिया है। इंजनियर के आते ही मशीन ठीक हो जाएगी।
> –**डॉ. रामनिवास,** सीएचसी अधीक्षक, तिलौली

### पीपा पुल के पास उतराता मिला युवक का शव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** खोराबार थाना अंतर्गत पीपा पुल के पास ग्रामीणों ने शव उतराता हुआ देखा। जिसकी सूचना तत्काल थाना खोराबार दिया। खबर के अनुसार बताया जाता है कि रामपुर निवासी अवधेश एवं एक साथी नहाने के लिए गए हुए थे। नहाने के दौरान अवधेश पानी में डुबकी लगाया। कुछ दिन इंतजार करने के बाद जब उसका साथी नहीं निकला तो वह वहां से चला गया और घर वालों को सूचना दी। इस दौरान ग्रामीणों ने शव उतरता देखा तो सूचना पुलिस को दी।

### बदमाश की संपत्ति कुर्क

**गोरखपुर।** पीपीगंज थाना अंतर्गत इनामी बदमाश हिस्ट्रीशीटर गुड्डू दाढ़ी का घर पुलिस ने पहुंचकर कुर्क किया। खबर के अनुसार बताया जाता है कि पीपीगंज थाना अंतर्गत इनामिया भरोहिया निवासी गुड्डू दाढ़ी खिलाफ कई एक थाने में मुकदमा पंजीकृत है जो काफी दिनों से फरार चल रहा था। पीपीगंज पुलिस ने पहुंचकर उसके घर कारवाई किया।

## सार-संक्षेप



बर्फ के ठेले पर मौजूद स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### ठेले पर बिकने वाली बर्फ के आज भी कम नहीं हुए शौकीन

**हरदोई, अमृत विचार।** आज बाजार में तमाम तरह के ठंडे पेय पदार्थ उपलब्ध हैं। गर्मी से राहत पाने को लोग इनका सेवन भी कर रहे हैं। तमाम कंपनियों की आइसक्रीम और कोल ड्रिंक मौजूद हैं। लेकिन साइकिल और ठेले पर रखकर खिसकर बिकने वाली बर्फ खाने का अलग ही मजा है। गर्मी का मौसम इन दिनों चरम पर है। दोपहर में भीषण गर्मी से गला तर रखने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थ व आइस्क्रीम का सहारा लेते हैं। तमाम बड़ी कंपनियों ने गर्मी के इस मौसम को भी अपने व्यापार में शामिल करते हुए तरह–तरह की आइस्क्रीम व ठंडे पेय पदार्थ बना डाले हैं। इन सबके बावजूद वर्षों से बिकने वाला घिसना बर्फ आज भी अपनी जगह बनाए हुए है। समय में तमाम उतार–चढ़ाव आए लेकिन इस बर्फ के शौकीन कम नहीं हुए।

### तीन दिवसीय उर्स का आयोजन आज से

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अहले शहर गोरखपुर की सरजमी के बादशाह कहे जाने वाले और इंसानियत का पैगाम देने वाले सूफी संत हज़रत बाबा मुबारक खां शहीद रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक जो पिछले एक हज़ार सालों से मनाया जा रहा है। इस बार भी उर्स मुबारक बड़े ही अजीमुश्शान तरीके से मनाया जाएगा। उर्स की तैयारीयां मुकम्मल हो चुकी हैं। दरगाह के सदर इक़रार अहमद ने प्रेस वार्ता करके उर्स की जानकारी देते हुए बताया कि 6,7 व 8 मई को तीन दिवसीय उर्स/ मेला की तैयारियां मुकम्मल हो चुकी है अजमेर शरीफ दरगाह के गद्दीनशीन और चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन सैयद सलमान चिश्ती की निगहबानी में इस बार उर्स बड़े ही अदबो एहतराम के साथ मनाया जाएगा। उर्स का दावतनामा लद्दाख के बौद्ध लामा भृगु पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी सुशील महाराज और अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के गद्दीनशीन सैयद सलमान चिश्ती चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के कुलपति व राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू कर्नाटक वरिष्ठ समाजसेवी रेड्डी ब्रदर्स को दावतनामा भेजा गया है।

### सीएचसी अधीक्षक ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों का जाना हाल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के शाहपुर में सीएचसी अधीक्षक सिरसिया डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने छाया एकीकृत टीकाकरण सत्र स्थल का निरीक्षण किया। कार्यों में लापरवाही मिलने पर एएनएम को जमकर फटकार लगाई साथ ही वेतन कटौती का आदेश दिया। एएनएम पूनम कुमारी के कार्यों का सत्यापन एवं टीकाकरण सत्र पर दी जाने वाली सेवाओं के विषय में जानकारी ली। लाभार्थी महिला गर्भवती सुषमा (24) का रक्तचाप, यूरिन, हीमोग्लोबिन, वजन आदि का जांच कराई। सुषमा ने डॉ. ओझा को बताया कि एएनएम पूनम की ओर से पेट, यूरिन तथा वजन की जांच नहीं की जाती है। इस बात पर अधीक्षक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एएनएम का एक दिन की वेतन काटने की बात करते हुए कड़ी चेतावनी दी। टीकाकरण सत्र पर आंगनबाड़ी मीरा देवी तथा पुष्पा देवी अनुपस्थित मिलीं। आशा प्रियंका को लाभार्थी सूची बनाकर टीकाकरण के एक दिन पूर्व बुलावा पर्ची वितरण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अन्नू, विनोद, सलोनी, अंगद, राजेश अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के अगया गांव में रविवार को करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छत पर लगे सरिया में करंट प्रवाहित हो रहा था, उसके संपर्क में आने से यह घटना हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के अगया गांव निवासी मिश्राम (42) सुबह अपने मकान की छत पर गया था। छत पर रखे सरिया में करंट प्रवाहित हो रहा था।

**अपील** राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश का हवाला देते हुए मानव सेवा संस्थान ने उठाई मांग

# अक्षय तृतीया पर कहीं भी न होने दिया जाए बाल विवाह

सिद्धाथनगर

**अमृत विचार।** बाल विवाह की रोकथाम के लिए राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं। गोरखपुर जनपद में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन मानव सेवा संस्थान ने प्रदेश सरकार से अपील की है कि वह भी इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करें कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह न होने पाए।

हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा कि सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ने कहा, कि बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सभी जगह व्याप्त है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी।



जानकारी देतीं मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर की अध्यक्ष आशा त्रिपाठी।

> हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर आया है

मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर की अध्यक्ष आशा त्रिपाठी ने कहा कि राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी के तौर पर हम पूरे देश के जिलाधिकारियों से इसी तरह के कदम उठाने की अपील करते हैं। इस दौरान मानव सेवा संस्थान सेवा के जय प्रकाश गुप्ता, सुनीता कुमारी, दुर्गेश निषाद, कमलेश चौधरी, आनन्द, अनवारुलहक, सुमित सिंह, आलोक कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

**गोरखपुर, अमृत विचार।** लूट व छिनैती गैंग के सरगना पवन साहनी व गैंग के 01 अन्य सदस्य (सह अभियुक्त) लक्ष्मण निषाद के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। अभियुक्तों ने गुलरिहा थाना क्षेत्र बांमत भट्टे के पास असलहा दिखाकर दो लाख रुपये के कीमती जेवरात, 5000 की नकदी व गाड़ी लूट ली थी। पुलिस के अनुसार बदमाश पवन साहनी अपने गिरोह के साथ संगठित रूप से लूटपाट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर के अनुमोदन पर पुलिस ने उसके व उसके सहयोगी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# वोट की लड़ाई अब आरक्षण पर आई

**चुनावी मुद्दे की पड़ताल**

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा के 400 पार नारे के बाद सुलगी चिंगारी ने चुनावी अभियान में दोनों तरफ बयानबाजी की जबर्दस्त आग लगाई
- इंडिया गठबंधन के नेता चुनावी रैलियों में भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के लगातार लगा रहे आरोप
- पीएम मोदी ने कांग्रेस से लिखित गारंटी तक मांगी कि संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देगी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान के साथ इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि वोटों की लड़ाई संविधान के रास्ते से होती हुई आरक्षण के मुद्दे पर टिकती नजर आ रही है। भाजपा के 400 पार नारे के बाद विपक्ष की तरफ से सुलगाई गई इस चिंगारी ने धीरे-धीरे दोनों तरफ बयानबाजी की ऐसी आग लगा दी है कि शायद ही कोई दिन होगा जब सत्तापक्ष और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की ओर से आरक्षण पर बयान नहीं दिया जा रहा हो। आरक्षण पहले भी कई चुनावों में अहम मुद्दा बनता रहा है। सभी पार्टियां इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेकती रही हैं। चुनाव चाहे विधान सभा का रहा हो या लोकसभा का। इस मुद्दे पर सत्ताधारी और विपक्षी दल आमने-सामने होते रहे हैं।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह इस बार भाजपा और कांग्रेस के साथ सपा, राजद और बसपा जैसे दल साल 2024 के चुनाव में आरक्षण को लेकर आर-पार के मूड में दिख रहे हैं, उससे आरक्षण कहीं सबसे बड़ा मुद्दा बनने की तरफ तो नहीं बढ़ रहा है। अब जनता के वोट इस मुद्दे पर पड़ेंगे या नहीं, या कितने और कहां पड़ेंगे, इस बारे में तो कोई भी पक्के यकीन से कुछ नहीं सकता, लेकिन इतना साफ है कि विपक्ष को आरक्षण के दांव से भाजपा पर हमला करने का एक बड़ा हथियार हाथ लग गया है, जबकि भाजपा इस मुद्दे के चलते 2019 के चुनाव में हाथ आया दलित और अति पिछड़ा वोट बैंक आसानी से निकलने नहीं जाने देना चाहती है।

## दोनों गठबंधन आरक्षण समर्थक तीर चुनावी, निशाना वोट बैंक

देश में लोकसभा चुनाव के समय वोट लेने के लिए दोनों प्रमुख गठबंधनों की तरफ से तमाम बातें और मुद्दे उछाले जा रहे हैं, लेकिन संविधान से छेड़छाड़ और आरक्षण हटाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का तो जैसे हंगामा सा बरपा है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दल यह आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब का बनाया संविधान और लोगों के पास से वोट की ताकत खत्म करना चाहती है। वह दलित, पिछड़े और शोषित समाज से आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, आप नेता संजय सिंह जैसे तमाम नेताओं ने पिछले एक पखवाड़े में ऐसे तमाम बयान या चुनावी सभाओं में भाषण दिए हैं, कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में आरक्षण खत्म करने का मन बना रही है। राहुल गांधी अपनी रैलियों में लगातार भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर संविधान और आरक्षण को लेकर निशाना साध रहे हैं। इसी कारण संघ प्रमुख मोहन भागवत को आगे आकर कहना पड़ा है कि उनका संगठन आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करता है। मुद्दे को बढ़ता देखकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह को बार-बार यह कहने के लिए बाध्य होना पड़ा है कि देश में कोई भी सरकार आ जाए आरक्षण नहीं खत्म कर सकती है। भाजपा यह उदाहरण भी दे रही है कि प्रमोशन में आरक्षण खत्म करने के कोर्ट के आदेश के खिलाफ भाजपा ने ही कानून बनाया है, वह भी तब जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल कई दलों ने इसका विरोध किया था। प्रधानमंत्री अपनी चुनावी सभाओं में कई बार कर्नाटक का उदाहरण दे चुके हैं कि किस तरह वहां मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण देने के लिए पिछड़ों का हक मारा गया है। बात आगे निकलने पर उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से इस बात की लिखित गारंटी तक मांगी है कि वे सत्ता में आने पर संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। मोदी चुनावी रैलियों में बार-बार यह बात दोहरा रहे हैं कि कांग्रेस आरक्षण पर डाका डालकर उसे मुसलमानों को देने जा रही है।



### फेक वीडियो, फ़र्ज़ी प्रचार, ध्रुवीकरण भी बना हथियार

- आरक्षण को लेकर वोट हथियाने की चुनावी लड़ाई में मामला इतना बिगड़ा कि गृहमंत्री अमित शाह का फेक वीडियो तक जारी कर दिया गया। मामला इतना संवेदनशील है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ फर्जी वीडियो जारी करने का मामला दर्ज हो गया। अमित शाह को सामने आकर कहना पड़ा कि सबसे पहले कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया, उसकी वजह से ओबीसी का आरक्षण कटा। इसके बाद कर्नाटक में सभी मुसलमानों को चार प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी ओबीसी का आरक्षण कटा है। कांग्रेस की हताशा और निराशा यहां तक पहुंच गई है कि उन्होंने मेरा और कुछ भाजपा नेताओं का फेक वीडियो बनाकर फॉरवर्ड करने का काम किया है।

### वोट हथियाने की चुनावी चाल ज्यादा

- विपक्ष के आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के मुद्दों में भले ही कोई सच्चाई नहीं हो, यह चुनावी चाल देश की बड़ी आबादी को गुमराह करके उनके वोट हथियाने के लिए चली गई हो, लेकिन भाजपा को जिस तरह इस मुद्दे पर में सफाई देने पड़ रही है, उससे यही नजर आ रहा है कि इंडिया गठबंधन इस मुद्दे पर उसे घेरने में सफल रहा है।

### कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग के अधिकार मुस्लिमों में बांटे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर यह कह रहे हैं कि कांग्रेस दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिमों को हिस्सा देना चाहती है तो बात बेवजह भी नहीं है। कांग्रेस अगर पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देती तो बात समझ में आती। कांग्रेस ने तो कर्नाटक में सभी मुस्लिमों को ओबीसी में डाल दिया। इस बारे में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का कहना है कि मुसलमानों को ओबीसी के दायरे में लाकर सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण देना वास्तविक पिछड़ी जातियों के साथ नाइंसाफी है। कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों की सभी 37 जातियों को आरक्षण का लाभ देने के लिए अल्पसंख्यक अन्य पिछड़ा वर्ग की नई श्रेणी बनाई और उन्हें ओबीसी में शामिल कर लिया।

### भाजपा का कहना कांग्रेस शुरू से आरक्षण के खिलाफ

- भाजपा का कहना है कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है। आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जाति-जन जाति के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को यह पसंद नहीं था। उन्होंने मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था कि उन्हें आरक्षण की व्यवस्था पसंद नहीं है। लेकिन आज राहुल गांधी अपने नाना की विचारधारा के उलट वादा कर रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो वे जाति सर्वेक्षण कराएंगे। जिसकी जितनी आबादी निकलेगी, उसे उस हिसाब से आरक्षण का लाभ देंगे।

### पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कांग्रेस ने की थी आनाकानी

- भाजपा नेता कांग्रेस के समय में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के लिए बने काका कालेलकर मंडल आयोग का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि दोनों आयोगों ने रिपोर्ट दी लेकिन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने उसे रद्दी की टोकरी के हवाले कर दिया। वीपी सिंह जब प्रधानमंत्री बने तो 1990 में उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। इसलिए राहुल गांधी या कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया अलायंस अगर अपने को आरक्षण समर्थक और भाजपा को आरक्षण विरोधी साबित करना चाहता है, तो यह बात बेमानी है। यही नहीं, 2014 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद ही लंबित पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक स्वरूप प्रदान किया गया।



मतदाताओं से संवाद करतीं गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन। अमृत विचार

# गांडेय सीट पर जीतेंगी कल्पना या दिलीप वर्मा खिलाएंगे कमल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गांडेय विधानसभा सीट भी हॉट सीट बन गई है। लोकसभा चुनाव के साथ ही इस सीट पर उप चुनाव हो रहा है। कल्पना सोरेन इस सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार हैं और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं। उन्हें मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन पार्टी में आंतरिक कलह की वजह से हेमंत सोरेन ने यह सीट चंपई सोरेन को दी थी। यहां के मतदाता उन्हें भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रहे हैं। पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान भी पूरे राज्य में वही संभाल रही हैं।

2019 में जब विधानसभा चुनाव हुआ था तो इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद जीते थे। लेकिन जब मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी तो उन्होंने नाटकीय ढंग से त्यागपत्र दे दिया। तब कहा गया कि कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद इस सीट से उप चुनाव लड़ेंगी। गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने विधायक दल की बैठक की थी लेकिन पारिवारिक सदस्यों के विरोध के कारण उन्होंने कल्पना की जगह चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया। अब यह सीट खाली है तो कल्पना सोरेन चुनाव लड़ रही हैं। उन्हें भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों के साथ ही कई बड़े नेता प्रचार कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद ने भाजपा के प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा को हराया था।तीसरे नंबर पर







एजेएसयू के अर्जुन बैठा थे। कल्पना सोरेन मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि झारखंड के विकास को रोकने के लिए उनके पति को जेल भेजा गया है। वह पति के द्वारा कराए गए विकास कार्यों को भी गिनाती हैं। इस क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी मतदाताओं का जबरदस्त प्रभाव है। विधायक पद से त्यागपत्र देने वाले सरफराज अहमद इस वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सदस्य हैं। वे कल्पना सोरेन के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और उनकी जीत सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। यह सीट डॉ. सरफराज की प्रतिष्ठा से भी जुड़ी हुई है क्योंकि त्यागपत्र देने पर ही उन्हें राज्यसभा भेजा गया था।

**पाला बदल**



दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं नार्थ ईस्ट लोकसभा सीट से उम्मीदवार मनोज तिवारी ने आप के हरियाणा के सह-प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह समेत कई नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# चिराग पासवान के लिए विरासत बचाने की चुनौती

**हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार की हाजीपुर संसदीय सीट पर हर किसी नजर है। यहां लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान जहां पिता और चाचा की विरासत बचाने के लिए मैदान में हैं तो उनके सामने राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ताल ठोक रहे हैं। मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी शिवचंद्र राम इस सीट जीतने के लिए पशुपति कुमार पारस के समर्थकों को भी अपने पाले में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। 2019 में इस सीट से जीते पशुपति कुमार पारस ने लोजपा को तोड़कर अलग पार्टी बनाई थी। इस सीट पर उन्होंने दावा ठोका था लेकिन न सिर्फ उन्हें भतीजे के लिए यह सीट छोड़नी पड़ी बल्कि उनकी पार्टी को एनडीए के घटक दल के रूप में कोई सीट भी नहीं मिली। पहले उन्होंने एनडीए से अलग होने की बात की बाद में मान गए अब भतीजे के लए वोट मांग रहे हैं पर यह माना जा रहा है कि उनकी नाराजगी दूर नहीं हुई है। इसी का फायदा राजद और उसके सहयोगी दल यहां उठाना चाहते हैं। हालांकि कितना उठा पाते हैं यह वक्त बताएगा।



चिराग पासवान।

- राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्व मंत्री शिव चंद्र राम को इस सीट से बनाया है उम्मीदवार
- 2019 में मिली हार का बदला लेने के प्रयास में लगे शिवचंद्र राम, कई पूर्व मंत्री कर रहे प्रचार

हाजीपुर लोकसभा सीट 1957 से 1971 तक कांग्रेस पार्टी लगातार जीती। इस सीट पर कांग्रेस को हराने के लिए कोशिशें तो खूब हुईं पर सफलता किसी को नहीं मिली, लेकिन 1977 के चुनाव में समाजवादी आंदोलन से जुड़े रामविलास पासवान यहां जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे और उन्होंने ने जीत दर्ज की। उन्हें जनता का अपार समर्थन दिया था। जब 1980 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान जनता पार्टी सेक्युलर के टिकट पर मैदान में आए। मतदाताओं ने फिर उन्हें सांसद बनाया। लेकिन 1984 में यह सीट कांग्रेस ने फिर से जीत ली। इस सीट पर कब्जे के लिए विरोधी दलों ने कोशिश तो खूब की लेकिन मतदाताओं ने उनके दावों को नकार कर कांग्रेस को अपना लिया था। हालांकि जब 1989 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान इस सीट पर जनता दल के टिकट पर मैदान में आए और जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। उन्होंने इस क्षेत्र में ढेरों काम कराए। हालांकि जनता दल ने इस सीट पर 1991 में श्याम सुंदर दास को मौका दिया और वे जीते भी। रामविलास पासवान 1996, 1998 ,1999 में जनता दल से जीते। 2004 में लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर भी जीते थे। 2009 में यहां से जदयू के श्याम सुंदर जीत गए थे। 2014 में रामविलास पासवान फिर यहां लोजपा से जीत दर्ज करने में सफल हुए थे।

### पशुपति के समर्थकों पर राजद की नजर

- 2019 में रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर इस सीट जीते थे। हालांकि 2020 में रामविलास पासवान के निधन के बाद वे भतीजे चिराग पासवान से अलग हो गए और कई सांसदों के साथ उन्होंने अलग पार्टी बना ली और केंद्र में मंत्री भी बने। इस चुनाव में उनकी पार्टी को एक भी एनडीए की तरफ से नहीं दी गई है। पहले वे इसी सीट से दावेदारी ठोक रहे थे। भतीजे चिराग ने उन्हें यहां मात दे दी थी। ऐसे में इस चुनाव में वे भी एक फैक्टर हैं। भले ही एनडीए के साथ हैं पर उनके समर्थकों की चुप्पी चिराग पासवान और उनके समर्थकों को भी अखर रही है। राजद नेता और कई पूर्व मंत्री लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

### शिवचंद्र राम 2019 में भी हारे थे

- 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा के पशुपति कुमार पारस ने 5,41,310 वोट पाकर राजद के शिवचन्द्र राम को हराया था। शिवचंद्र राम को तब 3,35,861 वोट प्राप्त हुए थे। इस बार शिवचंद्र राम फिर मैदान में हैं। बस फर्क इतना है कि उनके सामने पशुपति कुमार पारस की जगह उनके भतीजे चिराग पासवान हैं। शिवचंद्र राम बिहार सरकार में मंत्री रहे हैं। उनका नाम बड़े दलित नेताओं की सूची में शामिल है।

# गीता कोड़ा और जोबा मांझी के बीच कड़ी टक्कर

**सिंहभूम संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड की सिंहभूम संसदीय सीट हॉट सीट कही जा रही है। इसी संसदीय क्षेत्र में आने वाली सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विधायक जो हैं। इस सीट को झारखंड मुक्ति मोर्चा की झोली में डाला उनके लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। भाजपा ने यहां से कांग्रेस से बगावत कर आईं सांसद गीता कोड़ा को मैदान में उतारा है तो उनके मुकाबले में झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी समर में हैं। जोबा मांझी अपनी जीत का आधार बनाने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बना रही हैं। यह बताने की कोशिश कर रही हैं कि राज्य के विकास को रोकने के लिए उन्हें गलत तरीके से ईडी ने गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी से सहानुभूति बटोरेने की कोशिश कर रहीं जोबा के समर्थन में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेता भी दिन रात एक किए हुए हैं।



गीता कोड़ा।



जोबा माझी।

- झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी पर जताया है विश्वास
- कांग्रेस की बागी गीता कोड़ा भाजपा की खेवनहार बनने को कर रही हैं मशक्कत

### पांच सीटों पर काबिज है झामुमो

इस लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की छह सीटें हैं। इनमें से पांच पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा है जबकि एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। इसी क्षेत्र की मनोहरपुर विधानसभा सीट से जोबा मांझी विधायक हैं। सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी मुख्यमंत्री हैं। गिरफ्तारी से पूर्व जब हेमंत सोरेन ने त्यागपत्र दिया तो चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद संभाला था।

सिंहभूम की गिनती झारखंड की चर्चित सीटों में होती है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर 2019 में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को उम्मीदवार बनाया था। तब उन्होंने भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को पटखनी दी थी। लक्ष्मण गिलुवा उस समय इसी सीट से 2014 में जीते थे तब उन्होंने गीता कोड़ा को हराया था। उस समय गीता जय भारत समानता पार्टी की उम्मीदवार थीं। गीता को पता था कि इस चुनाव में उनका टिकट कांग्रेस काट सकती है क्योंकि सीट समझौते के आधार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में जाएगी। ऐसे में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी ने भी उन्हें निराश नहीं किया और टिकट थमा दिया। गीता कोड़ा की मजबूत चुनौती को देखते हुए ही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उनसे मुकाबले की जिम्मेदारी जोबा माझी को दी। जोबा वर्तमान में मंत्री तो हैं हीं भाजपा और राबड़ी देवी की सरकार में भी मंत्री रह चुकी हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की कोशिश तो झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने की है लेकिन इस सीट पर उनका कुछ ज्यादा ही फोकस नजर आ रहा है। सरायकेला से विधायक चंपई सोरेन की टीम रात दिन एक कर जोबा की जीत सुनिश्चित करने में लगी हुई है। संविधान को बदलने और आरक्षण को खत्म करने का भय दिखाकर यहां भाजपा के खिलाफ वोटा मांगा जा रहा है तो गीता कोड़ा इसी सीट से 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते अपने पति एवं पूर्व सीएम मधु कोड़ा के कार्य, मोदी की गारंटी और 2019 से अब तक कराए गए खुद के कार्यों के दम पर वोट मांग रही हैं।

### 1996 में पहली बार जीती थी भाजपा

- इस सीट पर 1957 से 1977 तक झारखंड पार्टी का कब्जा रहा। लगातार पांच चुनावों में पार्टी के उम्मीदवार जीते। इसके बाद 1980, 1984 और 1989 में यहां कांग्रेस जीती। 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यहां परचम लहराया लेकिन 1996 में जब चुनाव हुआ तो भाजपा के चित्रसेन सिंकू जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। हालांकि यह जीत अगले चुनाव में बरकरार नहीं रही। 1998 के चुनाव में कांग्रेस के विजय सिंह सोय ने यहां जीत दर्ज की और फिर 1999 में यहां भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा जीते पर 2004 के चुनाव में कांग्रेस के खाते में यह सीट गई। 2009 में मधु कोड़ा निर्दलीय जीते। 2014 में लक्ष्मण गिलुवा को जीत मिली तो 2019 में कांग्रेस से गीता कोड़ा यहां से सांसद बनीं।

**मांगे वोट**



पश्चिम बंगाल के बर्धमान लोकसभा सीट से टीएमसी उम्मीदवार कीर्ति आजाद के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कीर्ति आजाद की जीत के लिए मतदाताओं से समर्थन मांगा।




## चुनावी चक्कर

**जब इंदिरा ने विपक्षी उम्मीदवार का कराया नामांकन :** चुनावों का एक दौर ऐसा भी था जब कुछ उम्मीदवार कई सीट से एक साथ और बार-बार लोकसभा व विधानसभा चुनाव लड़ने और हारने के लिए देश भर में प्रसिद्ध थे। इस सूची में ग्वालियर के मदन लाल धरती पकड़, कानपुर के भगवती प्रसाद दीक्षित घोड़े वाला और बरेली के काका जोगिंदर सिंह की प्रसिद्धी किसी लोकप्रिय राजनेता से कम नहीं थी। ये तीनों विधानसभा और लोकसभा ही नहीं राष्ट्रपति तक के चुनाव में ताल ठोकते और हारते थे। एक साथ कई सीटों से नामांकन करते थे। मदन लाल धरती पकड़ ने तो ग्वालियर में माधवराव सिंधिया के खिलाफ कई बार चुनाव लड़ा। दरअसल, घोडे पर चलने वाले कानपुर के भगवती प्रसाद दीक्षित रायबरेली से कई बार इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लडे। उन्होंने अपने जीवन में लगभग 300 बार चुनाव लड़ा। ऐसे में इंदिरा गांधी भी उन्हें अच्छी तरह जानने-पहचानने लगीं। एक बार जब रायबरेली से भगवती प्रसाद दीक्षित ने लोकसभा चुनाव में नामांकन नहीं किया तो इंदिरा गांधी को भी आश्चर्य हुआ। वे कानपुर से चुनाव प्रचार करके सड़क मार्ग से जा रही थीं तभी भगवती प्रसाद रास्ते में मिल गए। उन्होंने अपनी कार रुकवाई और दीक्षित जी से पर्चा दाखिल न करने का कारण पूछा। दीक्षित जी ने इस बार जमानत राशि का जुगाड़ न हो पाने की मजबूरी बतायी। इसके बाद जो हुआ वो काफी दिलचस्प था। इंदिरा गांधी ने अपने पास से उन्हें 250 रुपए देते हुए कहा कि वे उनके मुकाबले मैदान में नहीं होंगे तो अच्छा नहीं लगेगा। दीक्षित जी ने इसके बाद रायबरेली से भी नामांकन दाखिल कर दिया था।

## बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक एक बूंद से ही कमल खिलेगा

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बीते 10 वर्षों के कामों को जनता तक ले जाने और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्षों के कंधों पर है। आप सभी बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक-एक बूंद से ही कमल खिलेगा। उन्होंने यह बात रविवार को फूलपुर में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कही।


स्वतंत्र देव सिंह

स्वतंत्र देव ने कहा कि जब भी हमारे देश में चुनावी शंखनाद होता है तब भाजपा के बूथ अध्यक्ष सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर लड़ाई लड़ते हैं और विजयी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि एक-एक मतदाता को बूथ तक पहुंचाकर बीते सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करने का समय आ गया है। वहीं दुसरी ओर वाराणसी में भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को मछली शहर लोकसभा के पिंडारा विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सहभागिता की।

# उत्तराधिकार को लेकर अंसारी परिवार में दरार

### उमर कर रहे थे चुनाव की तैयारी अफजाल ने बेटी को किया आगे

### सुनियोजित तरीके से नुसरत गई थीं मंदिर फिर वायरल कराया वीडियो

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजीपुर लोकसभा सीट से अफजाल अंसारी चुनाव लड़ पाएंगे अथवा नहीं यह फैसला 13 मई को हाईकोर्ट के निर्णय के बाद होना है। लेकिन अफजाल ने सजा की आहट को भांपते हुए वैकल्पिक रूप से अपनी बेटी को बिना पारिवारिक सलाह के मैदान में उतार दिया है।

वहीं दूसरी ओर मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी स्वयं मैदान में उतरने की ख्वाहिश में थे, लेकिन नुसरत के अचानक मैदान में उतरने से परिवार के अंदर ही राजनीति शुरू हो गई है। पुख्ता सूत्रों के मुताबिक उमर को अफजाल का लड़ना तो स्वीकार है, लेकिन उनकी अनुपस्थित में वह स्वयं अंसारी परिवार के राजनैतिक उत्तराधिकारी बनना चाहते हैं। अब ऐसे में नुसरत के अचानक मैदान में उतरने से अंसारी परिवार में ही दरार पड़ गई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट को तीन मई को ही अफजाल अंसारी के भविष्य पर फैसला करना था। इसीलिए अफजाल अंसारी ने तीन मई से पहले ही अपनी बेटी नुसरत को उतार दिया था। बताया जा रहा है कि नुसरत अंसारी सिर्फ एक मंदिर में जाकर दर्शन नहीं किया बल्कि उस दिन कई मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन किए। इस वीडियो को जानबूझकर अफजाल अंसारी कैंप से ही वायरल कराया गया, ताकि सजा से पहले ही अफजाल का उत्तराधिकारी घोषित हो जाए। इसी बीच हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 13 मई कर दी।

उधर, मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे इस विचार में थे कि अगर अफजाल अंसारी को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाता है तो वही अंसारी परिवार के राजनैतिक उत्तराधिकारी बनेंगे। संभवतः उन्हें यह नहीं पता था कि नुसरत के प्रत्याशी बनने की घोषणा अचानक कर दी जाएगी। अब यह दरार अंसारी परिवार में धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। उमर अंसारी कैंप के कुछ लोगों ने बताया कि परिवार में ही बगावत की स्थित आ गई है। उधर, इंडी गठबंधन उम्मीदवारी को लेकर नजर गड़ाए हुए है। इसी बीच गाजीपुर से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने इस दरार को मीडिया के सामने रखकर आग में घी डाल दिया है।

अंसारी परिवार में दरार की भनक भाजपा को भी लग चुकी है, ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार अंसारी परिवार की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। खासबात ये है कि उमर अंसारी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।







### अपनी ढपली अपना राग


सपा पीडीए की बात करती है लेकिन पिछड़ों-दलितों के मान सम्मान के संरक्षण के लिए काम करने वाले मोदी जी से नफ़रत करती हैं। - भूपेन्द्र चौधरी


भाजपा कैसे परिवारवाद पर सवाल कर सकती है? परिवार का कोई सदस्य इलेक्शन में जाता है, तब जनता डिसाइड करती है कि उसे चुनना है या नहीं। - डिंपल यादव


हमारी पार्टी को सिर्फ वादों की नहीं, कर्मों की भी पहचान है, सोच ईमानदार, काम दमदार, लखनऊ बोले 5 लाख पार। - नीरज सिंह


गांधी परिवार की नौकरी नहीं कर रहा। मैं शुद्ध रूप से नेता हूं। स्मृति ईरानी को भी हराऊंगा। -किशोरी लाल शर्मा

# सपा की प्रतिष्ठा से जुड़ीं सीटों पर मायावती ने उतारे मुस्लिम प्रत्याशी

### सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले से भाजपा समेत अन्य दल उलझे

पद्माकर पाण्डेय ,लखनऊ

**अमृत विचारः** बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव के खिलाफ बसपा ने मुस्लिम खां को टिकट दिया है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव के खिलाफ चौधरी बशीर को चुनाव मैदान में उतारा है। यहीं नहीं, आजमगढ़ लोकसभा सीट से साहीबा अंसारी को बदलकर मशहूद अहमद को उतारा है, सपा के धर्मेन्द्र यादव को कड़ी टक्कर देने के लिए सीट पर तीसरी बार प्रत्याशी बदला है।

इसी तरह तमाम लोकसभा सीटें हैं जिन पर अखिलेश यादव के परिवार से या सपा की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं, बसपा ने करीब 20 मुस्लिम प्रत्याशियों को उतारकर सपा के लिए चुनौती खड़ी की है। इसे सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी के रूप में देखा जा रहा है। इसके लिए बसपा को किसी किसी सीट पर तो दो से तीन बार प्रत्याशी बदलने पड़े हैं।



एकला चलो की रणनीति पर चुनाव लड़ने वाली बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा से न केवल भाजपा के लिए चुनौती पेश की है, बल्कि इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा की मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। गत लोकसभा चुनाव 2019 में मात्र छह मुस्लिम प्रत्याशी उतारने वाली बसपा ने इस चुनाव में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा की हाई प्रोफाइल सीटों पर त्रिकोणिय मुकाबला बना दिया है। गत लोकसभा चुनाव में बसपा के 10 सांसदों में तीन मुस्लिम प्रत्याशियों ने जीत भी दर्ज की थी। पिछले इतिहास को दोहराने के लिए इस बार भी मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर दांव चला है।

मुस्लिम प्रत्याशियों पर केन्द्रीय सीटों की बात करे तो रामपुर में 50.10 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, वहीं मुरादाबाद में 45.50 फीसदी, बिजनौर में 41.7 फीसदी, सहारनपुर में 39.1 प्रतिशत और मुजफ्फर नगर में 38.1 प्रतिशत आबादी है। इसी तरह बसपा ने अधिकांश उन सभी सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी दिये हैं, जहां मुस्लिम मतदाताओं के पक्ष में आने से सीट के परिणाम बदल सकते हैं।

दूसरी तरफ पार्टी की चुनावी सभाओं में बसपा सुप्रीमो मायावती और नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, बताते भी हैं कि मुस्लिमो की बात तो अन्य दल भी करते हैं, मगर किसी भी दल ने सरकार में रहते हुए मुस्लिमों के लिए कुछ अलग से नहीं किया है, केवल बसपा ही है जो कहने के साथ करती भी है। मुस्लिमों को पार्टी में बहुत सम्मान है।

वहीं दूसरी ओर बसपा ने कई लोक सभा क्षेत्रों में ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया है जो कि सीधे तौर पर सपा के परंपरागत वोटों को काट सकते है, जिसका सीधा नुकासान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को होगा और फायदा भाजपा प्रत्याशी को। ऐसे में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी और शीर्ष नेतृत्व बसपा की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि उन्हें कम से कम नुकसान हो।

#### 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी'

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि प्रदेश में बसपा दूसरे नंबर की पार्टी है, बीते लोकसभा चुनाव में बसपा के 10 सांसद थे, जबकि सपा के पास मात्र पांच ही थे। इस लिहाज से प्रदेश में बसपा ही भाजपा से मुकाबला कर रही है। मुस्लिम प्रत्याशियों को ज्यादा टिकट देने के संबन्ध में उनका कहना है कि बसपा में किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होता है। पार्टी, 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी' के सिद्धांत पर अमल करती है। पार्टी में मुस्लिम को सम्मान है उतना ही सवर्ण, ओबीसी व अनुसूचित वर्ग को मिला है। यहीं वजह है कि पार्टी ने सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपनाया है, करीब करीब सभी वर्गो को बराबर की हिस्सेदारी मिली है।

#### ये हैं बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी

1- सहारनपुर- माजिद अली
2- मुरादाबाद से इरफान सैफी
3 - रामपुर से जीशान खां
4- संभल से शौलत अली
5 - अमरोहा से मुजाहिद हुसैन
6 - आंवला से आबिद अली
7- पीलीभीत से अनीस अहमद खां फूल बाबू
8- कन्नौज से इमरान बिन जफर
9- लखनऊ से सरवर मलिक
10- गोरखपुर - जावेद सिमनानी
11- एटा से मो .इरफान एडवोकेट
12- वाराणसी से अतहर जमाल
13- बदांयू से मुस्लिम खान
14- डुमरियागंज से मो . नदीम मिर्जा
15- फिरोजाबाद से - चौधरी बशीर
16- महाराजगंज से मो . मौसमे आलम
17- अंबेडकर नगर से कमर हयात अंसारी
18 - संत कबीर नगर से नदीम अशरफ
19- आजमगढ़ से मशहूद अहमद
20- श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान

# मतदान में बचे सिर्फ सात दिन, नहीं दिख रहा उत्साह

### सपा- भाजपा के प्रत्याशी पूर्व में रह चुके हैं सांसद, बसपा प्रत्याशी पर थी जनता की नजर

विरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** हरदोई लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी बहुत पहले से ही घोषित थे। चुनाव नजदीक आते ही सपा ने भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया, लेकिन बसपा का प्रत्याशी सबसे देर में घोषित हुआ। लोग इस बात का अंदाजा लगा रहे थे कि शायद किसी रणनीति के तहत बसपा अपना प्रत्याशी देर में घोषित करे।

सपा, भाजपा के प्रत्याशी पूर्व में सांसद रह चुके हैं। इनसे क्षेत्र की जनता भली भांति परिचित थी, लोगों को उम्मीद थी कि शायद बसपा कोई जोरदार प्रत्याशी खड़ा करे। जनता भी बसपा के प्रत्याशी का इंतजार कर रही थी, क्योंकि अन्य दोनों दलों के प्रत्याशी का कार्यकाल कई बार जनता देख चुकी है। इसीलिए चुनाव में लोगों को कोई रुचि नहीं दिखी। उम्मीद थी कि बसपा का दमदार प्रत्याशीआने के बाद जनता भी अपना रुख चुनाव की ओर करेंगी, लेकिन बसपा ने जिसे प्रत्याशी को घोषित किया। उन्होंने जनता को और भी निराश कर दिया। नतीजतन चुनाव को मात्र सात दिन बचे हैं, लेकिन किसी के चुनाव के प्रति कोई उत्साह नहीं है।

गौरतलब हो कि भाजपा ने यहां कई बार सांसद रहे वर्तमान सांसद जयप्रकाश को अपना प्रत्याशी बनाया। सबसे पहले भाजपा ने ही अपना प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि इससे पूर्व कई महीनों से जयप्रकाश सक्रिय थे। उनका टिकट लगभग फाइनल माना जा रहा था। जयप्रकाश कई बार यहां सांसद रह चुके हैं। चुनाव के बाद अधिकांश वह जिले से दूरी ही बनाए रखते हैं। हरदोई के अलावा उन्नाव जिला भी उनका राजनैतिक क्षेत्र है। उनकी पत्नी वहां जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। जब हरदोई की जनता ने महत्व नहीं देती है, तब वह उन्नाव में जाकर राजनीतिक करने लगते हैं। हालांकि जनता ने उन्हें कई बार यहां से मौका दिया, लेकिन चुनाव के बाद वह कभी भी जनता के अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। 1991 में वह यहां से लोकसभा पहुंचे, उसके बाद 1996 में सांसद बने। 1999 में भी वह यहां से सांसद रहे। वर्तमान में भी वह यहां से सांसद है। लगभग 33 साल से वह हरदोई में राजनीति कर रहे हैं, लेकिन जनता का जुड़ाव उनसे कभी भी नहीं रह पाया। हैं। उनकी कार्यप्रणाली से जनता अच्छी तरह वाकिब है, इसलिए जनता का कोई विशेष झुकाव उनकी ओर नहीं है। यहां के लोग सिर्फ पार्टी को ही वोट करेंगे। लगभग यही स्थिति सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा की भी है। वह कई बार सांसद रहीं।

प्रदेश सरकार ने भी वह मंत्री रहीं, लेकिन न तो उन्होंने कभी जनता से विशेष जुड़ाव किया और न ही जिले को कोई विशेष सौगात दिला पाईं। वह हरदोई की जनता के लिए नई नहीं हैं, उनके ससुर परमाई लाल प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। सास जदुरानी विधायक रहीं। उनकी ननद अनीता वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं। जेठानी राजेश्वरी देवी भी विधायक रहीं। यह सब परमाई लाल के जनता के स्नेह व उनके कार्यों की वजह से भिन्न पदों पर सुशोभित रहे, लेकिन जनता का जुड़ाव परमाई लाल के बाद इनके परिवार के किसी सदस्य से नहीं हो पा रहा। आज भी लोग परमाई लाल की वजह से उनके परिवार वालों को वोट करते हैं। ऊषा वर्मा से यहां की जनता भली भांति परिचित है, इसलिए जनता उनकी ओर भी विशेष उत्साहित नहीं है। सपा के परंपरागत वोट व परमाई लाल के वोट के अलावा ऊषा वर्मा का खुद का कोई वोट बैंक नहीं है, जबकि वह कई बार सांसद व मंत्री भी रहीं। ऊषा वर्मा को लेकर भी कोई उत्साहित नहीं है।

इस चुनाव में लोग 33 साल से इन चेहरों को देखकर बदलाव का मन बना रहे थे, उन्हें उम्मीद बसपा से थी कि बसपा कोई नया प्रत्याशी लाएगी, जो सक्रिय होगा। जनता बड़ी उम्मीदों से बसपा की ओर देख रही थी, जब तक बसपा का प्रत्याशी नहीं घोषित हुआ, तब तक सपा व भाजपा के प्रत्याशी व उनके समर्थक भी चिंतित थे, उन्हें डर था कि कोई दमदार प्रत्याशी न आ जाए। लोग से बसपा की रणनीति बता रहे थे। बसपा का टिकट घोषित होने से पहले कई नामों की चर्चा हो रही थी। अगर उन नामों में से किसी को टिकट मिलता तो शायद चुनाव का स्वरूप दूसरा होता, लेकिन बसपा ने दूसरे जिले के भीमराव अंबेडकर को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। चुनाव को अब सात दिन शेष बचे हैं। नामांकन से लेकर अब तक बसपा प्रत्याशी की ओर जनता का कोई झुकाव नहीं हुआ। बसपा के प्रत्याशी ने भी जनता को निराश किया। यही वजह है कि जिले में कहीं पर भी चुनाव का कोई माहौल नहीं दिखाई पड़ रहा है।


#### हार-जीत को लेकर कोई चर्चा नहीं

इस बार के चुनाव में जनता के बीच कोई न चर्चा है और न ही किसी प्रत्याशी को लेकर हार-जीत को लेकर अटकल लगाई जा रही है। चुनाव सिर्फ भाजपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के बीच सिमट कर रह गया है। चुनाव में जनता की बेरुखी भांप प्रशासन चिंतित है। यही वजह है कि लगातार स्वीप कार्यक्रमों के तहत मतदान की अपील गांव से लेकर शहर तक की जा रही है। अब देखना है कि 13 मई को जनता चुनाव में कितना रुचि दिखाती है।

#### भाजपा हैट्रिक लगाने की जुगत में

भाजपा 2014 और 2019 में यहां से लोकसभा चुनाव जीत चुकी है और 2024 में हैट्रिक लगाने के लिए जुगत लगा रही है, 2014 के चुनाव में मोदी लहर में हरदोई सीट भी भाजपा के खाते में आ गई, भाजपा के उम्मीदवार अंशुल वर्मा ने शानदार जीत हासिल करते हुए 81,343 मतों के अंतर से बसपा के शिव प्रसाद वर्मा को हरा दिया। हालांकि 2019 के चुनाव में बीजेपी ने अंशुल वर्मा का टिकट काट दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरदोई सदर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार जय प्रकाश रावत और समाजवादी पार्टी की उषा वर्मा के बीच चुनावी मुकाबला हुआ, जिसमें बीजेपी के प्रत्याशी को जीत मिली, जय प्रकाश रावत के खाते में 568,143 वोट आए तो ऊषा वर्मा को 435,669 वोट ही मिले, ऐसे में जय प्रकाश ने 1,32,474 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए और सांसद चुन लिए गए।


#### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | जय प्रकाश रावत | 5,68,143 |
| सपा | उषा वर्मा | 4,35,669 |
| कांग्रेस | वीरेन्द्र कुमार | 19,972 |

2019 नोटा 11,024

#### 2014 चुनाव का लेखा जोखा




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंशुल वर्मा | 3,60,501 |
| बसपा | शिव प्रसाद | 2,79,158 |
| सपा | उषा वर्मा | 2,76,543 |
| कांग्रेस | सर्वेश कुमार | 23,298 |

2014 नोटा 7,660

#### इलेक्शन बायस्कोप




बड़े लोगों के बड़े अभियानों में जब बच्चे उत्साहित करने के लिए आगे आते हैं तो उनसे सभी का प्रेरित होना स्वाभाविक है। फिर, अभियान लोकसभा चुनाव जैसा हो तो मतदान के प्रति बच्चों के जागरुकता अभियान से कौन भला नहीं आकर्षित होगा। कुछ इसी कवायद में लखनऊ के ऐशबाग टरेहटा स्थित नया शिव मंदिर में बच्चों संग मतदाता जागरूकता अभियान चलाते आदिज्योति सेवा समिति के सदस्य। -अमृत विचार

# 47 वर्षों में चौथी बार चुनावी मैदान में नहीं उतरा गांधी परिवार


### राजीव गांधी की मृत्यु के बाद 1991 1996 व 1998 में नहीं लड़ा चुनाव


नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचारः** देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी में गांधी परिवार के पदार्पण के बाद ये चौथा चुनाव है जब गांधी परिवार से कोई प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं उतरा है। इसके पहले राजीव गांधी की मौत के बाद 1991, 1996 व 1998 के चुनाव में गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा चुनाव लड़ चुके हैं। राहुल गांधी के रायबरेली जाने से ये चौथा चुनाव है जब अमेठी में गांधी परिवार से अलग कोई प्रत्याशी चुनाव लड़ने जा रहा है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। अमेठी में 47 वर्षों तक कांग्रेस का सांसद रहा है जिसमें 31 वर्षों तक सिर्फ गांधी परिवार ने प्रतिनिधित्व किया है। 1977 के चुनाव में संजय गांधी के आने पर अमेठी से गांधी परिवार के रिश्ते की शुरुआत हुई थी। 1977 के चुनाव में उन्हें हार मिली लेकिन 1980 में वे जीतने में कामयाब रहे। उनकी विमान दुर्घटना में मौत के बाद 1981 से 1991 तक राजीव गांधी ने लगातार चार बार चुनाव जीता। लेकिन 1991 में 20 मई को मतदान के बाद 21 मई को राजीव गांधी की तमिलनाडु में हत्या कर दी गई।

सोनिया गांधी के राजनीति में आने से इंकार करने से 1977 में अमेठी पदार्पण के बाद ये पहला मौका था जब गांधी परिवार से अलग राजीव गांधी के करीबी सतीश शर्मा को 1991 के उपचुनाव में उतारा गया था। वे 1991 का चुनाव जीतने में सफल भी रहे। 1996 व 1998 में भी गांधी परिवार से किसी ने चुनाव नहीं लड़ा। सतीश शर्मा ने 1996 में भी विजय पताका फहराई लेकिन 1998 में उन्हें भाजपा के संजय सिंह से पराजय का सामना करना पड़ा था। करीब 08 वर्षो के ब्रेक के बाद 1999 के चुनाव में गांधी परिवार से सोनिया गांधी का अमेठी आगमन हुआ। 1999 में जहां सोनिया गांधी को बड़ी जीत मिली वहीं उनके रायबरेली जाने के बाद अमेठी आए राहुल गांधी ने 2004, 2009 व 2014 में जीत दर्ज कर हैट्रिक भी लगाई लेकिन 2019 में उन्हें भाजपा की स्मृति इरानी से पराजय का सामना करना पड़ा।





वायनाड का चुनाव संपन्न होने के बाद राहुल गांधी के अमेठी आने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन नामांकन के अंतिम दिन किशोरी लाल शर्मा को टिकट मिलने से ये चौथा चुनाव है जब अमेठी की चुनावी रणभूमि में गांधी परिवार नहीं उतरा है।

#### गांधी परिवार के करीबी रहे हैं दोनों प्रत्याशी

1991, 1996 व 1998 के चुनाव में गांधी परिवार से अलग चुनावी मैदान में उतरे सतीश शर्मा हो या 2024 में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा। दोनों ही गांधी परिवार के काफी करीबी रहे हैं। किशोरी लाल शर्मा अभी तक सोनिया गांधी के प्रतिनिधि रहे हैं। किशोरी लाल शर्मा ने हालांकि इसके पहले कोई चुनाव नहीं लड़ा है लेकिन उन्हें गांधी परिवार को अमेठी और रायबरेली में चुनाव लड़ाने के लिए मजबूत रणनीति बनाने का काफी अनुभव है।

## आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस
बनाम
हैदराबाद सनराइजर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 541 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 424 |

# जीत की राह पर लौटी चेन्नई

## धर्मशाला में जडेजा के हरफनमौला खेल से चेन्नई ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया

धर्मशाला, एजेंसी

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। जडेजा ने 26 गेंद में 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके जिससे पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा।

सीएसके ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।





धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ 28 रन से जीत दर्ज करने के बाद पवेलियन जाते चेन्नई के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का बचाव करने अपने तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के बिना मैदान में उतरी सीएसके को देशपांडे ने दूसरे ओवर में जॉनी बेयरस्टो (सात) और रिली रोसेयु (शून्य) को बोल्ड कर शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से बायें हाथ के स्पिनर सेंटनर ने अपने शुरुआती दो ओवर में सिर्फ चार रन खर्च किये। शानदार लय में चल रहे शशांक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने देशपांडे और रिचर्ड ग्लीसन के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करते पावरप्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन हो गया, लेकिन पंजाब के पुछल्ले बल्लेबाजों ने 15वें ओवर में 90 रन पर आठवां विकेट गिरने के बाद भी टीम को 139 रन तक पहुंचाने में सफल रहे। हरप्रीत बराड़ ने नाबाद 17, चाहर ने 16 और कागिसो रबाडा ने नाबाद 11 रन का योगदान दिया।

### सीएसके 167/9
20 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 9 | 7 | 1/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2/1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 0 | 1 | 0/0 |
| मोईन अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2/0 |
| रविंद्र जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3/2 |
| मिचेल सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1/0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 0 | 1 | 0/0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

### पंजाब 139/9
20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का (रिजवी) बो जडेजा | 30 | 23 | 2/2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 7 | 6 | 1/0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 0 | 3 | 0/0 |
| शशांक सिंह का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4/0 |
| सैम कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 7 | 11 | 0/0 |
| जितेश शर्मा का धोनी बो सिमरजीत | 0 | 1 | 0/0 |
| आशुतोष शर्मा का सिमरजीत बो जडेजा | 3 | 10 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 17 | 9 | 2/0 |
| हर्षल का (रिजवी) बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1/1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2/1 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शारदुल 2-0-12-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

## महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में भारत और ऑस्ट्रेलिया



**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

आईसीसी द्वारा घोषित नौवें महिला टी-20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच नौ अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है। टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं। मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

## ओलंपिक कोटे से चूकी भारतीय पुरुष व महिला रिले टीमें

**नासाउ।** भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 24 में संबंधित स्पर्धाओं में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के कारण पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने से चूक गई। शनिवार को बहामास के नासाउ में राजेश रमेश, रूपल, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्रीदांडी की मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी थॉमस ए रॉबिन्सन स्टेडियम में ट्रैक पर उतरने वाली पहली भारतीय टीम थी। अनस याहिया, राजेश रमेश, अजमल और जैकब की भारतीय पुरुष टीम 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट 4 में अपनी रेस पूरी नहीं कर पाई।

## खेल डायरी



### चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप फाइनल में इंडोनेशिया को हराया

**चेंगडू (चीन)।** चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक में दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरूआत की। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

### विवान शूटऑफ में हारे, भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश

**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूटऑफ में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूटऑफ का हिस्सा थे। विवान को सातवें स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। महिला ट्रैप में राजेश्वरी (108 अंक) 23वें जबकि श्रेयसी और मनीषा क्रमश: 29वें और 38वें स्थान पर रहीं।

### चेतेश्वर पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डर्बीशायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डर्बीशायर को मैच में बनाए रखा है। शाम के सत्र में ससेक्स ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी थी।

### तेजस्विन ने एरिजोना एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद स्पर्धा जीती

**एरिजोना।** भारत के तेजस्विन शंकर ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में 2.23 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की। शनिवार को एरिजोना विश्वविद्यालय के रॉय पी. ड्रैचमैन स्टेडियम में हुई स्पर्धा में संयोग से शीर्ष तीन एथलीटों ने समान 2.23 मीटर का मार्क दर्ज किया। अमेरिका के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर को पहले प्रयास में ही क्लियरेंस हासिल करने के कारण विजेता घोषित किया।

## स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता



**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियातेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियातेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियातेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

## मुंबई के खिलाफ जीत से स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स

मुंबई, एजेंसी



आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी।

वानखेड़े की पिच अगर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के एक बार फिर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीद है जो वे मौजूदा सत्र में कई बार कर चुके हैं। सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में शीर्ष पर चल रहे रॉयल्स को एक रन से हराकर आत्मविश्वास से भरी होगी।

## सुनील नारायण के बल्ले से निकली 81 रनों की पारी, वरुण और राणा को मिले 3-3 विकेट

# केकेआर ने लखनऊ को 98 रन से हराया


लखनऊ के कप्तान केएल राहुल का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते केकेआर के खिलाड़ी। ● एजेंसी

लखनऊ, एजेंसी

सुनील नारायण की (81) रनों की पारी और हर्षित राणा व वरुण चक्रवर्ती की बेहतरीन गेंदबाजी बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को आईपीएल के 54वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रनों से हरा दिया है। इस आठवीं जीत के साथ ही कोलकाता अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अर्शीन कुलकर्णी (9) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान के एल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने दूसरे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी की। आठवें ओवर में केरल राहुल 21 गेंदों मे 25 रन बनाकर आउट हुए। अगले ही ओवर में दीपक हुड्डा (5) उसके बाद मार्कस स्टॉयनिस 21 गेंदों में 36 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद लखनऊ के लगातार विकेट गिरते रहे। निकोलस पूरन (10), आयुष बदोनी (15), एशटन टर्नर (16), क्रुणाल पंड्या (5), युद्धवीर सिंह चरक (7) और रवि बिश्नोई (2) रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता ने लखनऊ की पारी को 16.1 ओवर में 137 रन पर समेटते हुये मुकाबला 98 रनों से जीत लिया। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा तीन-तीन विकेट लिए। आंद्रे रसल को दो विकेट मिले।

इससे पहले कोलकाता ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए लखनऊ को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया था। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 61 रन जोडे। पांचवें ओवर में नवीन उल हक ने फिल सॉल्ट को आउट कर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में रवि बिश्नोई ने सुनील नारायण को आउट किया। सुनील नारायण ने 39 गेंदों में (81) रनों की पारी खेली। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 235 रनों का स्कोर खड़ा किया।

### कोलकाता 235/6
20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट कैच के एल राहुल बोल्ड नवीन | 32 | 14 | 5/1 |
| नारायण कैच पड़िक्कल बोल्ड बिश्नोई | 81 | 39 | 6/7 |
| रघुवंशी कैच के एल राहुल बोल्ड युद्धवीर | 32 | 26 | 3/1 |
| रसल कैच गौतम बोल्ड नवीन उल हक | 12 | 8 | 1/1 |
| रिंकू कैच स्टॉयनिस बोल्ड नवीन उल हक | 16 | 11 | 2/0 |
| श्रेयस कैच के एल राहुल बोल्ड ठाकुर | 23 | 15 | 3/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 25 | 6 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टॉयनिस 2-0-29-0 मोहसिन 2-0-28-0 नवीन 4-0-49-3 यश ठाकुर-4-0-46-1 क्रुणाल 2-0-26-0 बिश्नोई 4-0-33-1 युद्धवीर 2-0-24-1

### लखनऊ 137/10
16.1 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड हर्षित | 25 | 21 | 3/0 |
| अर्शीन कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क | 9 | 7 | 2/0 |
| मार्कस स्टॉयनिस कैच हर्षित बोल्ड रसल | 36 | 21 | 4/2 |
| दीपक हुड्डा पगबाधा चक्रवर्ती | 5 | 3 | 1/0 |
| निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड रसल | 10 | 8 | 0/1 |
| आयुष बदोनी कैच स्टार्क बोल्ड नारायण | 15 | 12 | 0/1 |
| एशटन टर्नर कैच आउट चक्रवर्ती | 16 | 9 | 0/2 |
| क्रुणाल पंड्या कैच सॉल्ट बोल्ड हर्षित | 5 | 6 | 0/0 |
| युद्धवीर कैच रसल बोल्ड चक्रवर्ती | 7 | 7 | 0/1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा हर्षित | 2 | 3 | 0/0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** वैभव अरोड़ा 2-0-21-0, मिचेल स्टार्क 2-0-22-1, नारायण 4-0-22-1, हर्षित राणा 3.1-0-24-3, वरुण चक्रवर्ती 3-0-30-3, आंद्रे रसल 2-0-17-2


## डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार करने पर 23 अप्रैल को नाडा ने सौंपा था बजरंग को अस्थायी निलंबन

# डब्ल्यूएफआई ने लगाया नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था।

बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से



चले गये थे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायर किट लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिये और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।

बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

## रियल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश लीग खिताब




**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कंगाल पाकिस्तान झेल रहा महंगाई की मार, बढ़े दूध के दाम

*कराची। वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के कराची में अब दूध 210 रुपये (पाकिस्तानी) प्रति लीटर पर बिकने लगा है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, कराची आयुक्त ने डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन की मांग मानते हुए कीमतों में 10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। इससे पहले दूध के दाम में 50 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि किए जाने का अनुमान था। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों पर इस कीमत वृद्धि की मार पड़ी है।*

- पाकिस्तान पर कुल कर्ज बढ़कर 63 .39 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये हो गया है। इसमें 40 .95 लाख करोड़ घरेलू कर्ज और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज 22 .43 लाख करोड़ रुपये का है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात को लेकर वर्ल्ड बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट कहा था पाकिस्तान में आने वाले समय में थोड़ा बहुत जो विकास होगा वह अमीरों तक ही सीमित रहेगा। इसके चलते पाकिस्तान आर्थिक संकट के मद्देनजर अपने साथी देशों से बहुत पिछड़ गया है।



### क्या बोले-डेयरी फार्मर्स

डेयरी फार्मर्स कराची के अध्यक्ष मुबाशर कादीर अब्बासी के अनुसार, कराची के लोगों के लिए जल्दी ही 50 रुपये की वृद्धि होने का अनुमान है। अब्बासी ने दुग्ध उत्पादन खर्च बढ़ जाने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारक है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों ने 10 मई तक वृद्धि की घोषणा नहीं की तो उस स्थिति में भागीदार मामले को अपने हाथों में ले लेंगे और सहमति के बाद कीमत बढ़ाएंगे।

- पाकिस्तान में एक दर्जन अंडों की कीमत 400 पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) हो चुकी है। वहीं प्याज 250 रुपये किलो बिक रही है। मीडिया के मुताबिक ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रशासन सरकारी दामों को लागू करने में फेल रहा है। सरकार ने प्याज की कीमत 175 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो तय की हुई है, लेकिन बाजार में यह लगभग 100 रुपये ज्यादा की कीमत पर बिक रही है। चिकन भी 615 रुपये प्रति किलो मिल रहा है।

## चीनः कोरोना काल में फंसे छात्रों से भारतीय दूतावास ने किया संवाद

**बीजिंग।** चीन में भारतीय दूतावास ने कोविड काल के दौरान चीन के वीजा प्रतिबंधों के कारण मुश्किलों का सामना करने वाले भारतीय छात्रों के साथ अपना पहला संवाद सत्र आयोजित किया है। चार मई को आयोजित 'स्वागत और संवाद समारोह' में 13 से अधिक चीनी विश्वविद्यालयों के लगभग 80 पुराने और नए छात्रों ने भाग लिया।

बीजिंग में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और काउंसलर नितिनजीत सिंह ने सत्र के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी शिकायतों और अनुभवों को सुना। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा है कि दूतावास द्वारा पेश की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के सचिव (द्वितीय) अमित शर्मा ने सत्र के दौरान विस्तृत प्रस्तुति दी।

# पीओके पर बलपूर्वक कब्जे की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनाथ बोले-कश्मीर के विकास को देखकर वहां के लोग स्वयं चाहेंगे भारत में शामिल होना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कहा कि भारत अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी क्योंकि यहां के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे।

राजनाथ सिंह ने 'न्यूज एजेंसी पीटीआई' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्थिति में काफी सुधार हुआ है और एक समय ऐसा आएगा जब केंद्र शासित प्रदेश में अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम) की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, रक्षा मंत्री ने कहा कि यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है और वह उचित निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव भी जरूर होंगे, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि भारत को कुछ नहीं करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से जमीनी हालात बदले हैं, क्षेत्र में जिस तरह से आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां जिस तरह से शांति लौटी है, मुझे लगता है कि पीओके के लोगों की ओर से यह मांग उठेगी कि उनका भारत में विलय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पीओके पर अपना कब्जा करने के लिए बल का प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि लोग ही कहेंगे कि हमें भारत में विलय करना चाहिए। ऐसी मांगें अब उठ रही हैं।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि पीओके हमारा था, है और रहेगा। जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात में सुधार का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि वहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बतायी। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से स्थिति में सुधार हो रहा है, उसे देखकर मुझे लगता है कि एक समय आएगा जब वहां अफस्पा की आवश्यकता नहीं होगी।

## दिल्ली में कोरियाई नागरिक से तीन लाख अमेरिकी डॉलर बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने रविवार को एक कोरियाई नागरिक के पास से तीन लाख अमेरिकी डॉलर की नकदी बरामद की है।

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक कोरियाई नागरिक थाई एयरवेज की उड़ान से बैंकॉक जा रहा था, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया गया। तलाशी लेने पर पास से 3.39 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 2.80 करोड़ रुपये) की नकदी बरामद की गई। इसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। नकदी को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया है। सीआईएसएफ ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### त्रिपुरा में चार बच्चों समेत 11 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला।** वैध दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करने के आरोप में त्रिपुरा के धलाई जिले के सीमावर्ती गांव से चार बच्चों सहित 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, ये लोग धलाई जिले के गंडाचेर्रा उपमंडल से होकर अपने घर (बांग्लादेश) जा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए गंडाचेर्रा पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) पलाह दत्ता के नेतृत्व में टीम ने धलाई जिले के सीमावर्ती गांव मचकुमीर में छापेमारी की और 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। ओसी ने कहा, हमने भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और जांच जारी है।

### कतर के स्वामित्व वाले अल जजीरा को इजराइली सरकार ने किया बंद

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने इजराइल में कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक अल जजीरा के कार्यालयों को बंद करने का फैसला किया है। यह फैसला ऐसे वक्त हुआ है, जब कतर गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते में मदद कर रहा है। नेतन्याहू ने एक्स पर इस फैसले की घोषणा की। यह फैसला कब प्रभावी होगा इस बारे में पता नहीं चल पाया है। नेतन्याहू ने पोस्ट में कहा, मेरी सरकार ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि भडकाऊ चैनल अल जजीरा इजराइल में बंद हो जाएगा।

### सलमान के घर गोलीबारी मामले में मृतक आरोपी का परिवार पहुंचा कोर्ट

**मुंबई।** मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी से जुड़े मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस हिरासत में आत्महत्या किए आरोपी अनुज थापन के परिवार ने उसकी मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराए जाने की मांग को लेकर बंबई हाईकोर्ट का रुख किया है। पुलिस का दावा है कि थापन ने हवालात में आत्महत्या की जबकि उसकी मां रीता देवी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है। याचिका में सीबीआई को उसके बेटे की मौत के मामले की जांच सौंपने का अनुरोध किया है।

### पाकिस्तान : पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। अन्य को घेराबंदी कर मौत के घाट उतार दिया।

# 3 भारतीयों की गिरफ्तारी पर ट्रूडो बोले कनाडा कानून के शासन वाला देश

## स्वतंत्र न्याय प्रणाली से सभी लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है कनाडा सरकार

टोरंटो, एजेंसी

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी फिर से शुरू हो गई है। कनाडा ने हाल ही में इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है, जहां मजबूत एवं स्वतंत्र न्याय प्रणाली है। बता दें, 18 जून 2023 में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपियों करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर प्रथम डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

ट्रूडो शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत का जश्न मनाने वाले एक समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने गिरफ्तारियों के बारे में कहा, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली के साथ-साथ अपने सभी नागरिकों की रक्षा के लिए एक मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून के शासन वाला देश है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि जैसा कि आरसीएमपी का कहना है कि जांच चल रही है। आगे भी जारी रहेगी।

साथ ही जांच कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हर कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने और कनाडा में भेदभाव और हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है। पिछले साल सितंबर में खालिस्तान अलगाववादी 45 वर्षीय निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

हालांकि, भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। कहा था कि ये टिप्पणियां कनाडा में अलगाववाद, चरमपंथ और हिंसा की दी गई राजनीतिक जगह को दिखाती है।



### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है संबंध

कनाडा पुलिस के अनुसार इन तीनों का संबंध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है। करण बराड़ लगभग साढ़े चार साल पहले 12वीं की पढ़ाई करने के बाद स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है। 18 अप्रैल को ही उसके पिता मनदीप सिंह बराड़ की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उसकी माता रमनदीप बराड़ लगभग डेढ़ साल पहले सिंगापुर चली गई थी। करण बराड़ अपने पिता की मौत पर भी नहीं आया था। अब घर में सिर्फ उसके दादा बलवीर सिंह बराड़ हैं। बलवीर सिंह बराड़ ने बताया था कि यहां पर उनका पोता बहुत ही शरीफ और समझदार था। वहां जाकर क्या हुआ क्या नहीं इसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता। बता दें, ने तीन लोगों गिरफ्तारी को लेकर भारत ने कनाडा के आरोप आधारहीन बता कर खारिज कर दिया है। इससे पहले भारत लगातार बेबुनियाद आरोपों को खारिज करता रहा है।

# स्कूलों में एसी का शुल्क भरेंगे परिजन

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, कहा-वित्तीय बोझ अकेले स्कूलों पर नहीं डाला जा सकता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्कूल में वातानुकूलन (एयर कंडीशनिंग) का खर्च माता-पिता को वहन करना होगा, क्योंकि यह छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में वातानुकूलन के लिए प्रतिमाह 2 हजार रुपये वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी। पीठ ने दो मई को पारित अपने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखना चाहिए। याचिकाकर्ता का बच्चा एक निजी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि छात्रों को वातानुकूलन सुविधा प्रदान करने का दायित्व प्रबंधन का है, इसलिए प्रबंधन द्वारा इसे अपने स्वयं के संसाधनों से प्रदान किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि फीस रसीद में एयर कंडीशनिंग का शुल्क विधिवत दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्कूल द्वारा ली जाने वाली फीस में कोई अनियमितता नहीं है। याचिकाकर्ता मनीष गोयल स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता था, उनके अनुसार छात्रों को एयर कंडीशनिंग सुविधा प्रदान करने का दायित्व स्कूल प्रबंधन पर है और उक्त सुविधा छात्रों को स्कूल के स्वयं के धन और संसाधनों से प्रदान की जानी चाहिए। बता दें कि, अधिकारी संबंधित मुद्दे की जांच कर रहे हैं और प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट को बताया गया कि महाराजा अग्रसेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### युद्धविराम पर इजराइल का रुख सकारात्मक

**तेल अवीव।** स्थायी युद्धविराम पर इजराइल के समझौते का रुख दिखाने से गाजा में शांति की संभावना पैदा हुई है। मिस्त्र की राजधानी काहिरा में चल रही वार्ता में शनिवार को इजराइली अधिकारियों के रुख से ऐसा प्रतीत हुआ। गाजा में 128 इजरायली नागरिकों को बंधक बनाए हमास की गाजा में स्थायी युद्धविराम की ही मुख्य मांग है। अमेरिका के असहमति जताने और बंधकों की रिहाई के लिए इजराइल में लगातार तेज हो रही मांग से स्थायी युद्धविराम की राह बनी है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 6 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर आज सुबह हुए सड़क हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई और दो बच्चे घायल हो गए। कार सवार रणथंभौर गणेश मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। सुबह आठ बजे बौंली थाना क्षेत्र में बनास पुल के पास हुआ यह भीषण हादसा हुआ। कार में सीकर का एक परिवार था जो गणेश जी के दर्शन करने रणथंभौर जा रहा था। इस दौरान दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे कार हादसे का शिकार हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और शव को पोस्टमार्टम के मोर्चरी भेजा। थाना अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि मृतकों में अनीता पति मनीष शर्मा, संतोष पत्नी कैलाश शर्मा, कैलाश पुत्र रामअवतार शर्मा, पूनम पत्नी सतीश शर्मा, मनीष पुत्र रामअवतार शर्मा और सतीश शर्मा शामिल हैं। मृतकों के नाम की आधिकारिक पुष्टि परिजनों के पहुंचने के बाद ही हो सकेगी। हादसे में घायल दो बच्चों को जयपुर रेफर कर दिया गया है।

### विरोध प्रदर्शन



**अहमदाबाद :** गुजरात में केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला के बयान के खिलाफ क्षत्रिय समाज का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। रविवार को अहमदाबाद में राजपूत समाज ने धर्मरथ यात्रा निकालकर बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। सवा महीने से क्षत्रिय समाज का विरोध प्रदर्शन जारी है। क्षत्रिय समाज राजकोट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की राजा-रजवाड़ों और महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी से खफा है। इससे पहले शिनवार को जामनगर और जूनागढ़ में अस्मिता महासम्मेलन कर क्षत्रिय समाज ने कहा कि झुकने का सवाल ही नहीं है। साथ ही भाजपा के खिलाफ मतदान करने की अपील भी की गई। ● एजेंसी

## भारत वैश्विक क्लिनिकल ट्रायल का ठिकाना बना

**वाशिंगटन।** हार्वर्ड विवि की स्कॉलर और भारतीय ब्यूरोक्रेट ने कहा है कि भारत वैश्विक क्लिनिकल ट्रायल का ठिकाना बन गया है। भारत के फार्मा उद्योग को देश के अंदरुनी संसाधनों को प्राथमिकता में रखना चाहिए। बोस्टन में बायो-फार्मा समिट को संबोधित करते हुए डॉ. मृणालिनी दर्शवाल ने कहा, भारत ने नियामक ढांचे को व्यवस्थित किया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्लिनिकल प्रैक्टिस के हिसाब से खुद को तैयार किया है।

आईएएस अधिकारी और हार्वर्ड से पीएचडी कर रही डॉ. दर्शवाल ने कहा, यह गैर-लोकतांत्रिक सरकारों के तहत काम करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत है। इन देशों में भू-राजनीतिक दबाव के चलते दीर्घकालीन जोखिम अधिक होने से फार्मा कंपनियां क्लिनिकल ट्रायल के लिए विभिन्न देशों की ओर देख रही हैं।

# दबाव में सत्तारूढ़ दल, सुनक बोले- पार्टी कड़ी मेहनत करेगी

लंदन, एजेंसी

- स्थानीय चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद ब्रिटने की पीएम सुनक बोले-परिणाम निराशाजनक



ब्रिटेन के स्थानीय चुनाव में इस साल सत्तारूढ़ दल का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। नतीजों के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने वादा करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह और कड़ी मेहनत करेंगे। चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेताओं को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। यहां तक कि पार्टी के हाथ से वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र का मेयर पद भी निकल गया, जिसे कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ कहा जाता था।

इन चुनाव नतीजों को 40 साल में कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिडलैंड्स के लोकप्रिय मेयर एंडी स्ट्रीट पुनर्मतगणना में लेबर नेता रिचर्ड पार्कर से मात्र 1508 वोटों से हार गए। हालांकि, पार्टी को बेन हाउचेन के टीज वैली से मेयर पद जीतने से थोड़ी राहत जरूर मिली है।

वेस्ट मिडलैंड्स के परिणामों पर सुनक ने कहा कि क्षेत्र में सर्वोत्तम सेवाएं और निवेश आकर्षित करने के ट्रैक रिकॉर्ड के बाद भी स्ट्रीट का हारना निराशाजनक है।

## ब्राजील में बाढ़-बारिश से भारी तबाही, 57 की मौत, 67 लापता

**ब्राजिलिया।** ब्राजील में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची हुई है। इसका सबसे ज्यादा कहर दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में देखने को मिल रहा है। भारी बारिश के कारण कई जगहों की सड़कें बुरी तरह से धस गई है। हजारों लोगों को बाढ़ के कारण अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

ब्राजील में इस हफ्ते की बारिश से लगभग 57 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 67 लोग लापता है। रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है। नागरिक सुरक्षा द्वारा शनिवार को साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विनाशकारी बाढ़ ने 281 नगर पालिकाओं को प्रभावित किया है और कम से कम 74 लोग घायल हो गए हैं।

**अध्ययन** 5 वर्षों में डेढ़ गुना बढ़ी महिलाओं की संख्या, बेहतर भविष्य को लेकर उठा रहीं कदम

# करिअर बनाने की धुन में महिलाएं करा रहीं एग फ्रीज

वाशिंगटन, एजेंसी

दुनियाभर में देर से मां बनने के लिए एग फ्रीज करवाने वाली महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। अमेरिका में तो ऐसे महिलाओं की संख्या में बीते 5 वर्षों में डेढ़ गुना की वृद्धि हुई है। अब तक माना जा रहा था कि वे अपना करिअर बनाने की धुन में यह कदम उठा रही हैं।

हालांकि, शोध में सामने आया है कि काबिल पति की तलाश में वे ऐसा कर रही हैं। अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी में मेडिकल एंथ्रोपोलोजी की प्रोफेसर मार्सिया इनहॉर्न बताती हैं, अब सिर्फ करियर वजह नहीं रही। ज्यादातर महिलाएं इसलिए एग फ्रीज करा रही हैं कि उन्हें ऐसे साथी नहीं मिल रहे हैं, जिनके साथ वे जिंदगी गुजारने का फैसला ले सकें। इसलिए शादियां देर से हो रही हैं।

दरअसल, महिलाएं हर मामले में पुरुषों से आगे निकल रही हैं। उनकी औसत सैलरी बढ़ी है। दुनिया के 60% देशों में उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रदर्शन पुरुषों से बेहतर है। ऐसे में कम शिक्षित पुरुषों से शादी करना बेमेल विवाह जैसी स्थिति पैदा करता है, जिससे आगे आपसी रिश्तों में दिक्कतें हो सकती हैं।

शोध में पाया गया है कि, 20 से 39 साल की शादी योग्य लाखों लड़कियों के लिए अमेरिका में कुछ ही कॉलेज ग्रेजुएट लड़के हैं। एग फ्रीज कराने के मामले बढ़ने की एक अहम वजह महिलाओं का तेजी से सशक्तीकरण भी है। एग फ्रीज कराना तमाम तकनीकी विकास होने के बावजूद बहुत सस्ता नहीं है।

इसमें 16 से 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। लेकिन महिलाएं स्वयं आर्थिक तौर पर इतनी सक्षम हो गई हैं कि वे इसका खर्च उठा पा रही हैं। दूसरी ओर, कई महिलाओं के लिए उनकी कंपनियां ही यह सुविधा दे रही हैं, ताकि वे लंबे समय तक काम कर सकें। शोध में पाया गया है कि, दुनियाभर की महिलाओं की शिक्षा में पुरुषों की तुलना में बेहतर हो गई है।

### दो दशक पहले 40 की उम्र में कराती थीं, अब 20 में ही



फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉक्टर निकोलो नोयस और एमी इव्याजेद्दा कहती हैं- दो दशकों में सोच बदली है। पहले एग फ्रीज कराने आने वाली महिलाएं फर्टिलिटी के आखिरी पड़ाव पर एग फ्रीजिंग के लिए आती थीं। उनकी उम्र 40 के आसपास हुआ करती थी। अब 20-25 की उम्र में ही महिलाएं एग फ्रीज कराने आ रही हैं। उन्होंने बताया है एक दशक से भी कम समय में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है।

## बॉलीवुड हलचल

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेंगी क्राइम व रोमांस की नई फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। मई की शुरुआत के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी कुछ धमाकेदार फिल्मों और वेब सीरीज ने दस्तक दी है। हॉरर से लेकर एक्शन और ड्रामा जॉनर तक की फिल्में ओटीटी के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर ऑडियंस का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अप्रैल महीने में रिलीज हुईं फिल्मों से बॉक्स ऑफिस सूखा ही पड़ा रहा। हिंदी भाषा में रिलीज हुई किसी भी फिल्म ने उम्मीद के अनुसार कलेक्शन नहीं किया। मगर बॉक्स ऑफिस पर पड़े अकाल की भरपाई ओटीटी प्लेटफॉर्म जरूर करता है। मई के पहले हफ्ते में कई तरह के कंटेंट ने इस डिजिटल वर्ल्ड में दस्तक दी। अब इस महीने के दूसरे हफ्ते भी ओटीटी पर ढेर सारे ऐसे कंटेंट मौजूद होंगे, जिन्हें आप कभी भी देख सकते हैं। जानकी समसारा' कन्नड़ भाषी सीरीज है। यह कहानी ज्वाइंट फैमिली में रहने वाले कपल जानकी और राघव की है। ऑल ऑफ अस स्ट्रेंजर्स' ब्रिटिश फैंटेसी फिल्म है। यह कहानी उस व्यक्ति की है, जिसका अपने रहस्यमयी पड़ोसी के साथ रिलेशन बनता है। द फाइनल अटैक ऑन वेम्ब्ले, यह सीरीज फुटबॉल मैच पर आधारित है।



## 24 को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी 24 मई को रिली होगी। फिल्म भैया जी का टीजर हाल ही में रिलीज किया है। वीडियो क्लिप में मनोज बाजपेयी को एक्शन अवतार में दिखाया गया है। उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो बदला लेना चाहता है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा सुविंदर विक्की, जतिन गोस्वामी, विपिन शर्मा और जोया हुसैन प्रमुख भूमिका निभा हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का अनाउंस किया है। मेकर्स ने बताया है कि मनोज बाजपेयी स्टारर भैया जी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मनोज बाजपेयी ने अपने एक्स हैंडल पर फिल्म भैया जी मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें लिखा है, आ रहा है रॉबिन हुड का बाप! मिलिए भैया जी से, 24 मई से आपकी नजदीकी सिनेमा-घरों में, वायरल टीजर में, मनोज बाजपेयी का किरदार घायल दिखाई दे रहा है। वह बीड़ी पीते हुए नजर आ रहे हैं।

